राष्ट्रीय दैनिक


# प्रातःकिरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 100 वें टेस्ट पर भारतीय खिलाड़ियों ने...

प्रकाश आंबेडकर ने महा विकास... 12

वर्ष : 11 | अंक : 295 | पटना, शुक्रवार, 08 मार्च, 2024 | विक्रम संवत 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 24°C
न्यूनतम तापमान 22°C

**बाजार**

सोना 66,865
चांदी 78,500
सेंसेक्स 74,119
निफ्टी 22,493

# प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में 5,000 करोड़ रुपये की कई योजनाओं का किया उद्घाटन

## अनुच्छेद 370 हटने के बाद विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है जम्मू-कश्मीर : मोदी

- बोलें- जम्मू कश्मीर केवल एक क्षेत्र नहीं, भारत का मस्तक है

प्रात : किरण

श्रीनगर/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। प्रधानमंत्री गुरूवार को जम्मू-कश्मीर में 5,000 करोड़ रुपये की कई योजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में विकसित भारत विकसित जम्मू कश्मीर कार्यक्रम में भाग लिया जहां उन्होंने कृषि और पर्यटन से संबंधित कई परियोजनाओं की घोषणा की। मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर अनुच्छेद 370 पर न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को बल्कि पूरे देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने आगामी रमजान के पवित्र महीने और महाशिवरात्रि के पर्व के लिए अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

महाशिवरात्रि शुक्रवार को है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में एक जनसभा में मोदी ने कहा, जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा



है क्योंकि वह खुलकर सांस ले रहा है। उन्होंने कहा, ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। इस नए जम्मू कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा पांच अगस्त 2019 को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद से प्रधानमंत्री की कश्मीर की यह पहली यात्रा है। कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद मोदी ने कहा कि वह श्रीनगर के लोगों के बीच आकर प्रफुल्लित हैं। उन्होंने कहा, आज जो विकास परियोजनाएं समर्पित की जा रही हैं, उनसे जम्मू-कश्मीर के विकास को बल मिलेगा। एक विकसित जम्मू-कश्मीर विकसित भारत की प्राथमिकता है। जम्मू-कश्मीर को देश का मुकुट बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता पर्यटन संभावनाओं और किसानों के सशक्तीकरण से निकलेगा। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर केवल एक क्षेत्र नहीं है। जम्मू कश्मीर भारत का मस्तक है। और ऊंचा उठा मस्तक ही विकास और सम्मान का प्रतीक होता है। इसलिए विकसित जम्मू कश्मीर, विकसित भारत की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, विकास की शक्ति, पर्यटन की संभावनाएं, किसानों का सामर्थ्य और जम्मू-कश्मीर के युवाओं का नेतृत्व विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता यहीं से निकलेगा। प्रधानमंत्री ने जनता से मिले प्यार के लिए उनका आभार जताया और और कहा कि वह इस कर्ज को चुकाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, साल 2014 के बाद मैं जब भी आया, मैंने यही कहा कि मैं ये मेहनत आपका दिल जीतने के लिए कर रहा हूं। और मैं दिनों-दिन देख रहा हूं कि आपका दिल जीतने की सही दिशा में मैं जा रहा हूं।

## पीएम ने बिहार पर्यटन की योजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

### पर्यटन स्थलों के विकास में जुटी हुई है राज्य एवं केंद्र सरकार : प्रेम

प्रात : किरण

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बिहार पर्यटन की पांच योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास श्रीनगर से वर्चुअल माध्यम में किया। इन योजनाओं में सुल्तानगंज से बाबाधाम के रास्ते में कांवरियों की सुविधा हेतु विकास योजनाएं, मंदार और अंग परिपथ की योजनाओं, जैन सर्किट में वैशाली और गांधी सर्किट में भितिहरवा आश्रम की विकास योजनाओं का उद्घाटन के साथ सारण जिलान्तर्गत आमी मंदिर परिसर के विकास हेतु भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय द्वारा प्रथम चरण में प्रसाद योजना का शिलान्यास शामिल है। सभी पांचों स्थानों पर समारोहपूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, आम नागरिक और पर्यटन विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान वैशाली में पर्यटन मंत्री बिहार डॉ प्रेम कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवससर पर पर्यटन मंत्री ने कहा कि बिहार के पर्यटकों व तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए संरचनात्मक विकास के उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में देश-दुनिया से बिहार आने वाले पर्यटकों को काफी सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों मिलकर बिहार



के पर्यटन स्थलों के विकास का कार्य कर रही है। राज्य सरकार की पहल का परिणाम है कि आज पर्यटकों की संख्या काफी बढ़ी है। 2023 में 8.21 करोड़ पर्यटक बिहार आए जो 2022 से दो करोड़ अधिक रहे। वैशाली में अतिथियों का स्वागत बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक नंदकिशोर व संचालन उपनिदेशक प्रदीप कुमार गुप्ता ने किया। इस मौके पर स्थानीय जिला प्रशासन व पर्यटन विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

**योजनाओं का हुआ लोकार्पण व शिलान्यासः** – बाबाधाम जानेवाले कांवरियों को कोई कष्ट नहीं हो, इसके लिए सुल्तानगंज से बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर देवघर के रास्ते में श्रद्धालुओं को समुचित सुविधा एवं सहुलियत प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन स्कीम 1.0 के अंतर्गत 41.31 करोड़ रुपये से कांवरिया परिपथ के विकास कार्य अंतर्गत श्रद्धालुओं के बैठने के लिए विभिन्न जगहो पर बेंच, विश्राम के लिए रेन शेल्टर, पर्यटक सुविधा केंद्र, कैफेटेरिया, शौचालय, प्याउ आदि का निर्माण कराया गया है। - मंदार और अंग परिपथ पर 40.42 करोड़ रुपये से विकास कार्य संपन्न हुआ है। बांका जिले के मंदार पहाड़ी की तलहटी में आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज का निर्माण किया गया है। - जैन सर्किट में शामिल वैशाली में पर्यटको को मार्गीय सुविधा प्रदान करने हेतु स्वदेश दर्शन के तहत कार्य किया गया है। - स्वदेश दर्शन अन्तर्गत गाँधी परिपथ का विकास कार्य 16.37 करोड़ रुपये से कराया गया है। इसमें भितिहरवा आश्रम में चहारदिवारी, थीमेटिक गेट, प्रदर्शनी हॉल, जनसुविधा, कैफेटेरिया, चरखा, वाटर फाउन्टेन, ड्रिकिंग वाटर कियोस्क, सिवरेज ट्रीटमेंन्ट प्लान्ट, सोलर पावर सिस्टम, पार्किंग, पाथवे, स्थल विकास, बाह्य प्रकाश व्यवस्था की सुविधा दी गयी है। - सारण जिलान्तर्गत आमी मंदिर परिसर के विकास हेतु भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय द्वारा प्रथम चरण में प्रसाद योजना अन्तर्गत कुल 12.26 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त है।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने महाशिवरात्रि पर्व की दी बधाई

पटना। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महाशिवरात्रि के अवसर पर बिहारवासियों व देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी है। राज्यपाल ने कहा है कि महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है। महाशिवरात्रि की रात में जागकर जप और ध्यानादि करने का विशेष महत्व है। यह त्योहार हमें भक्ति और साधना से अन्तर को ऊर्जान्वित कर शिव संकल्प लेने का संदेश देता है। राज्यपाल ने महाशिवरात्रि के पर्व को पूर्ण भक्ति भाव और विश्व कल्याण की भावना के साथ सोल्लास मनाने की अपील की है। राज्यपाल ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। राज्यपाल ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य एवं देश की महिलाओं को शुभकामनाएँ दी। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा है कि महाशिवरात्रि पर्व में लोग पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ भगवान शिव की उपासना करते हैं। इस पर्व की अपनी अलग महत्ता एवं विशिष्टता है। यह पर्व हमारी संस्कृति को और मजबूत बनाता है। मुख्यमंत्री ने लोगों से आह्वान किया कि वे आपसी प्रेम, पारस्परिक सौहार्द्र एवं सामाजिक सद्भाव के साथ महाशिवरात्रि का पर्व मनायें। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि यह पर्व समस्त प्रदेशवासियों के लिए सुख, शान्ति और समृद्धि लेकर आयेगा।

### विप सभापति ने धन्यवाद प्रस्ताव का संदेश राज्यपाल को किया समर्पित

पटना। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से बिहार विधान परिषद् के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर ने राजभवन आकर मुलाकात की तथा उन्होंने बिहार विधान मंडल के संयुक्त अधिवेशन में 12 फरवरी को हुए राज्यपाल के अभिभाषण पर बिहार विधान परिषद् में सर्वसम्मति से अभिगृहीत धन्यवाद प्रस्ताव का संदेश समर्पित किया और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

### झारखंड में अगले चार महीने में विभिन्न विभागों में 30 हजार लोगों की भर्ती की जाएगी

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले चार महीने में विभिन्न सरकारी विभागों में 30 हजार से अधिक लोगों को भर्ती किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यहां शहीद मैदान में एक समारोह में यह बात कही, जहां 2,454 लोगों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

## महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर सरकार निरंतर प्रयत्नशील : नीतीश

- राज्यपाल व सीएम ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को दी बधाई

प्रात : किरण

पटना। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश एवं देश की महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुये कहा कि महिलायें समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। किसी भी राज्य या देश के विकास में महिलाओं का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। वे प्रतिभा के बलबूते विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर राज्य सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री बालिका पोषाक योजना, मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, जीविका, सभी सरकारी सेवाओं में 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ, पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकाय के चुनावों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ सहित कई अन्य योजनायें चलायी जा रही हैं, जिससे आज महिलायें आत्मविश्वास के साथ प्रदेश की तरक्की में अपना महत्वपूर्ण योगदान



दे रही हैं। राज्य में शराबबंदी से महिलायें अत्यधिक खुश हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज हम सभी को संकल्प लेना चाहिये कि सम्पूर्ण नारी जाति के उत्तरोत्तर विकास के प्रति सदैव प्रयत्नशील रहें ताकि उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक विकास के साथ एक सुरक्षित और बेहतर माहौल मिल सके। वहीं, राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि भारतीय संस्कृति और परम्पराओं में महिलाओं को सदैव समुचित सम्मान प्राप्त रहा है। उन्होंने कहा है कि महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अनगिनत उपलब्धियां हासिल की हैं और हमें उनपर गर्व है। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समानता हेतु विभिन्न योजनाएँ एवं कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। हम सबका दायित्व है कि महिलाओं के उत्थान के लिए हम सदैव प्रयत्नशील रहें।

## चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई के खिलाफ अवमानना याचिका

- याचिका पर शीघ्र की जाएगी सुनवाई : सुप्रीम कोर्ट

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि चुनावी बॉन्ड संबंधी सभी विवरण छह मार्च तक चुनाव आयोग के पास नहीं जमा कराने पर भारतीय स्टेट बैंक के खिलाफ दायर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की अवमानना याचिका पर शीघ्र सुनवाई की जायेगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण की गुहार पर याचिका को शीघ्र सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। श्री भूषण ने विशेष उल्लेख के दौरान पीठ के समक्ष दलील देते हुए शीर्ष अदालत के आदेश की अवमानना याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने की गुहार लगाई थी। एडीआर ने अपनी याचिका में एसबीआई पर जानबूझकर जानकारी साझा नहीं करने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को अपने फैसले में राजनीतिक दलों को चंदा देने की इस योजना (चुनावी बॉन्ड) को अपारदर्शी और असंवैधानिक करार देते हुए इसे रद्द कर दिया था। संविधान पीठ ने अपने फैसले में चुनावी बॉन्ड प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों समेत अन्य संबंधित सभी विवरण (एसबीआई बॉन्ड से संबंधित) छह मार्च 2024 तक चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश एसबीआई को दिया था। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने एसबीआई से प्राप्त उन जानकारियों को चुनाव आयोग की वेबसाइट पर डालने का भी निर्देश दिया था। इस बीच एडीआर की याचिका से पहले एसबीआई ने कुछ व्यावहारिक कठिनाइयों का हवाला देते हुए उच्चतम न्यायालय के समक्ष एक आवेदन देकर गुहार लगाई थी कि उसे 12 अप्रैल 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉन्ड का विवरण सार्वजनिक करने के लिए 30 जून 2024 तक समय दिया जाए। चुनावी बॉन्ड बेचने वाले बैंक एसबीआई ने डिकोडिंग अभ्यास और शीर्ष अदालत द्वारा इसके लिए तय की गई समयसीमा के साथ कुछ व्यावहारिक कठिनाइयों का हवाला देते हुए समय सीमा बढ़ाने की गुहार लगाई थी।

### कांग्रेस का आरोपः न्यू इंडिया में चल रहा है लुका-छिपी का खेल

नई दिल्ली। कांग्रेस ने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा चुनावी बॉण्ड का ब्यौरा देने के लिए उच्चतम न्यायालय से और समय की मांग किए जाने को लेकर बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि न्यू इंडिया में लुका-छिपी का खेल चल रहा है जिसमें देश ढूंढ़ रहा है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छिपा रहे हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि न खाऊंगा, न खाने दूंगा की बात करने वाले प्रधानमंत्री अब ना बताऊंगा, ना दिखाऊंगा पर अड़े हुए हैं। एसबीआई ने चार मार्च को शीर्ष अदालत से अनुरोध किया था कि चुनावी बॉण्ड का ब्योरा देने के लिए समय 30 जून तक बढ़ाया जाए। शीर्ष अदालत ने पिछले महीने अपने एक फैसले में एसबीआई को इस संबंध में विवरण छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को देने का निर्देश दिया था। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, न्यू इंडिया में हाइड एंड सीक (लुका-छिपी) का खेल : देश ढूंढ़ रहा है, मोदी छिपा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एसबीआई की प्रधानमंत्री चंदा छिपाओ योजना झूठ पर आधारित है। कांग्रेस नेता का कहना है, उच्चतम न्यायालय ने एसबीआई से तीन सप्ताह के भीतर चुनावी बॉण्ड देने वालों और प्राप्त करने वालों का विवरण उपलब्ध कराने को कहा था।

बिहार सरकार

''अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस''

8 मार्च 2024

संदेश

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य की महिलाओं को मैं हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। आज का दिन महिलाओं से जुड़े मुद्दों को रेखांकित करने तथा उनके प्रति सम्मान प्रदर्शित करने का है। बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, क्षमतावर्द्धन, सुरक्षित वातावरण आदि के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है एवं इसके सकारात्मक परिणाम भी परिलक्षित हो रहे हैं।

समाज कल्याण विभाग महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तीकरण के लिए सतत् प्रयत्नशील है। राज्य सरकार मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक सशक्तीकरण के उद्देश्य से अल्पावास गृह, रक्षा गृह, कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास, कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए पालना घर, सामाजिक पुनर्वास कोष, महिला विशेष कोषांग, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम, दहेज एवं बाल उन्मूलन अभियान, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, मानव व्यापार, कन्या भ्रूण हत्या, महिला अधिकारों एवं विभिन्न सामाजिक बुराईयों के उन्मूलन और महिलाओं के कौशल विकास हेतु व्यापक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। समेकित बाल विकास योजना के द्वारा राज्य के महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण से बचाने हेतु कार्य किया जा रहा है।

समाज कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं के सम्पूर्ण जीवन चक्र को आधार मान कर योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जीवन के आरंभिक काल से आंगनबाड़ी से जुड़ी सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं तो मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना कन्या शिशुओं एवं किशोरियों को लक्षित कर संचालित की जा रही हैं। एक ओर असहाय महिलाओं को सहयोग प्रदान करने हेतु पेंशन योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, तो दूसरी ओर शारीरिक रूप से अक्षम महिलाओं के लिए भी कई योजनाएँ संचालित हैं। विभाग का दृष्टिकोण लैंगिक समानता प्राप्त करना और सभी संरचनात्मक एवं संस्थागत बाधाओं को दूर कर एक न्यायसंगत पूर्वाग्रह मुक्त समाज का सृजन कर महिलाओं एवं किशोरियों को सशक्त बनाना है। महिलाओं की समानता के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने हेतु समाज की भागीदारी और सहयोग आवश्यक है।

आइये, आज हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि राज्य में महिला सशक्तीकरण हेतु किये जा रहे समेकित प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए एक सशक्त और समृद्ध बिहार का निर्माण करेंगे।

(श्रवण कुमार)
मंत्री,
समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार

PR No.- 019287 (SWD) D. 2023-24

**सुरक्षा** | भारत के युद्धपोत कोलकाता ने समुद्री डाकुओं को खदेड़कर चालक दल को बचाया

## दो विदेशी जहाजों पर समुद्री डाकुओं का ड्रोन से मिसाइल हमला

- लंबी दूरी के समुद्री टोही पी-8 आई विमानों के साथ नौसेना ने 10 युद्धपोत तैनात किए

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। अदन की खाड़ी में भारतीय नौसेना लगातार सक्रिय है लेकिन इसके बावजूद विदेशी व्यापारिक जहाजों पर समुद्री डाकुओं के हमले थम नहीं रहे हैं। पिछले दो दिनों के भीतर दो विदेशी जहाजों पर ड्रोन या मिसाइल से हमले किये गए हैं। शिपिंग लेन से जा रहे बारबाडोस और लाइबेरिया के ध्वज वाले जहाजों पर हमले के बाद भारतीय युद्धपोत आईएनएस कोलकाता ने तुरंत



प्रतिक्रिया देकर समुद्री डाकुओं को खदेड़कर चालक दल को बचाया है। अदन की खाड़ी में सोमालियाई समुद्री डकैतों की घटनाएं पिछले साल दिसंबर से शुरू हुई थीं। तब से दो दर्जन से अधिक वारदात हो चुकी हैं लेकिन समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोतों ने विदेशी जहाजों और उनके चालक दल को सुरक्षित बचाकर अरब सागर में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई है। इसी के साथ भारतीय नौसेना ने अदन की खाड़ी, लाल सागर और मध्य-उत्तरी अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों के साथ हुई घटनाओं को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी है। नौसेना ने लंबी दूरी के समुद्री टोही पी-8आई विमानों के साथ अपने 10 युद्धपोत तैनात किये हैं। इन सब के बावजूद 06 मार्च को अदन की खाड़ी से गुजर रहे बारबाडोस के ध्वज वाले बल्क कैरियर एमवी ट्रू कॉन्फिडेंस पर अदन से लगभग 55 नॉटिकल मील दक्षिण पश्चिम में एक ड्रोन के जरिये मिसाइल हमला किया गया। इसके बाद जहाज पर आग लग गई और चालक दल के कुछ सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे चालक दल को जहाज छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसी बीच समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात आईएनएस कोलकाता को सूचना मिली, जिस पर भारतीय युद्धपोत 04.45 बजे घटनास्थल पर पहुंचा। युद्धपोत ने अपने हेलीकॉप्टर और नौकाओं का उपयोग करके एक भारतीय नागरिक सहित 21 चालक दल के सदस्यों को लाइफ बेड़ा से बचाया। जहाज की चिकित्सा टीम ने घायल चालक दल को महत्वपूर्ण चिकित्सा सहायता दी। गंभीर रूप से घायल कर्मियों सहित बचाए गए दल को आईएनएस कोलकाता के जरिये अपराह्न जिबूती ले जाया गया है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 08 मार्च, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### मुख्य दरवाजा का ताला तोड़कर लाखों की चोरों ने चोरी की

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आरके पूरम इलाके में स्थित एक घर में अज्ञात चोरों मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ सवा लाख के जेवरात समेत 25 हजार रुपए नगद की चोरी कर डाली। चोरी की घटना के समय पीड़ित पास के एक शादी समारोह में गये थे। इस संबंध में पीड़ित भोला कुमार तिवारी ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत की है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पीड़ित भोला तिवारी ने बताया कि वह पूजा पाठ कराने का कार्य करते है। वह आरकेपूरम कॉलोनी स्थित एक किराये के मकान में रहते है। उनका पूरा परिवार गया स्थित अपने रिस्तेदार के गृह प्रवेश में गये हुए थे। वह घर में अकेले थे। बुधवार की रात वह कॉलोनी में एक शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए गये हुए थे। वह दो घंटे वापस घर लौटे तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। घर अंदर आलमिरा व अन्य बक्से का लॉक टूटा हुआ है और उसका सारा सामान कमरे में बिखरा पड़ा है। पीड़ित ने बताया कि आलमिरा में रखे सात थान सोने के जेवरात नदारत है। जिसकी कीमत करीब सवा लाख रुपए है। इसके अलावा चोरों ने करीब 25 हजार रुपए नगद की भी चोरी कर ली। वहीं उन्होने चोरी की घटना को दानापुर पुलिस को सूचित किया जो मौके पर पहुंच छानबीन में जुट गई है।

### आयुष्मान भारत कार्ड पीडीएस दुकानों पर नहीं बनने से जनता में आक्रोश

फतुहा। 6 मार्च को विशेष अभियान के तहत जन वितरण प्रणाली केन्द्र में निःशुल्क आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का विज्ञापन जोर-शोर से प्रचारित किया गया लेकिन खासकर शहर में कहीं भी जन वितरण प्रणाली केन्द्र में आयुष्मान भारत कार्ड बनाने की सूचना नहीं मिली। इस संबंध में वार्ड नंबर 27 के पार्षद अजीत कुमार उर्फ पप्पू चंद्रवंशी ने बताया कि वार्डों की जनता जन वितरण प्रणाली केन्द्र में आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने गए और वापस लौट कर मुझसे गुहार लगाया, जब मैं जन वितरण प्रणाली केन्द्र के दुकानों का निरीक्षण किया तो वहां पर आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का जो काम किया जाना चाहिए था वह नहीं हो रहा था। जिसके बारे में पूछने पर जगह का अभाव बताया गया। इसकी शिकायत को लेकर जब मैं खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय पहुंचा तो देखा कार्यालय में ताला लटका हुआ है। इसके बाद मैंने दूरभाष से संपर्क करने का प्रयास किया परन्तु उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

### सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत हजरत शहीद मोहम्मद अली इमाम हुसैन सिद्दीकी रहमतुल्ला अलौली का सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया सुबह में कुरान खानी चादर के बाद असर की नमाज के बाद चादरपोसी की गई सुबह से ही हजरत शाहिद मोहम्मद अली इमाम की मजार पर चादरपोशी कर दुआ मांगी वही मजार कमेटी की सदस्य मोहम्मद वसीम उर्फ सुक्कू बाबा सामाजिक कार्यकर्ता शहनवाज उर्फ रिंकू चंदू प्रिन्स मोहम्मद गोल्डन नसीम मोहम्मद मोहम्मद पिंटू ने बताया कि जो सच्चे मन से आते हैं उनके मुराद पूरी होती है हिंदू मुस्लिम एकता और भाईचारा की मिसल दिया है देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई उर्स के मौके पर मोहम्मद शादाब मोहम्मद गुड्डू मोहम्मद नसीम मोहम्मद लड्डू मोहम्मद शमशाद आकाश यादव ओम नंदन तिवारी परवेज आलम सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद हुए।

### डीईओ तीन विद्यालय को तोड़े जाने का आदेश लिया वापस

पटना सिटी। जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा तीन सरकारी विद्यालय प्राथमिक विद्यालय उदरहवांपुर, मध्य विद्यालय चौघडा और मध्य विद्यालय कसबा करीमाबाद के भवन को खाली करने, उसे ध्वस्त करने और तीनों को दूसरे स्कूल से टैग किए जाने का आदेश 19 फरवरी को ज्ञापांक 2168 निर्गत किया गया था। दरअसल मिसलेनियस 3714/2019 में अंजनी कुमार सिंह एवं अन्य बनाम बिहार सरकार सीडब्ल्यूजेसी नंबर 4978/2017 से उद्धृत है। इसमें पटना उच्च न्यायालय द्वारा 8 फरवरी, 24 को आदेश पारित किया गया था। उक्त जमीन को सुपुर्दगी करने का कार्य जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पटना श्याम नंदन को करने के लिए प्राधिकृत किया गया था। दरअसल थाना नंबर 19, खाता नंबर 627, खेसरा नंबर 1998, वार्ड नंबर पुराना 25 और नया 60, एमएस प्लॉट नंबर 1936, रकबा 13.10 डिसमिल है। टीएस नंबर 39/08 के द्वारा 12.11 एकड़ पर ही याचिकाकर्ता का टाइटल घोषित किया गया है। 12.11 एकड़ पर ही याचिकाकर्ता का टाइटल घोषित है। शेष 0.99 एकड़ सरकारी भूमि गैर मजरुआ आम भूमि है। प्रथम द्रष्टया सभी विद्यालय भवन उक्त सरकारी रकबा 0.99 एकड़ भूमि पर अवस्थित प्रतीत होता है। उक्त टाइटल सूट 39/08 अंजनी कुमार सिंह एवं अन्य बनाम बिहार सरकार में स्वत्ववादी के पक्ष में आदेश मिलने पर सरकार (पटना समाहर्ता) ने अपील दायर की है, जिसकी संख्या 04/2023 है।

# हम कोई पद वाला कुरसी पर बइठुं, रहबुआ आप सबके नंदूए

## अपनापन व प्यार बनाए रखना, दूरी बनाओगे तो मर जाएंगे हम

पटना सिटी (आनंद केसरी)

हम प्रदेश से लेकर देश में कोइयो पद पर, कोई कुर्सी पर बैठ जबुआ रहबुआ नंदूए। अभी जे विधानसभा अध्यक्ष के जे कुरसी मिललई हे, ई सब तोहनी सबके प्यार आऊ आशीर्वाद हई। तोहनी के बीच में कोई परिवर्तन न हमरा बीच न होतई। यह बात कहते हुए विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव भावुक हो गए। वे खाजेकलां सामुदायिक भवन परिसर में 27 योजनाओं का शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में भावुक होते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि जब वह पहली बार पटना पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए थे, तब उनके पिता पन्ना लाल यादव जी के लोग पैर छूते थे। पैर छूने वाले की संख्या बढ़ गई। यह हमारी सभ्यता और संस्कृति भी है कि बड़ों का हम



सब आदर करते हैं। इस पर पिताजी ने उनसे कहा, लगा हऊ कि तोरा भाव बढ़ गेलउ हे। चला कर सादा निभे बाप दादा। घर कोई भूखा आए तो खिलाना। अबतक विधायक से लेकर विधानसभा अध्यक्ष तक फर्क नहीं पड़ा है। वह आज भी पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए नंदू भैया, नंदू चाचा, नंदू दादा ही हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी भी अपने शक्ति का दुरुपयोग नहीं किया है। कभी किसी को तंग, परेशान नहीं किया।

29 साल विधायक, मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष को लगभग हो गया है। कभी कोई किसी के खिलाफ कार्रवाई उन्होंने नहीं किया है और न ही किसी को परेशान किया। वह पार्टी के दो बार प्रदेश अध्यक्ष रहे। सरकार बनी, तो मंत्री भी बना। आप सब विधानसभा क्षेत्र से चुन कर नहीं भेजते, तो न यह नंदू मंत्री बनता और न ही विधानसभा अध्यक्ष। यह सब सिर्फ पहले के पटना पूर्वी और आज का पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र की जनता को पूरा श्रेय जाता है। विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता का जो सम्मान है, उसे वह जरूर मिलता है। बाकी पार्टी में तो पहले से तय रहता है कि कौन क्या बनेगा। भाजपा में आज नड्डा जी राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। कल कौन होगा, यह किसी को नहीं पता है। कार्यकर्ता को किसी भी सीमा तक बढ़ाने की भाजपा में पूरी संभावना है। श्री यादव ने कहा कि वह अपने पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में नंदू के अलावा कुछ और लोगों को नहीं समझना चाहिए। भाई आप सब अपनापन बनाए रखना। गाहे-बगाहे कॉल कर हाल-चाल लेते-लेते रहना भाई। दूरी बनाओगे तो मर जाएंगे। खालीपन और सूनापन हमारे जीवन में आ जाएगा। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के बाहर वह विधायक भी हैं और विधानसभा अध्यक्ष भी हैं और पार्टी के सिपाही भी हैं।

# नंदकिशोर ने 3.5 करोड़ की 27 योजनाओं का किया शिलान्यास

## गायघाट-पटना घाट रोड दस दिन में हो सकता शुरू, दो पाया के बीच स्ट्रक्चर का काम बाकी

पटना सिटी, प्रात: किरण संवाददाता

लोकसभा के चुनाव की घोषणा चुनाव आयोग के द्वारा जल्द की जानी है। लंबे समय से विधायक फंड का रुपया रुका हुआ था। नतीजतन प्रयास के बाद यह जारी हुआ है। समय कम होने के कारण मोहल्ले-मोहल्ले घूम कर योजनाओं का शिलान्यास और काम शुरू करना संभव नहीं था। यही कारण है कि 27 योजनाओं का शिलान्यास साढ़े तीन करोड़ की राशि से किया जा रहा है। फिलहाल उनके पास अब भी 50 लाख रुपया बचा हुआ है। जहां जरूरत होगी, वहां काम कराया जाएगा। यह बात बिहार विधानसभा के अध्यक्ष और स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव ने खाजेकलां सामुदायिक भवन परिसर में इन सभी योजनाओं का शिलान्यास करते हुए गुरुवार को पूर्वाह्न में कहीं। विधायक श्री यादव ने कहा कि उनकी प्राथमिकता पटना साहिब का विकास है। इस क्षेत्र में कुछ नया प्रोजेक्ट भी शुरू होना है। संभवतः 10 दिनों के बाद लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू हो जाएगा। श्री यादव ने कहा कि अनेक प्रोजेक्ट पर काम भविष्य में पटना साहिब में होना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज का नौजवान जो नया वोटर बना है, उसे पता ही नहीं चल पाता है कि क्षेत्र में क्या काम हुआ है। दरअसल जब वे सत्ता में आए, तब विकास की गाड़ी तेजी से दौड़ना शुरू हुआ। वह बतौर विधायक विपक्ष में थे, तो केवल विधायक का कोष ही उनके पास था। मगर जब वह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने, तब वह विभिन्न विधान पार्षदों और राज्यसभा सांसदों का फंड लेकर क्षेत्र में विकास करने का काम किया था। 2006-07



में जो भी सड़क का निर्माण है, वह सब पूरा किया गया है। जहां काम कराने की जरूरत है, वहां के लिए आवेदन दें, वार्डवार हर काम होगा। कुछ काम तय किया है। श्री यादव ने जोर देकर कहा कि जहां कम, वहां हम। विकास के साथ काम करना है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ योजनाओं का शिलान्यास वह मोहल्ले या संबंधित वार्ड में जाकर भी करेंगे। श्री यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया है भजियों में रहते हुए वह प्रदेश पदाधिकारी बने हुए और विभाजित बिहार और विभाजित बिहार के दो बार प्रदेश अध्यक्ष रहे पार्टी में उन पर विश्वास किया वह पर्यटन पथ निर्माण स्वास्थ्य मंत्री के रूप में बिहार की जनता की सेवा की वह बिहार में एनडीए के संयोजक के रूप में भी काम किए। फिलहाल मध्य और उत्तर बिहार को जोड़ने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। महात्मा गांधी सेतु के स्ट्रक्चर को पूरी तरह से बदल कर उसे नया जीवन दिया गया है, तो उसी के सटे पश्चिम में फोरलेन का एक नया पुल का काम तेजी से चल रहा है। कच्ची दरगाह-बिदुपुर में सेतु बन रहा है। संभवतः एक साल में वह भी तैयार हो जाएगा। दीघा-सोनपुर के बीच एक पुल पहले से



चालू है, जबकि एक और पुल का निर्माण किए जाने की घोषणा की गई है। फिर बख्तियारपुर और उसके बाद मोकामा से भी उत्तरी बिहार को जोड़ने का काम किया जा रहा है।

**गायघाट-पटना घाट हो सकता शुरू:** विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि दीघा से गायघाट के बीच वाहन दोनों लेन पर दौड़ रहा है। अब गायघाट से पटना घाट के बीच केवल दो पाया के बीच स्ट्रक्चर को रखा जाना है। यह पाया 161 और 162 को मिलाना है। यहां पर काम चल रहा है। डायवर्सन भी किया गया है। काम को तेजी से करने की बात कही गई है। सब कुछ ठीक रहा, तो लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के पूर्व इस दूरी में यातायात चालू करने के लिए उद्घाटन किया जा सकता है। हालांकि थोड़ा बहुत जो काम बचा होगा, उसे ससमय पूरा कर लिया जाएगा। जैसा कि कलेक्ट्रेट-गायघाट के बीच हुआ था। उन्होंने कहा कि कंगन घाट में जमीन अधिग्रहण का काम जारी है। भद्रघाट से गायघाट एलिवेटेड रोड पर चढ़ने के लिए जाने के दौरान बीच में रास्ता थोड़ा संकरा है। वहां पर उच्च प्रवाही बोरिंग का काम चल रहा है इसके पूरा होने के साथ ही वह रास्ता भी चौड़ा कर दिया जाएगा। और अन्य भी प्रोजेक्ट है। गंगा किनारे रोड की भी एक समस्या है। दरअसल शहर से घाट की दूरी करीब आधा किलोमीटर है। अनेक घाट से गली का रास्ता बन जाए, इस पर भी वह काम कर रहे हैं। प्रोजेक्ट बनाने का काम चल रहा है। नगर निगम से यह काम कराया जाएगा। इस दौरान मंचासीन लोगों में महापौर श्रीमती सीता साहु, वार्ड पार्षद तरुणा राय, विनय कुमार बाला, अंजली राय, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य किरण शंकर, प्रो दिनेश पटेल व सुरेश सिंह पटेल मौजूद थे। इन सबों ने भी अपनी बातें रखीं। आयोजन में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, मीडिया प्रभारी प्रदीप काश, राजेश साह, संजीव यादव, पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा, स्मिता रानी, धर्मेंद्र प्र मुन्ना, विनीत कुशवाहा, राजेश राय, सरोज जायसवाल, मीना विश्वकर्मा, शशि बल्दिहार, हेमलता शर्मा, हरेंद्र चंद्रवंशी, संगीता चौरसिया, सुनीता गुप्ता, साधना राव, अजय सिंह, अविनाश पटेल, अजय मेहता, सत्यदेव पप्पू, शंकर चौधरी, संजीव पटवा, मो फिरोज, संजय गुप्ता, अर्शी अजीज, राकेश बबलू, राजेश प्रताप, शिव यादव, रंजीत पासवान, शंकर जायसवाल, अतुल कुमार आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन अमित सिंह ने किया।

**मंत्री के रूप में भाषण की किताब जल्द:** विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि उनकी एक पुस्तक बुलंद आवाज बाजार में आ चुकी है। अब उनकी एक दूसरी पुस्तक मंत्री के रूप में जो उन्होंने काम किया है और उस दौरान विधानसभा में उनके द्वारा दिए गए भाषण का उसमें संग्रह है। वह भी जल्द ही बाजार में आ जाएगा। इसका भी काम अंतिम चरण में है।

# निशान शोभायात्रा में भजनों की धुन पर थिरकते रहे श्याम भक्त

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। श्री श्याम सेवा प्रचार समिति के तत्वावधान में आयोजित 16वां श्री श्याम फाल्गुन निशान महोत्सव मनाया जा रहा है। आयोजन के दूसरे दिन गुरुवार को चौक स्थित सनातन धर्म सभा भवन से सुरक्षा व्यवस्था के बीच निशान शोभायात्रा निकाली गई। यह सिटी चौक सब्जी बाजार, झाऊगंज, हाजीगंज होते हुए श्री गुरु गोविंद सिंह पथ में समाप्त हुई। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण 101 रंग-बिरंगे निशान लिए महिला, पुरुष व बच्चे झूमते, नाचते व गाते श्याम बाबा की जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। आगे बैंड बाजा और पीछे सुसज्जित रथ पर बाबा का दरबार सजा था। रास्ते भर पुष्प वर्षा, अबीर और गुलाल उड़ रहा था। शोभायात्रा में भजनों का दौर डोरी खींच के राखिजे यों है बाबा को निशान, हाथों में निशान लेकर चलो खाटू धाम, दर्जी सील



दे निशान मन खाटू जाना से, तुम झोली भर लो भक्तों रंग और गुलाल से, होली खेलागा आपा बाबा श्याम से जैसे अनेक भजनों पर भक्त झूमते दिखे। जगह-जगह पेयजल, शरबत आदि से विभिन्न जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा को सफल बनाने में मुख्य संस्थापक संजय गोयनका, अध्यक्ष सुरेश सुल्तानिया, महासचिव श्रवण सुल्तानिया, प्रकाश खेतान, आत्म बागला, संजीव देवड़ा, सुशील झुनझुनवाला, राहुल चौधरी, प्रकाश मोदी, राजाराम शर्मा, नितिन डिडवानिया आदि सक्रिय थे। 12 मार्च को श्री श्याम भक्त निशान लेकर खाटू धाम के लिए प्रस्थान ट्रेन से प्रस्थान करेंगे।

# कैंसर से लड़ने के लिए समाज को जागरूक करने की जरूरत

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। कैंसर के कुप्रभाव से दुनिया भर को जागरूक करने के उद्देश्य से 7 मार्च को अंतराराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया गया। सवेरा कैंसर हॉस्पिटल परिसर में आने वाले मरीजों को मुफ्त कैंसर ओपीडी सेवा के साथ-साथ बेहतर स्क्रीनिंग के लिए मुफ्त एक्स रे एवं मेमोग्राफी, अल्ट्रासाउंड के साथ पैथोलॉजिकल सुविधाओं का लाभ दिया गया। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए संस्थान के निर्देशक डॉ. वीपी सिंह ने बताया कि इस दौरान लगभग 150 लोगों को मुफ्त परामर्शी सेवा, 100 एक्सरे, 30 अल्ट्रासाउंड एवं 40 लोगों की मेमोग्राफी की गई, जिससे उनको उचित इलाज संभव हो सके। डॉ. सिंह ने बताया कि कैंसर समाज के हर तबके तक अपनी जकड़ बना रहा है और



इससे लड़ने के लिए समाज को जागरूक करते रहने की जरूरत है। वहीं डॉ. अमृता राकेश ने कहा कि महिलाओ में सबसे अधिक ब्रैस्ट कैंसर हो रहा है एवं सर्वाइकल कैंसर मरीजो की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। महिलाओं को इसके प्रति जागरूक होने की जरूरत है।

शिविर में डॉ. आकाश सिंह, डॉ. विशाल, डॉ. आर के सक्सेना, डॉ. अनीता कुमारी, डॉ. अमृता राकेश, डॉ. नीता झा, डॉ. हिमांशु, डॉ. विवेक पाण्डेय, डॉ. शामिल्लाह, डॉ. सबीहा, डॉ. काशिफ तथा अन्य कई डॉक्टर्स ने अपना योगदान दिया।

# भारतीय संस्कृति वैश्विक धरोहर है : कुलपति

## भारतीय इतिहास, विरासत तथा संस्कृति विषय पर कार्यशाला आयोजित

पटना। रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय (आरकेडी) में गुरूवार को भारतीय इतिहास, विरासत तथा संस्कृति विषय पर संस्कृति मंत्रालय एवं आरकेडी के इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति आरके सिंह ने इतिहास एवं विरासत की प्रासंगिकता वर्तमान सक्षम आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में दशार्या और कहा कि भारतीय संस्कृति वैश्विक धरोहर है। इस प्रकार के कार्यशाला द्वारा युवाओं को प्रेरित कर ज्ञान परंपरा की समृद्धि एवं विश्व गुरु की अवधारणा के लिए एक बार पुनः अग्रसर होने हेतु मार्गदर्शित किया। वहीं मुख्य अतिथि एमएलसी प्रो. नवल किशोर यादव ने वर्तमान बिहार एवं शिक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई के सलाहकार प्रो. प्रदीप वर्मा ने विस्तार से बिहार एवं



भारतीय इतिहास एवं समृद्ध विरासत पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक भारत के निर्माण में इसकी प्रासंगिकता को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बिहार लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो. अरुण कुमार भगत ने अपने संबोधन में संस्कार, संस्कृति एवं विकृति को समझाते हुए अपने विचारों द्वारा मार्गदर्शित किया।

इसके पहले आयोजक संयोजक महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने सभी आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला का विषय प्रवेश कराया। इस क्रम में वर्तमान समाज एवं राष्ट्र की सभ्यता से इतिहास की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इतिहास पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय के शिक्षा दर्शन एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक अखंड राष्ट्र की अवधारणा एवं एक राष्ट्र, एक विधान एवं एक निशान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्टेट नॉडल ऑफिसर डॉ. रश्मि कुमारी के अलावा आरकेडी के शिक्षक, छात्र एवं छात्राओं की उपस्थिति रही। मंच संचालन डॉ मुकेश कुमार एवं डॉ. भावना सिहं ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. रामाकांत शर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीपीयू के प्रो. राजीव रंजन, प्रो. निखिल कुमार सिंह, प्रो. योगेंद्र कुमार, डॉ. धीरेंद्र उपाध्याय, डॉ. (ले.) आशिष कुमार, डॉ. ब्रजेश राय, डॉ. प्रधान दूर्गा शंकर प्रसाद, डॉ. रविरंजन प्रसाद, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. सरिता कुमारी, डॉ. जया, डॉ. निधि, एनएसएस के छात्र-छात्राएं भी कार्यशाला में उपस्थित रहकर अपना योगदान दिया तथा प्रतिभागी सौ शोध पत्र को कुलपति के द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया।

# सज गया शिवालय, अल सुबह से जलार्पण व रुद्राभिषेक शुरू

## शिव बारात में बनारस का अघोरी दल, वृंदावन का राधे-कृष्ण नृत्य आदि आकर्षण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

महाशिवरात्रि महोत्सव समिति की ओर से शुक्रवार को मालसलामी के सिमली स्थित छोटी मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसका आकर्षण बनारस का अघोरी दल भगवान शिव को मानते हुए का दृश्य, वृंदावन का राधे कृष्ण नृत्य, शिवलिंग की पूजा आदि है। गायघाट स्थित प्राचीन श्री गौरी शंकर मंदिर में शिवरात्रि की पूजा रुद्राभिषेक और शिव पार्वती विवाह की तैयारी पूरी कर ली गई है।

अन्य शिवालयों को भी सजाने व संवारने का काम लगभग हो चुका है। महाशिवरात्रि महोत्सव शोभायात्रा समिति द्वारा शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शोभायात्रा की तैयारी पूरी कर ली गई है। सिमली स्थित प्राचीन शिव मंदिर से बिहार विधानसभा अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव द्वारा पूजा व आरती कर शुभारंभ होगा। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साह,



महामंत्री जयकृष्ण प्रसाद चंद्रवंशी, शाह कमल कृष्ण, उपाध्यक्ष दिलीप चौधरी, हरेंद्र यादव, सुरेश सिंह पटेल, राजू चंद्रवंशी, धीरेंद्र सिंह, लल्लू शर्मा, उदय यादव, मनोज वर्मा व संयोजक राजेश साह ने बताया कि बनारस का अघोरी दल भगवान शिव को मानते विहंगम दृश्य, वृंदावन का राधे-कृष्ण का नृत्य एवं शिवलिंग का पूजा करते हनुमान जी सहित धार्मिक पौराणिक झांकियां आकर्षण का केंद्र होगा। समिति द्वारा महाशिवरात्रि पर 1999 में शोभायात्रा निकालना शुरू किया गया। यह शोभा यात्रा सिमली से निकल कर अशोक राजपथ के मुख्य मार्ग होते हुए गायघाट श्री गौरी शंकर मंदिर तक जाएगा। संयोजक राजेश साह ने बताया कि शोभायात्रा में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद रविशंकर प्रसाद, पूर्व मंत्री नितिन नवीन, विधायक अरुण सिन्हा, पटना की महापौर सीता साहू, उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी, क्षेत्र के वार्ड पार्षद सहित राज्य के नेतागण एवं समाज के प्रबुद्ध लोग हजारों की संख्या में शामिल होंगे। इधर श्री गौरी शंकर मंदिर न्यास समिति के सचिव विश्वनाथ चौधरी, उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष दिलीप गुप्ता, विनय केसरी अवधेश कुमार व संजय कुमार ने बताया कि महाशिवरात्रि वाले दिन शुक्रवार को अल सुबह चार बजे से लेकर दूसरे दिन सुबह चार बजे तक सात पहर में रुद्राभिषेक किया जाएगा। इसमें सौ लोग सात बार में बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर सकेंगे। इस दौरान सुबह से ही आम श्रद्धालुओं के द्वारा जलार्पण कर पूजा-अर्चना किया जाएगा। शुक्रवार को ही 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू होगा। देर रात दो बजे से अल सुबह चार बजे के बीच बाबा भोलेनाथ और मां गौरा पार्वती के विवाह का रस्म पूरा किया जाएगा। दूसरे दिन शनिवार को सायं आरती के बाद बाबा का भंडारा प्रसाद शुरू होगा। श्री बड़ी पटनेदवी, श्री छोटी पटनदेवी में रुद्राभिषेक व विवाह उत्सव होगा। तारणी प्रसाद लेन स्थित बाबा मुक्तेश्वरनाथ मंदिर में अखंड कीर्तन, चैली टाल के माल्य महादेव, सादिकपुर के बाबा पटनेश्वर नाथ, खाजेकलां थाना परिसर के बाबा थानेश्वरनाथ, झाऊगंज के पीतल के महादेव जी, तिलकेश्वरनाथ मंदिर, मंदिर गली स्थित प्राचीन शिव मंदिर, छोटी मंदिर सिमली, अलखिया बाबा शिव मंदिर, गायघाट करनालगंज स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर, गायघाट के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, ट्रांसपोर्ट नगर स्थित ओंकारधाम मंदिर आदि मैं पूजा अर्चना के बाद शाम में बाबा का भाव श्रृंगार किया जाएगा विवाह रस्म भी विधानपूर्वक किया जाएगा।

# डीएम से हुई बातचीत में स्कूल भवन नहीं टूटने का मिला आश्वासन

## सरकारी स्कूलों को तोड़ने के खिलाफ किया गया था प्रदर्शन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शिक्षा विभाग द्वारा ही तीन सरकारी स्कूलों के भवन को खाली करा कर उसे ध्वस्त करने और उन स्कूलों को दूसरे स्कूल के साथ टैग किए जाने के शिक्षा विरोधी फैसले के खिलाफ लोगों का आंदोलन जारी था। इसी कड़ी में गुरुवार को विद्यालय, अस्पताल, गैरमजरुआ आम भूखंड बचाओ संघर्ष समिति और भाकपा माले के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व भाकपा माले के विधायक दल के नेता महबूब आलम ने किया। हिन्दी भवन पर प्रदर्शन के बाद एक शिष्टमंडल जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक से मिला। शिष्टमंडल में माले विधायक दल के नेता महबूब आलम, अभ्युदय, अनय मेहता, राखी मेहता, शंभूनाथ मेहता, रजनीश कुमार राय, बलराम चौधरी, विनय कुमार, सुधांशु कुमार, निर्मला देवी आदि शामिल थे। जिलाधिकारी से सकारात्मक वार्ता के बाद प्रदर्शन को





समाप्त किया गया। डीएम ने स्कूल नहीं टूटने का आश्वासन दिया।

विधायक महबूब आलम ने कहा कि पूरा मामला शिक्षा विभाग में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार को उजागर करता है। पटना सिटी के तीन विद्यालय प्राथमिक विद्यालय, उदरहवांपुर मध्य विद्यालय, चौघड़ा और मध्य विद्यालय कसबा करीमाबाद के भवन को शिक्षा विभाग ने ही न्यायालय के एक आदेश का हवाला देते हुए जमींदोज करने का आदेश जारी कर दिया है। दरअसल इन तीनों स्कूलों की जमीन स्थानीय भू-माफिया गिरोह के हवाले करने की यह गहरी साजिश है। इसमें शिक्षा विभाग के भी अधिकारी शामिल हैं। पहला विद्यालय छात्राओं का है, जबकि बाकी के दो विद्यालयों में अधिकांशतः दलित-अतिपिछड़े समुदाय के छात्र पढ़ते हैं। पहला विद्यालय नगर निगम की जमीन पर है, जबकि दो गैरमजरुआ जमीन पर।

वर्ष 2008 में सभी स्कूलों के भवन भी बन चुके हैं। अब पता चल रहा है कि स्कूल जिस गैरमजरुआ प्लॉट पर बना हुआ है, वह 1998 में ही बेच दिया गया, जबकि खतियान में गैरमजरुआ आम जमीन के नेचर में बदलाव सरकार भी नहीं कर सकती है। तब यह जमीन निजी कैसे हो गई? स्कूल की जमीन भू-माफियाओं के सुपुर्द करने के खेल में सरकार, प्रशासन और भू-माफिया के बीच गहरी सांठगांठ है। वर्ना सरकार और शिक्षा विभाग पटना उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ डबल बेंच में गई होती और स्कूल बचाने व दोषियों पर कार्रवाई करने का काम करती। प्रदर्शन में राजेश सिंह कुशवाह, मुजफ्फर आलम, महेश चंद्रवंशी, रामनारायण सिंह, सुरेश प्रसाद, आत्मा राम, सुबोध कुमार, देवेन्द्र सिंह, चन्द्रभूषण शर्मा, सूरज कुमार, भूषण, रामदेव पंडित, जगदीश मेहता, सीताराम मेहता, दिलीप मेहता, विमला देवी, श्रवण सिंह, भीम जयसवाल, जगदीश निषाद, लालबाबू रविदास, शंकर सिंह, सुजीत पासवान, जागा महतो, सुखदेव महतो, कृष्णा महतो व दर्जनों स्कूली छात्र व छात्राएं, महिलाओं ने भाग लिया। यह क्रमबद्ध धारावाहिक संघर्ष की सफलता है कि डीएम ने पूरी बात सुनने और समझने के बाद तीनों स्कूल के भवन को नहीं तोड़ने का आश्वासन दिया है। विदित हो कि विधायक महबूब आलम ने इस मामले को विधानसभा में भी उठाया था। तब आसन पर रहे विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने इस मामले को शिक्षा मंत्री के स्तर से देखे जाने की बात कही गई थी। यह जानकारी विद्यालय अस्पताल गैरमजरुआ आम भूखंड बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अन्य मेहता ने जारी विज्ञप्ति में दी।

# दानापुर कैंट में एक मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जीवन हयात वेलनेस सेंटर, सिटी डायलिसिस सेंटर और मेदांता लैब के एक सहयोगात्मक प्रयास से शाहपुर दानापुर कैंट में एक मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस पहल से 200 से अधिक स्थानीय वंचित व्यक्तियों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच और जागरूकता सत्र प्राप्त हुए। शिविर में वरिष्ठ गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. अमितेश और डॉ. नेमतुल्लाह एवं कई अन्य चिकित्सक की विशेषज्ञता शामिल थी। उपस्थित लोगों के लिए कई स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को संबोधित करते हुए, थायराइड, शुगर, यूरिक एसिड, वायरल मार्कर और हेपेटाइटिस



टीकाकरण के लिए मुफ्त जांच प्रदान की गई। जीवन हयात वेलनेस सेंटर के निदेशक डॉ. मोशीर आलम ने वंचित आबादी के लिए इस आयोजन के महत्व पर जोर दिया। सुपर विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ मुफ्त परामर्श, तथा स्वास्थ्य जागरूकता एवं हेल्थ चेकअप के लिये रक्त जांच और सामान्य स्वास्थ्य जागरूकता सभी उपस्थित लोगों के लिए सुलभ बनाई गई थी। शिविर में आयुष्मान कार्ड के लाभ और किडनी स्वास्थ्य पर भी प्रकाश डाला गया, जिसका उद्देश्य समुदाय के भीतर समग्र कल्याण में सुधार करना है। इस अवसर पर शाहपुर के स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि एवं मेदांता के प्रबंधक श्री रंजीत कुमार एवं श्री महेश नारायण एवं कई स्थानीय राजनीतिक नेता उपस्थित थे। सुश्री आशिया नाज ने रक्त जांच में मदद की है जबकि सुश्री सबा खान ने रोगी के पंजीकरण और भीड़ प्रबंधन में योगदान दिया है। किसी भी अधिक जानकारी के लिए जीवन हयात वेलनेस सेंटर के निदेशक डॉ. मोशीर आलम उनके नंबर 9771465188 पर उपलब्ध हैं।

# आरपीएम कॉलेज की सौ छात्राएं रेडक्रॉस की सदस्य बनीं, हुआ एमओयू

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

रामेश्वरदास पन्नालाल महिला महाविद्यालय एवं रेडक्रास सब जिला शाखा पटना सिटी के बीच समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोडॉ पूनम लगातार कॉलेज को नैक से संबद्ध कराने के लिए प्रत्यनशील हैं। इसी कड़ी के रूप में विभिन्न संस्थाओं के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया जा रहा है। रेडक्रास संस्था समय-समय पर आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग देगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की सौ छात्राएं इंडियन रेडक्रास की सदस्य बनीं। उन्हे रेडक्रास के द्वारा बेल्ट, बैज, कैप एवं सर्टिफिकेट आदि दिया जाएगा। रेडक्रास के सचिव गोविंद कानोडिया ने महाविद्यालय के विकास में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। आज ही कालेज का एक दूसरी संस्था स्वरूप सेवांजलि फाउंडेशन, पटना सिटी के साथ भी समझौता पर हस्ताक्षर किया गया। फाउंडेशन के सचिव आकाश कुमार के द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय की छात्राओं को कराटे और ताइक्वांडों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा समय-समय पर विभिन्न विषयों पर जागरुकता कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। इस अवसरा पर प्राचार्या ने अतिथियों को संबोधित करते कहा कि महाविद्यालय एवं छात्राओं का सवार्गीण विकास करना ही उनका मुख्य लक्ष्य है।

# महिला दिवस पर दृष्टिबाधित बालिकाओं का क्रिकेट प्रतियोगिता

पटना सिटी (प्राकि)। बिहार नेत्रहीन परिषद अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 से 11 मार्च तक बिहार दृष्टिबाधित बालिका किकेट टीम, झारखंड दृष्टिबाधित बालिका किकेट टीम एवं दिल्ली दृष्टिबाधित बालिका किकेट टीम के किकेट प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रही है। इसका उद्घाटन चंद्रशेखर पार्क, टीवी टावर के सामने भूतनाथ रोड में शुक्रवार को अपराह्न दो बजे होगा। इसमें अनेक गण्यमान्य लोग शामिल होंगे।

# बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति 2024 जल्द लाई जाएगी : विजय

## उपमुख्यमंत्री ने कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के नव नियुक्त 37 पदाधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

● सरकार कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उपमुख्मंत्री विजय सिन्हा ने विकास भवन में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के नव नियुक्त 37 जिला कला संस्कृति पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। कार्यक्रम में विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर, उप सचिव अनिल कुमार सिन्हा, विशेष कार्य पदाधिकारी, पुण्य तरु उपस्थित रहीं। उप-मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार की कला और संस्कृति का काफी पुराना और समृद्ध इतिहास रहा है। सरकार कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। अगले वितीय वर्ष से बिहार के सभी जिलों में लोक संगीत, लोक गीत, शास्त्रीय संगीत और गायन को बढ़ावा देने के लिए सभी जिलों में आम्रपाली केंद्र की स्थापना की जाएगी । इसके साथ ही बहुत जल्द विभाग के द्वारा बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति 2024 भी लाई जाएगी। अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर ने सभी चयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पहली बार है जब कला संस्कृति एवं युवा विभाग को जिला स्तर पर कला संस्कृति पदाधिकारी का कैडर मिला है । बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 37 जिला कला संस्कृति पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है। नृत्य, चाक्षुष कला और प्रदर्श कला या किसी भी कला में निपुण लोगों को कला एवं संस्कृति के पदाधिकारी बनने का मौका मिला है और इसके माध्यम से विभाग का ध्येय है कि हमलोग बिहार की सांस्कृतिक धरोहर है, उसे और अधिक समृद्ध बना सकें और हमारी जो विरासत लुप्त हो रही है, उसे बचा सकें। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन सोमा चक्रवर्ती के द्वारा किया गया।

नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले जिला कला संस्कृति पदाधिकारी :

कीर्ति आलोक, प्रतिभा कुमारी, सुमन सौरभ,राकेश कुमार, अंकित रंजन, ऋचा वर्मा, विकेश कुमार, सुष्मिता कुमारी, कुमार पप्पू राज, शालिनी प्रकाश, विभा भारती, अनुप्रिया, सुनैना कुमार

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को कराएं अवगतः उमेश

● जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने की पार्टी के मंत्री, सांसद, विधायक एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशियों की वर्चुअल बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में बिहार सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक एवं पूर्व विधायक प्रत्याशियों की अतिमहत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने तमाम साथियों से वन टू वन वार्ता कर चुनाव तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने सभी के सुझावों को गंभीरता से सुना एवं उन पर विचार करने की बात कही। इस दौरान चुनाव तैयारियों के निमित्त पार्टी की आगामी रणनीतियों के विषय में भी सघन एवं व्यापक चर्चा हुई। बैठक का संचालन पार्टी के प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह ने की। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पंचायत इकाई हमारी पार्टी का आधार स्तम्भ है और पंचायत को इकाई को सशक्त बनाने के लिए सर्वप्रथम अपने-अपने बूथ को मजबूत बनाने की आवश्यकता है। जिला अध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष आपसी समन्वय स्थापित कर पंचायत अध्यक्षों के सहयोग से शेष बचे सात सदस्यीय बूथ कमिटी का गठन अतिशीघ्र कर पार्टी मुख्यालय को सुपुर्द करें। बूथ कमिटी में खासतौर पर पार्टी के प्रति समर्पित युवाओं, महिलाओं एवं सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। स्साथ ही श्री कुशवाहा ने निर्देश दिया कि आपसी समन्वय और तालमेल को मजबूत बनाने के लिए पार्टी के साथियों का प्रखंड स्तर, पंचायत स्तर एवं बूथ स्तर व्हाट्सप्प ग्रुप तैयार किए जाएं, जिसमे पार्टी के जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ कमिटी के अध्यक्ष शामिल रहेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करने हेतु हमें पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचने के लिए तन-मन से जुटना है। एनडीए की केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से आम लोगों को अवगत कराएं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : स्वच्छांगिनी की महिलाओं को मिला सम्मान

पटना। पटना नगर निगम में कार्यरत स्वच्छांगिनी की सदस्यों को अंतरास्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। अपने क्षेत्र में उनके अद्भुत काम के लिए उन्हें महिला एवं बाल विकास निगम की तरफ से पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान आईसीडीएस के निदेशक कौशल कुमार, आईएएस, ने अपने भाषण में स्वच्छांगिनी के अविश्वसनीय कार्य का उल्लेख किया और बताया कि कैसे इसने इन महिलाओं को सशक्त बनाया है, जिससे वे अपने परिवारों का समान रूप से समर्थन कर सकें और अपने और अपने परिवार के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने में भाग ले सकें। डब्ल्यूसीडीसी की परियोजना निदेशक, अलंकृता पांडे,आईएएस ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में पटना नगर निगम के द्वारा किए इस पहल की एवं महिलाओं के कार्यों की सराहना की।

# इलेक्टोरल बान्ड मोदी सरकार का आर्थिक राजद्रोह : अखिलेश

● इलेक्टोरल बान्ड को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश भर में किया धरना-प्रदर्शन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



स्टेट बैंक आफ इंडिया के द्वारा भाजपा को इलेक्टोरल बान्ड के तहत चंदा देनेवालों का नाम उजागर न करने के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदेश भर में गुरूवार को धरना-प्रदर्शन किया। बिहार के 40 संगठनात्मक जिलों और 534 प्रखंडों में विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसके अलावा राजधानी पटना के गाँधी मैदान स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया के मुख्य शाखा के सामने सैकड़ों कांग्रेसजनों ने बैंक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया एवं जमकर नारेबाजी की। इसके साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने अपने संदेश में कहा कि इलेक्टोरल बांड वास्तव में मोदी सरकार का एक बड़ा घोटाला है जिसके तहत मोदी सरकार ने विरोधी दलों एवं उनको दान देनेवालों को दंडित करने की नापाक साजिश रची थी। हैरानी इस बात की है कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद एसबीआई नाम सार्वजनिक करने से भाग रही है। साफ है कि बैंक मोदी के डर से ऐसा कर रहा है ताकि मोदी के पूंजीपति मित्रों का नाम उजागर न हो पाए। हकीकत यह है कि इलेक्टोरल बान्ड स्कीम मोदी सरकार द्वारा किया गया आर्थिक राजद्रोह है इसकी जाँच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि एसबीआई अविलम्ब भाजपा को इलेक्टोरल बान्ड के द्वारा करीब बीस हजार करोड़ देनेवाले सरकारी मित्रों का नाम सार्वजनिक करे। विरोध प्रदर्शन में ब्रजेश प्रसाद मुनन, लाल बाबू लाल, कुमार आशीष, शशि रंजन, आनन्द माधव, डा विनोद शर्मा, अरविन्द लाल रजक, मधुरेन्द्र कुमार सिंह, सुमन कुमार मल्लिक, शशि कांत तिवारी, संजय यादव, धनंजय शर्मा, संजय पाण्डेय, उदय शंकर पटेल, सिद्धार्थ क्षत्रिय, सुधा मिश्रा, निधि पाण्डेय, आदित्य पासवान, गोपाल कृष्ण, डा परवेज, ललन यादव, पंकज पासवान, उमेन्द्र सिंह, शंकर झा, अशोक यादव, मो कामरान इत्यादि शामिल हुए।

# हाईकोर्ट के कई अधिवक्ता रालोमो में हुए शामिल



पटना। रालोमो के प्रदेश कैम्प कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा की उपस्थिति में बड़ी संख्या में पटना उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल हुए। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा ने रत्नाकर पाण्डे, शक्ति सुमन कुमार, सत्यानंद शुक्ला, दिलीप कुमार टंडन, रमेश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं। पार्टी में इनके शामिल होने से पार्टी को बहुत मजबूती मिलेगी। समाज के कमजोर वर्गों को न्याय मिल सके इस लक्ष्य के साथ पार्टी से जुड़े अधिवक्ताओं को समाज की सेवा में लगातार तत्पर रहना चाहिए। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती ने बताया कि इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं निर्मल कुमार सिंह, प्रशांत पंकज, ई० स्मृति कुमुद, खुर्शीद अहमद, विनोद कुमार पप्पू, अशोक कुशवाहा, आशिक आलम, गुड्डू वर्मा आदि ने भी अपने विचार रखे।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना
अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–07 / 2023–24

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक / ख्याति प्राप्त डिकोरेटर / फर्म से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना एवं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 15.03.2024 के पूर्वाहन् 11:30 बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 01:00 बजे अपराहन में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कोटेशन का मूल्य (रू0) में:–

प्रत्येक कार्य कमांक के कोटेशन पत्र के साथ कोटेशन मुल्य जो " संयुक्त सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10840(भ) दिनांक–13.12.2019 के आलोक में ONLINE GOVERNMENT REVENU AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) पोर्टल–;(http//e-recelpt.bihar.gov.in) के E-payment/payment over the bank counter (Cash/Cheque) के माध्यम से अद्योहस्ताक्षरी कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत O-GRAS का (Computerized receipt) रसीद पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। O-GRAS द्वारा निर्गत चालान में चालान One time period का ही मान्य होगा, जो पन्द्रह दिनों के लिए वैद्य है। निर्गत चालान की तिथि कोटेशन का दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से बाद ही मान्य होगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि का अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है:–

(i) 0 से 50000.00 रू0 तक 250.00 रू0 (ii) 50001.00 से 250000.00 रू0 तक 500.00 रू0 (iii) 250001.00 से 500000.00 रू0 तक 750.00 रू0 (iv) 500001.00 से 1000000.00 रू0 तक 1250.00रू0 (v)1000001.00 से 1500000.00 रू0 तक 2500.00 रू0

कार्य का विवरणी:–

| Sl.No. | Name of Work /Specification |
|---|---|
| 1 | NAME OF WORK-SUPPLY OF DIFFRENT MATERIAL (Cushion, Bed Sheet, Door mat, Pillow, Towel, Dustbin.etc) OF INSPECTION BHAWAN RAJBANSHI NAGAR PATNA FOR THE YEAR 2023-24. |
| 2 | NAME OF WORK- SUPPLY OF DIFFRENT TYPE OF FURNITURE, CLOTH REPAIR, MELAMINE POLISHING WITH ALL MATERIAL OF INPECTION BHAWAN RAJBANSHI NAGAR, PATNA FOR THE YEAR 2023-24. |
| 3 | NAME OF WORK-SUPPLY OF DIFFRENT MATERIAL (CURTAIN CLOTH AND ROD, BRACKET) OF INSPECTION BHAWAN RAJBANSHI NAGAR, PATNA FOR THE YEAR 2023 -24. |

- कार्य समाप्ति की अवधिः– 15 दिन

आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों के मॉडल, मेक, साइज, क्षमता, नमूने, क्वालिटी इत्यादि की अधिक जानकारी हेतु संबंधित सहायक अभियंता एवं अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के प्राक्कलन शाखा से संपर्क करेंगे। विशेष शर्तें मद एवं मात्रा की विस्तृत जानकारी हेतु सूचना पट्ट या बेवसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखे या अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के प्राक्कलन शाखा से संपर्क करें।

PR. No. 019064 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
पटना पश्चिम भवन प्रमंडल,
दानापुर, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# आगामी लोस चुनाव को लेकर लोजपा रा की बैठक

● बैठक में जिलाध्यक्ष, सभी जिला प्रभारी व सभी जिला सह प्रभारी हुए शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने अगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ स्तर तक सभी लोकसभा सीटों पर गहन समीक्षा बैठक की। उक्त समीक्षा को लेकर पार्टी द्वारा पटना के दरोगा राय पथ स्थित स्थानीय श्री कृष्ण चेतना परिषद सभागार में लोकसभा चुनाव अभियान समीक्षात्मक बैठक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक को सम्बोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि लोजपा रामविलास प्रत्येक बूथ 25 यूथ का लक्ष्य जो राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान द्वारा निर्देशित किया गया उसे पुरा कर पार्टी ने लोकसभा चुनाव की मुकम्मल तैयारी कर ली है जिससे हमारी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में अपने पार्टी के उम्मीदवार समेत एलायन्स के सभी घटक दलो के प्रत्याशियों के जीत को भारी अन्तर से सुनिश्चित कराने का कार्य करेगी। जिससें इसका लाभ गठबंधन के अन्य घटक दलों को भी मिल पायेगा। श्री तिवारी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को चुनाव के कई रणनीतियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्टी के संस्थापक पद्मभूषण श्रद्धेय रामविलास पासवान के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और सभी मंचासीन नेताओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर कि गई। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने पत्रकारों को बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी के सभी लोकसभा प्रभारी सभी जिलों के जिलाध्यक्ष सभी जिला प्रभारी सभी जिला सह प्रभारी शामिल हुए । पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने जिलेवार लोकसभा चुनावी तैयारी को लेकर गहन समीक्षा किया। इस अवसर पर प्रदेश के सभी 40 लोकसभा सीटों को लेकर बुथ स्तरीय कार्यक्रताओं की सूची जिला अध्यक्षों द्वारा पार्टी प्रदेश अध्यक्ष को सौपा गया इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ शाहनवाज अहमद कैफी पार्टी के प्रधान महासचिव संजय पासवान संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पांडे संगठन मंत्री रविंद्र सिंह चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र विवेक सदस्यता अभियान प्रभारी संजय रविदास विस्तारक प्रमुख अजय कुशवाहा प्रचार प्रसार प्रमुख संजय कुमार सिंह उपस्थित थे।

# भूमाफिया के हवाले जमीन करने की गहरी साजिशः महबूब




पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी में शिक्षा विभाग द्वारा ही तीन सरकारी स्कूलों के भवन को खाली कराकर उन्हें ध्वस्त करने और उन स्कूलों को दूसरे स्कूल के साथ टैग किए जाने के घोर शिक्षा विरोधी फैसले के खिलाफ आज भूखंड बचाओ संघर्ष समिति और भाकपा-माले के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी, पटना के समक्ष आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व भाकपा-माले के विधायक दल के नेता का महबूब आलम कर थे। आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन के बाद एक शिष्टमंडल जिलाधिकारी से मिला। महबूब आलम ने कहा कि पूरा मामला शिक्षा विभाग में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार को उजागर करता है। पटना सिटी के तीन विद्यालय - प्राथमिक विद्यालय, उदरहमानपुर, मध्य विद्यालय, चैघड़ा और मध्य विद्यालय कसबा करीमाबाद के भवन को शिक्षा विभाग ने ही न्यायालय के एक आदेश का हवाल देते हुए जमींदोज करने का आदेश दे दिया है। महबूब आलम का कहना है कि इन तीन स्कूलों की जमीन स्थानीय भूमाफिया गिरोह के हवाले करने की यह गहरी साजिश है जिसमें शिक्षा विभाग के भी अधिकारी शामिल हैं। पहला विद्यालय छात्राओं का है, जबकि बाकि के दो विद्यालयों में अधिकांशतः दलित-अतिपिछड़े समुदाय के छात्र हैं। पहला विद्यालय नगर निगम की जमीन पर है बाकि दो गैरमजरूआ जमीन पर। 2008 में सभी स्कूलों के भवन भी बन चुके हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सेमिनार का आयोजन



● बख्तियारपुर अभियंत्रण महाविद्यालय के छात्राओं ने बढ़-चढकर लिया हिस्सा

पटना। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बख्तियारपुर अभियंत्रण महाविद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को एक सेमिनार आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं से जुड़ी विविध विषयों पर बातें की गई। कार्यक्रम में बख्तियारपुर अभियंत्रण महाविद्यालय , बख्तियारपुर एवं गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, बक्सर के छात्राओं ने मुख्य रूप से हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के असिस्टेंट टीपीओ विकास कुमार एवं प्राध्यापिका अमृता सिंहा ने किया। मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य की जानी-मानी मनोविशेषज्ञ डॉ बिंदा सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान की सभी संकाय की प्राध्यापिकाओं ने विशेष रूप से हिस्सा लिया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर इस कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर छात्राओं के बीच अनेकों प्रतिस्पधाओं का आयोजन किया गया, जिसके अंदर अंतर्गत बालिकाओं ने क्विज,पोएट्री एवं सांग में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असिस्टेंट टीपीओ एवं प्रध्यापिकाओं के साथ-साथ संस्थान के सोशल क्लब हैंड्स ऑफ होप के कोऑर्डिनेटरस ऋषि कुमार,काजल कुमारी एवं सोनाली कुमारी तथा सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना
अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–08 / 2023–24

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक / ख्याति प्राप्त डिकोरेटर / फर्म से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना एवं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 15.03.2024 के पूर्वाहन् 12:30 बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 03:00 बजे अपराहन में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कोटेशन का मूल्य (रू0) में:–

प्रत्येक कार्य कमांक के कोटेशन पत्र के साथ कोटेशन मुल्य जो " संयुक्त सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10840(भ) दिनांक–13.12.2019 के आलोक में ONLINE GOVERNMENT REVENU AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) पोर्टल–; (http//e-recelpt.bihar.gov.in) के E-payment/payment over the bank counter (Cash/Cheque) के माध्यम से अद्योहस्ताक्षरी कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत O-GRAS का (Computerize receipt) रसीद पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। O-GRAS द्वारा निर्गत चालान में चालान One time period का ही मान्य होगा, जो पन्द्रह दिनों के लिए वैद्य है। निर्गत चालान की तिथि कोटेशन का दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से बाद ही मान्य होगा। कोटेशन मूल्य संवेदक / ख्याति प्राप्त डिकोरेटर / फर्म के द्वारा कुल कोटेड राशि का अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है:–

(i) 0 से 50000.00 रू0 तक 250.00 रू0 (ii) 50001.00 से 250000.00 रू0 तक 500.00 रू0 (iii) 250001.00 से 500000.00 रू0 तक 750.00 रू0 (iv) 500001.00 से 1000000.00 रू0 तक 1250.00रू0 (v)1000001.00 से 1500000.00 रू0 तक 2500.00 रू0

कार्य का विवरणी:–

| SI.No. | Description |
|---|---|
| 1. | Supply of Furniture and Furnishing material at flat no.104 Alfa Block Senior officer's Residence Shashtri Nagar (Occupied by Hon'ble Sri Kaushal Kishor Mishra ) Patna for the year 2023-24. |

- कार्य समाप्ति की अवधिः– 15 दिन

आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों के मॉडल, मेक, साइज, क्षमता, नमूने, क्वालिटी इत्यादि की अधिक जानकारी हेतु संबंधित सहायक अभियंता एवं अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के प्राक्कलन शाखा से संपर्क करेंगे। विशेष शर्ते मद एवं मात्रा की विस्तृत जानकारी हेतु सूचना पट्ट या बेवसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखे या अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के प्राक्कलन शाखा से संपर्क करें।

PR. No. 019063 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 से भी अधिक की जांच




पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व मंत्री स्व महावीर चौधरी की स्मृति में निर्मित महावीर चौधरी फाउंडेशन संस्था द्वारा पटना के अथमलगोला प्रखंड के महुली गांव स्थित सामुदायिक भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन महिला दिवस के अवसर पर किया गया था, जिसमें 150 से भी अधिक महिलाओं ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। इस दौरान शिविर में पटना के मेडीपार्क अस्पताल की डॉक्टर प्रिया अरोरा और डॉक्टर राज आर्यन मौजूद रहें, जिन्होंने महिलाओं को पोषण संबंधी जानकारी देते हुए उनका बीपी, शुगर, ईसीजी आदि जांच निशुल्क किया। इस स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं को उचित खानपान का परामर्श भी दिया गया। साथ ही उन्हें आइरन, कैल्शियम की गोली के साथ-साथ फूड किट भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर संस्था की वरिष्ठ प्रतिनिधि शांभवी चौधरी ने कहा कि स्व महावीर चौधरी मानवता की निस्वार्थ सेवा ही मानव जीवन का ध्येय मानते थे। वहीं, शिविर के दौरान उपस्थित महावीर चौधरी फाउंडेशन संस्था के सदस्य सायन कुणाल ने कहा कि इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के जरिए महिलाओं को ऐसी कई बीमारियों के बारे में जागरूक किया जाता है, जिनपर लोग आमतौर पर चर्चा नहीं करते। ऐसे में शिविर के माध्यम से हमारे डॉक्टर्स उन्हें संबंधित बीमारियों के लक्षण भी बताते है और उनका उपचार भी करते है। उल्लेखनीय है कि महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर महावीर चौधरी फाउंडेशन संस्था काफी गंभीर है। इसलिए समय-समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित सलाह और दवाइयां दी जा रही है।

# 55 हजार 951 वार्डों में हर घर नल पहुंचाने का कार्य पूरा

● लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक

● 83.24 लाख घरों में की जा रही जलापूर्ति

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

उप मुख्यमंत्री सह लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गुरूवार को प्रधान सचिव एवं अभियंता प्रमुख सह विशेष सचिव के साथ विभागीय कार्यो के संबंध में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने मंत्री को विभाग से संबंधित जानाकारी दी। मंत्री ने भी कई आवश्यक निदेश दिए। अधिकारियो ने मंत्री को बताया कि विभाग के अन्तर्गत हर घर नल का जल के तहत कुल 10719 छूटे हुए टोलों व बसावटों में पेयजल की व्यवस्था हेतु जलापूर्ति योजना के निर्माण एवं पाँच वर्षों के परिचालन तथा रख-रखाव हेतु कुल 4706 करोड़ ाशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु कुल 1159 ग्रुपों में निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा प्राप्ति की समीक्षा के आलोक में अद्यतन 141 ग्रुपों हेतु पुनर्निविदा आमंत्रित की जा चूकी है, और समीक्षोपरांत ग्रुपों के लिए पुनर्निविदा आमंत्रण संभावित है। पंचायती राज विभाग द्वारा क्रियान्वित कुल 70157 योजनाओं को विभाग द्वारा टेक ओभर किया गया, कुल प्राप्त 70157 योजनाओं में से 14976 योजनाऐं पूर्णतः चालू, 32115 योजनाऐं आंषिक रूप से चालू, 23066 योजनाऐं बन्द अवस्था में प्राप्त की गई है। उक्त पंचायती राज विभाग द्वारा हस्तांतरित 32115 आंषिक रूप से चालू योजनाओं में से 11878 योजनाओं को पूर्ण रूप से चालू किया गया हैं, 23066 बन्द योजनाओं में से 12675 योजनाओं को चालू किया गया। विभाग अन्तर्गत कुल 1114 अद्द कार्य निरीक्षक के पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनकी नियुक्ति हेतु नियमावली तैयार की जा रही है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग अन्तर्गत हर घर नल का जल निश्चय के तहत कुल 56447 अद्द लक्षित वार्डों के विरूद्ध 55951 अद्द वार्डों में कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिसमें गैर-गुणवत्ता से संबंधित 26206 अद्द वार्ड एवं गुणवत्ता प्रभावित 29745 अद्द वार्ड है। उक्त वार्डों के तहत लक्षित कुल 84.58 लाख घरों के विरूद्ध 83.24 लाख घरों में जलापूर्ति की जा रही है। पूर्ण की गयी योजनाओं का मरम्मति एवं संपोषण का कार्य निर्गत विभागीय संकल्प के प्रावधानों के अनुसार किया जा रहा है। इन सभी योजनाओं का मोनेटिरिंग प्रतिदिन की जाती है तथा प्रत्येक शुक्रवार को इसकी समीक्षा की जाती है। किसी भी प्रकार की शिकायत विभागीय टॉल फ्री न0:-18001231121 पर की जा सकती है। विभाग अन्तर्गत कुल 15 अद्द वाटर एटीएम, 458 अद्द टैंकर, 17 जलदूत से आवश्यकतानुसार जलापूर्ति दी जाती है। विभाग अन्तर्गत 38 अद्द जिला स्तरीय एवं 75 अवर प्रमंडल स्तरीय जल-जाँच प्रयोगशाला कार्यरत है। राज्य स्तर पर स्टेट रेफरल लैब कार्यरत है।

# अमित शाह की रैली को लेकर जोरदार तैयारी

## रामकृपाल यादव ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार रथ को किया रवाना

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को पालीगंज के कृषि फार्म मैदान पर आगमन हो रहा है। पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र की जनता और भाजपा नेता व कार्यकर्ता उनके स्वागत की तैयारियों में लगे हैं। आज उसी के निमित्त तैयारी पटना ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद राम कृपाल यादव ने कहा की गृह मंत्री की जनसभा ऐतिहासिक होगी। करीब 1लाख लोगों के आने की संभावना है। पटना ग्रामीण भाजपा के 35 मंडलों से भारी संख्या लोग पालीगंज पहुंचेंगे। आस पास के जिलों से काफी संख्या में लोग आ रहे हैं। बैठक के बाद सांसद ने संसदीय क्षेत्र के सभी 6 विधानसभाओं के लिए प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बैठक में विधान पार्षद अनिल शर्मा, पूर्व विधायक उषा विद्यार्थी, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक, रत्नेश कुशवाहा, बिक्रम के पूर्व प्रत्याशी अतुल कुमार, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक वर्मा, क्षेत्रीय प्रभारी राजू झा, प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, कार्यक्रम के मीडिया संयोजक रणधीर यादव नीरज तिवारी, रवि गुप्ता, कमलेश कांत चौधरी, बिपिन बिहारी, वंशीधर शर्मा, दीपक कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष जीत कुमार, संदीप गुप्ता, शाही, मनीष कुमार, चीकू शर्मा, धीरज गुप्ता, गुड्डू सिंह, रवीश पटेल, दुर्गेश नारायण यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, पटना
भवन निर्माण विभाग
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–38 वर्ष–2023–24

विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, भवन निर्माण विभाग, पटना के कार्यक्षेत्र अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान / कम्पनी / अनुभवी संवेदको से सीलबंद कोटेशन दिनांक–15.03.2024 को अपराह्न 2:30 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमत्रित की जाती है। सभी प्राप्त सील बंद कोटेशन दिनांक–15.03.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक कोटेशनदाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी।

कोटेशन राशि के अनुसार ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING (O-GRAS) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी (विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–2, पटना, भवन निर्माण विभाग) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा। कोटेशन प्रकाशन होने के बाद का O-GRAS मान्य होगा।

कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, भवन निर्माण विभाग, पटना, (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल दक्षिण बिहार, भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय होगा ।

| क्र0स0 | कार्य का नाम | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|
| 1 | Supply and Installation of AC Unit of inspection bhawan rajbanshi Nagar, Patna. For the Year of 2023 -24. | 15 Days. |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 019059 (BCD) 2023-24

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, पटना

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# प्रधानमंत्री के उद्घाटन व शिलान्यास से बिहार के पर्यटन स्थलों की बदल जाएगी तस्वीर : मंत्री डॉ प्रेम कुमार

प्रात : किरण संवाददाता




वैशाली ।आज बिहार के लिए बेहद खास दिन है जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार की बिहार से जुड़ी पर्यटन की कुल पांच योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया । इन सभी योजनाओं से बिहार के पर्यटन स्थलों की तस्वीर बदल जाएगी

बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री प्रेम कुमार ने वैशाली में कहा ।उन्होंने कहा कि इन योजनाओं में सुल्तानगंज से बाबाधाम के रास्ते में कांवरियों की सुविधा हेतु पूरी विकास की योजनाएं, मंदार और अंग परिपथ की योजनाओं, जैन सर्किट में वैशाली और गांधी सर्किट में भितिहरवा आश्रम की विकास योजनाओं का उद्घाटन के साथ सारण जिलान्तर्गत आमी मंदिर परिसर के विकास हेतु भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय द्वारा प्रथम चरण में प्रसाद योजना अन्तर्गत कुल रु 12.26 करोड़ रुपये की योजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया है ।सुल्तानगंज से बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर देवघर के रास्ते में श्रद्धालुओं को समुचित सुविधा एवं सहुलियत प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन स्कीम 1.0 के अंतर्गत 41.31 करोड़ रुपये से कांवरिया परिपथ के विकास कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी थी, जिसके आलोक में इस परियोजना के अंतर्गत लोकार्पण किया गया।

स्वदेश दर्शन स्कीम–1 के तहत मंदार और अंग परिपथ पर 40.42 करोड़ रुपये से विकास कार्य संपन्न हुआ है। बांका जिले के मंदार पहाड़ी की तलहटी में आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज का निर्माण किया गया है। इससे बड़े पैमाने पर स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है ।और मंदार पर्वत की तलहटी में सबलपुर गांव के बाबू वीरो सिंह द्वारा स्थापित बहुत पुराना अवंतिका नाथ मंदिर है। यहां पर पहाड़ी के पूर्वी भाग में स्थित लगभग 10 एकड़ में फैले कामधेनु मंदिर के सौंदर्गीकरण का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कर कमलों से हुआ । जैन सर्किट में शामिल वैशाली में पर्यटको को मार्गीय सुविधा प्रदान करने हेतु स्वदेश दर्शन के तहत कार्य किया गया है।

वैशाली के इस मार्गीय सुविधा केन्द्र में पर्यटको के लिए विश्राम कक्ष, पीने का पानी तथा शौचालय आदि सुविधाओं का निर्माण किया गया है। पर्यटकों एवं तीर्थयात्रियों के मनोरंजन हेतु निकट के पुष्करणी सरोवर में साउंड एवं लाइट शो का निर्माण किया गया है। स्वदेश दर्शन अन्तर्गत गाँधी परिपथ का विकास कार्य 16.37 करोड़ रुपये से कराया गया है। सारण जिलान्तर्गत आमी मंदिर परिसर के विकास हेतु भारत सरकार, ।

इन सभी योजनाओं से बिहार के पर्यटन स्थलों की तस्वीर बदल जाएगी ।पर्यटन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2023–24 में अब तक राज्य स्कीम मद से लगभग 408.00 करोड़ रुपये की नई योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर कीर्तिमान स्थापित किया है। गया जी धाम में उच्च स्तरीय सुविधाओं से युक्त धर्मशाला निर्माण की आधारशिला रखी गयी है माँ जानकी जन्म स्थली पुनौराधाम के विकास कार्य (राशि 72.47 करोड़ रुपये) शीघ्र शुरू होने बाला है ।

इस अवसर पर विधायक लखिन्द्र पासवान , अवधेश सिंह, प्रतिमा सिंह ,एबम प्रेम सिंह कुशवाहा ने अपने विचार रखे ।प्रभारी जिलाधिकारी विनोद कुमार सिंह एबम एम डी पर्यटन विभाग नन्द किशोर ने आगत अतिथियों का स्वागत किया । जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह जिलायोजना पदाधिकारी नीरज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंजनी कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे ।

## महाशिवरात्रि पर बाबा पातालेश्वर नाथ से निकलेगी भव्य शोभायात्रा और गाड़ी हाकेंगे नित्यानंद राय

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर। महाशविरात्रि के अवसर पर नगर महादेव के नाम से प्रसिद्ध बाबा पतालेश्वर नाथ मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकलेगी। विगत वर्षो की तरह इस बार भी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय भगवान भोलेनाथ के बैल गाड़ी को हाकेंगे और शिव बारात निकलेंगे। बाबा पतालेश्वर नाथ मंदिर से हाथी–घोड़े, भूत–बैताल और बाजे–गाजे के साथ शोभा निकालने की तैयारी पूरी कर ली गई है। शोभा यात्रा में आध्यामिक झांकियां शामिल होंगी। मंदिर न्यास समिति के सचिव अनिलचंद्र कुशवाहा ने जानकारी दिया है कि भव्य शिवबारात निकालने की तैयारी पूरी है ।सुबह आठ बजे मंदिर में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय पहुंचेंगे। भगवान शिव की पूजा अर्चना के बाद शिव बारात निकलेगी। भगवान शिव की मूर्ति बैलगाड़ी पर रखकर मंत्री श्री नित्यानंद राय गाड़ी हांकेंगे व बारात लेकर निकलेंगे। उनके पीछे–पीछे श्रद्वालुओ की भीड़ के साथ बड़ी संख्या में झांकिया होंगी। इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मंदिर समिति की बैठक कई बार हुई है ।शोभा यात्रा में सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने चाक चौबंद व्यवस्था की है। शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में भूत बैताल बने युवा और बच्चे नजर आएंगे। 75 से अधिकआकर्षक झांकिया शामिल होंगी ।दर्जनों बैंड और आर्केष्ट्रा पार्टी शामिल होंगे। शोभा यात्रा बाबा मंदिर से निकलने के बाद महावीर चौक होते हुए थाना चौक ,गुदरी बाजार , राजेन्द्र चौक, यादव चौक, अनवरपुर चौक, डाकबंगला रोड होते हुए अक्षयवट स्टेडिमय पहुंचेगी। अक्षयवट स्टेडिमय में पुरस्कार वितरण समारोह का अयोजन किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य बीमा कार्यशाला का आयोजन



भगवानपुर ।स्वास्थ्य बीमा कार्यशाला सह अभिकर्ता सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए पटना मंडल के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक श्री अशोक भास्कर पांडे ने अभिकताओं आम कर्मियों से अपील करते हुए कहा की आज आम जनता की मांग स्वास्थ्य बीमा है ।जरूरत है लोगो को जागरूक करने का ।विहार में स्वास्थ्य का बहुत बड़ा बाजार है केवल लोगो को जागरूक कर अधिक से अधिक स्वास्थ्य बीमा देने का आग्रह किया ।उन्होंने कंपनी की नई पॉलिसी 'युवान' की जानकारी ग्राहकों को देने की बात की ।अभिकताओं को बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया गया। उन्होंने सर्वेक्षको से कहा की दावा भुगतान के लिय अपने सर्वे को समय जमा कर दावा के भुगतान में अहम भूमिका निभाय ।समारोह मे वरीय शाखा प्रबंधक श्री संतोष कुमार, सहायक प्रबंधक राजेश रौशन, उत्पल कुमार ,अजय कुमार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्राहकों ने अपनी भागीदारी निभाई ।

### आप का जिले के सभी पंचायतों में संगठन विस्तार : मनोज

महुआ। महुआ विधानसभा क्षेत्र के सिंघाड़ा दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या 12 के सिंघाड़ा बुजुर्ग में आम आदमी पार्टी के सिंघाड़ा दक्षिणी पंचायत के एक बैठक का आयोजन सुरेश राय के द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता आनंद कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि वैशाली जिला प्रभारी मनोज कुमार साह ने भी भाग लिया। इस मौके पर जिला मनोज कुमार साह ने कार्यकताओं को संगठन विस्तार हेतु मार्गदर्शन दिए एवं सभी वार्डो में अतिशीघ्र कार्यकर्ता बनाने और बैठक निर्धारित करने का निर्देश दिए , एवं पार्टी के पैंपलेट को पढ़कर सभी को सुनाया ।कार्यक्रम में महुआ विधानसभा प्रभारी जयप्रकाश सिंह उपस्थित थें ।उन्होंने कहा कि बिहार में राजनीतिक उथल पुथल का विकल्प आम आदमी पार्टी ही है ।आने वाले समय में आम आदमी पार्टी दिल्ली ,पंजाब की तरह बिहार को भी काम की राजनीति का उपहार देकर बिहार का विकास करेगी ।जिला प्रभारी ने पार्टी कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ ग्रामीण आनंद कुमार सिंह , संतोष कुमार सिंह , बालेश्वर साह,शशि भारती,चंदन साह,शुशील कुमार, सुरेश प्रसाद साह,राजेश सहनी , राजेश साह, जददू सहनी,बच्चा बाबू साह , अनिल कुमार सहनी , दीपक कुमार सहनी को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया। ।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

बांका। बांका के सर्वोदय नगर स्थित सार्वजनिक इंटर कॉलेज में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, भागलपुर इकाई द्वारा आयोजित फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का आज समापन हो गया कल कार्यक्रम स्थल पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में सफल छात्र छात्राओं को आज समापन समारोह में पुरस्कृत किया गया, गरिमा कुमारी को प्रथम, सुंदरम कुमार को द्वितीय, ललन कुमार को तृतीय तथा शारदा सोनम व सपना कुमारी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें नीतिका कुमारी, रंजीता कुमारी, अमीषा कुमारी तथा अंकुश कुमार को सही उत्तर देने पर पुरस्कृत किया गया। इस विशेष चित्र प्रदर्शनी में ' हमारा संकल्प विकसित भारत' की थीम पर लगभग 60 चित्रों को प्रदर्शित किया गया था । जिसके माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों तथा किए गए कार्य को चित्रों, सूचना तथा ग्राफिक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

## प्रदर्शनी का आयोजन: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं ने लगाई पोस्टर की प्रदर्शनी

मधेपुरा। प्रतिनिधि नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन द्वारा आकांक्षी कार्यक्रम के तहत आज गुरुवार को जिले के कन्या मध्य विद्यालय चौसा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में छात्राओं द्वारा मॉडल व पोस्टर की प्रदर्शनी लगाई गई और मानव श्रृंखला के माध्यम से बच्चों ने लैंगिक समानता दिखाने का प्रयास किया। जिसका नेतृत्व बाल संसद के शिक्षक संयोजक संजय कुमार सुमन ने की ।इस प्रदर्शनी के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, महिलाओं के प्रति हिंसा रोकने, लैंगिक समानता, समानाधिकार विषयों के बारे में मॉडल, स्लोगन व पोस्टर को दिखाया गया। प्रदर्शनी में शामिल किये गए मुख्य विषय महिलाओं के अधिकार रहे, जिनका चित्रों एवं स्लोगन के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया गया। प्रधानाध्यापक विजय पासवान ने कहा कि आने वाला समय महिलाओं का है और समाज में परिवर्तन करने में बेटियाँ सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने का कार्य बेटियाँ ही करेंगी। इस अवसर पर फाउंडेशन के प्रोग्राम लीड अमरनाथ ठाकुर,गांधी फेलो सुभम प्रजापति,रोहित रॉय ने कहा कि छात्राओं द्वारा किया गया यह कार्य सराहनीय है। आगे भी इसी प्रकार की प्रदर्शनियों के माध्यम से संदेश दिया जाना चाहिये । बाल संसद के शिक्षक संयोजक संजय कुमार सुमन ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं के लिए विशेष दिन है। ऐसे आयोजन महिलाओं को जागरूक करने में विशेष भूमिका निभाते हैं। देश को आजाद कराने व समृद्ध बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका रही है। जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया है।



विद्यालय की शिक्षिका विंदु कुमारी, प्रतिभा गुप्ता, रेहाना खातून,शुभम कुमारी ने कहा कि महिला नारी शक्ति वह शक्ति है जो कि अपने साहस, परिश्रम, दूरदर्शिता व सहनशीलता से असंभव को भी संभव बनाने का दम रखती है।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक हकीम उद्दीन,अमीम आलम,विभा कुमारी, विंदुला कुमारी, पुरुषोत्तम कुमार,उमेश प्रसाद यादव,संजीवानंद, विद्यालय बाल संसद की प्रधानमंत्री काजल कुमारी, मंत्री निक्की कुमारी, नीतू कुमारी, नैना कुमारी, श्रुति शर्मा, अचला शर्मा समेत दर्जनों शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित थे।

## वैशाली जिले को अपराध मुक्त बनाना और जाम से निजात दिलाना विशेष प्राथमिकता : एसपी

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर। वैशाली के नए अधीक्षक हरीकिशोर राय ने कहा है कि वैशाली के लोगों का पुलिस पर विश्वास बढ़ाना और जिले को अपराध मुक्त बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। आरक्षी अधीक्षक हरिकिशोर राय पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकार वार्ता कर रहे थे ।आरक्षी अधीक्षक ने कहा कि वैशाली जिले में अपराधी घटनाओं के साथ–साथ यातायात की गंभीर समस्या भी है। उनका प्रयास रहेगा की यातायात जाम की समस्या से लोगों को निजात मिले ।इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि किसी भी घटना के बाद उसके अनुसंधान का बड़ा महत्व होता है समय सीमा के अंदर निष्पक्ष अनुसंधान कराया जाएगा अनुसंधान में तेजी लाया जाएगा। अभी घटना के बाद उसके अनुसंधान में कभी कभी100 दिनों से भी अधिक का समय लग जाता है जिसे घटाकर अधिकतम 75 दिन में अनुसंधान पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। वैसे नए नियम के अनुसार 60 दिनों के अंदर ही अनुसंधान कार्य पूरा करना है।

## लोकतंत्र में महिलाओं के महत्व पर आयोजित परिचर्चा में स्काउट गाइड और महिलाओं ने बढ़ चढ़कर लिया भाग

प्रात : किरण संवाददाता



महुआ। महुआ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में लगातार कई दिनों से जिलाधिकारी वैशाली के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को लोकतंत्र में महिलाओं का महत्व विषय पर परिचर्चा का आयोजन करते हुए क्षेत्र के मतदाताओं को जागरुक किया गया। प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय गोरिगामा और उच्च माध्यमिक विद्यालय विशुनपुर हीराराम उर्फ पहाड़पुर महुआ में भी स्काउट मास्टर राजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में लोकतंत्र में महिलाओं का महत्व विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमे विधालय के दर्जनों स्काउट गाइड ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस परिचर्चा में ज्योति कुमारी, आर्यन राज,मनीषा कुमारी, आदित्य कुमार, अभिजीत कुमार,देव कुमार, पूजा कुमारी आदि ने भाग लिया। वही लोकतंत्र में महिलाओं की मजबूत भागीदारी के लिए बिहार सरकार द्वारा सभी विद्यालयों में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज सभी विद्यालयों में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्याओं में अभिभावकों ने हिस्सा लेकर लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया ।इस विषय पर प्रकाश डालते हुए आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जा नगर की शिक्षिका संगीता कुमारी ने कहा कि लोकतंत्र का मंदिर तभी सुरक्षित रहेगा जब सभी महिला मतदाता सजग होकर अपने मत का इस्तेमाल करेगी और सरकार के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी ।उन्होंने कहा –जब तक महिलाएं सक्रिय एवं पूरी सूझबूझ के साथ मतदान में हिस्सा नहीं लगी तब तक लोकतंत्र की मजबूती संभव नहीं है। उन्होंने महिलाओं के अपने वोट के महत्व को समझाया और आने वाले चुनाव में जलपान से पहले मतदान का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका सुधा कुमारी, सारिका कुमारी, रंजीता कुमारी, सुमन लता, आशा कुमारी सजना परवीन, विनीता कुमारी, इसके अलावा काफी संख्या में महिलाए उपस्थित थी।

### सरोकार मंच द्वारा स्कूली बच्चियों को किया गया जागरूक

रक्सौल। सरोकार मंच द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रक्सौल के मिश्रा कालोनी स्थित सी वी आर नेशनल एकेडमी स्कूल के बच्चियों को अपने अधिकार के प्रति जागरूक किया गया ।साथ ही महिला हत्या हिंसा के विरुद्ध महिला हेल्पलाइन 1090 और चाइल्ड लाइन 1098 पर तुरंत सूचना देने की जानकारी दी गई ।समाज में होने वाले महिला हिंसा हत्या के खिलाफ एक जुट होकर आवाज उठाने का अपील किया गया। महिला सशक्तिकरण करने में अपना योगदान देकर स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया गया। अपने घरों में महिलाओं के साथ होने वाले हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने पर बल दिया गया। मंच के सदस्य रंजन किशोर मिश्र, पिंकी कुमारी ने स्कूल में पढ़ने वाली स्कूली बच्चों को घरेलू हिंसा का विरोध करने और उसकी शिकायत, महिला आयोग में करने तथा 18 से कम उम्र में होने वाले बाल विवाह के खिलाफ भी जोरदार ढंग से विरोध कर करने के बारे में बताया और जागरूक किया गया।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य हेतु सशस्त्र सीमा बल एवं बिहार पुलिस अलंकरण से नवाजा गया

पटना ।नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य हेतु सशस्त्र सीमा बल के 07 कार्मिकों एवं बिहार पुलिस के 03 कार्मिकों को मिला महानिदेशक अलंकरण से गुरुवार को नवाजा गया। सीमांत मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, पटना के अधीन कार्यरत 16वीं वाहिनी एस.एस.बी., जमुई द्वारा स्थानीय पुलिस, जमुई के सहयोग से चरकापत्थर थाना क्षेत्र के कहुआ एवं काठावर जंगली क्षेत्र से संयुक्त अभियान के दौरान एक हार्ड कोर नक्सली सुनील मरांडी (क्षेत्रीय कमांडर) को 01 9एमएम कार्बाइन तथा 02 बम के साथ गिरफ्तार किया गया था।


**भवन निर्माण विभाग**

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 123 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 15.03..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 16.03..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 16.03..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Visitor Room in Residence No.- 25M at Strand Road, Patna for the year 2023-24. | 11.06 | 22,200=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 2 | Renovation of Roofing Work (West Side) of 6A Circular Road (Office of Bihar Vikash Mission), Patna for the year 2023-24. | 13.48 | 27,000=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 3. | Renovation of Roofing Work (East Side) of 6A Circular Road (Office of Bihar Vikash Mission), Patna for the year 2023-24. | 13.49 | 27,000=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 4. | Renovation of Cement Board Partition, Granite, R.O. and Water Purifier in 6A and 6B at Circular Road (Office of Bihar Vikash Mission), Patna for the year 2023-24. | 11.90 | 23,800=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 5. | Renovation of Duco Painting and Other Work in 6A and 6B at Circular Road (Office of Bihar Vikash Mission), Patna for the year 2023-24. | 14.80 | 29,600=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 6. | Renovation of Main Building Painting, Grill Work in Residence No.- 18A at Harding Road, Patna for the year 2023-24. | 14.43 | 28,900=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 7. | Renovation of Out House, Staff Qtr., Campus Toilet, Bathroom in Residence No.- 18A at Harding Road, Patna for the year 2023-24. | 14.93 | 29,900=00 | 2,500=00 | 15 दिन |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

PR- 019135(BCD) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**भवन निर्माण विभाग**

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 203 वर्ष 2023–24

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **16.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Renovation of Room No.- 150C of Parliamentary Affairs Deptt. Bihar in Ground Floor, Old Sectt., Patna for the year 2023-24. (Sri Naveen I.A.S. Joint Secretary) | | | |
| 02- | Renovation of Room No.- 150C of Parliamentary Affairs Deptt. Bihar in Ground Floor, Old Sectt., Patna for the year 2023-24. (Furniture Work) (Sri Naveen I.A.S. Joint Secretary) | | | |

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

PR- 019138 ( BCD ) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
**विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, भवन निर्माण विभाग, पटना**

अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–73 वर्ष 2023–24

विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–1, पटना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य करने हेतु आपूर्तिकर्त्ताओं, एवं पर्याप्त अनुभव रखने वाले संवेदकों से मुहरबंद कोटेशन दिनांक–16.03.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है।

कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0 1 एवं 2, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय होगा ।

सभी प्राप्त कोटेशनों उसी तिथि को अपराह्न 3:30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

कोटेशनदाताओं द्वारा वर्णित कार्य का अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता के साथ अथवा स्वयं स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें। कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा ।

उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या या वेवसाइट https://state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

| S.No. | Name of Work | Time of Completion |
|---|---|---|
| 1 | Operation and Maintenance of 02 No. 08 Passenger (G+3) Lift/Elevator installed at Bihar Niwas, New Delhi (Make - Otis) | 01 Year |
| 2 | Operation and Maintenance of VRF Air conditioning system ( Heating and cooling ) in Samwad Bhawan ,4KG Deshratan Marg ,Patna | 01 Year |
| 3 | Quotation for SITC of 08 Passenger (544 KG) (G+2) at Bihar State Legal Authority, Patna.(Make : -kone) | 01 Year |
| 4 | Operation & Maintenance of 10 Passenger MRL (680 KG) (G+2) LifU Elevator installed at 7 Circular Road Patna (Make. Kone). | 01 Year |

PR. No. 019113 (BCD) 2023-24

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



**भवन निर्माण विभाग**

बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–74, वर्ष–2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या– 1 पटना, भवन निर्माण विभाग
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 19.03.2024 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 20.03.2024 03:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 20.03.2024 (03:30 बजे अपराहन)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–1, भ0 नि0 वि0, पटना, विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल दक्षिण बिहार, भ0 नि0 वि0, पटना एवं विद्युत कार्य अवर प्रमण्डल संख्या–2, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि 2% | परिणाम विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | S/R with addition and alteration to E.I in room No - 79, 80, 81, 84, 85, 86, 87 & 88 Computer Room East Side Ground Floor at Vikash Bhawan, Patna | 14,16,893.00 | 28500.00 | 2500 | 30 Days |
| 2 | S/R with addition and alteration to E.I in room No - 65, 65A & 65B Corridor West Side Ground Floor at Vikash Bhawan, Patna | 13,25,359.00 | 26600.00 | 2500 | 30 Days |
| 3 | S/R with addition and alteration to E.I in room No - 40, 41, 42 & 45 West Side at Vikash Bhawan, Patna | 10,67,068.00 | 21500.00 | 2500 | 30 Days |
| 4 | S/R with addition and alteration to E.I in room No - 71, 72, 73, 74, 76, & 77 East Side Ground Floor at Vikash Bhawan, Patna | 13,28,384.00 | 26600.00 | 2500 | 30 Days |
| 5 | S/R with addition and alteration to E. I in Corridor East Education Department at Vikash Bhawan, Patna | 13,35,119.00 | 26800.00 | 2500 | 30 Days |

PR. No. 019117 (BCD) 2023-24

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## एक नई लक्ष्मण-रेखा

मोटे तौर पर कहा जाएगा कि कोर्ट की मंशा अच्छी है। लेकिन यह बात भी सही है कि लोकतंत्र में अधिकारों का बंटवारा एक बुनियादी तकाजा है। शासन की एक संस्था दूसरे संस्था के अधिकार क्षेत्र में अपनी पैठ बनाने लगे, तो इसे समस्याएं पैदा हो सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने विधायिका और न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्रों के बारे में संविधान में सीमा का पुनर्लेखन कर दिया है। उसने संविधान के अनुच्छेद 105(2) की नई व्याख्या कर दी है, जिसके तहत संसद के अंदर का कथित भ्रष्ट आचरण अब न्यायिक जांच-परख के दायरे में आ जाएगा। अपने ताजा फैसले के जरिए उसने पीवी नरसिम्हा राव बनाम स्टेटइ (यानी झारखंड मुक्ति मोर्चा रिश्वत कांड) में 1998 में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया है। वह मामला जन-प्रतिनिधियों के कथित रिश्वत लेकर सदन के अंदर भाषण देने और मत डालने से संबंधित था। 1998 में पांच जजों की संविधान पीठ ने कहा था कि सांसद और विधायकों पर इस तरह के मामलों में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता, क्योंकि उन्हें संसदीय विशेषाधिकार का संरक्षण हासिल है। अब कोर्ट ने कहा है कि इस तरह के आचरण से संसदीय पवित्रता भंग होती है, इसलिए इसे संसदीय विशेषाधिकार का संरक्षण नहीं मिल सकता। मोटे तौर पर कहा जाएगा कि कोर्ट की मंशा अच्छी है। लेकिन यह तथ्य भी अपनी जगह सही है कि लोकतंत्र में अधिकारों का बंटवारा एक बुनियादी तकाजा है। अगर शासन की एक संस्था दूसरे संस्था के अधिकार क्षेत्र में अपनी पैठ बनाने लगे, तो इसे समस्याएं पैदा हो सकती हैं। संविधान में जिस तरह संसदीय विशेषाधिकार का प्रावधान किया गया है, उसी तरह का संरक्षण न्यायपालिका को भी दिया गया है। अनुच्छेद 121 के तहत सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों के जजों के आचरण पर संसद में बहस नहीं हो सकती। अब यह सवाल उठेगा कि आखिर न्यायपालिका को यह संरक्षण क्यों मिले रहना चाहिए? कुछ वर्ष पूर्व एक प्रधान न्यायाधीश पर सुप्रीम कोर्ट के अंदर यौन उत्पीड का आरोप लगा था। उस कांड की सामान्य आपराधिक न्याय प्रक्रिया के तहत जांच नहीं हुई, क्योंकि संबंधित जज को न्यायिक संरक्षण प्राप्त था। उस मामले पर संसद में भी चर्चा नहीं हो सकती थी। कोर्ट की मंशा यह है कि जन प्रतिनिधियों के भ्रष्ट आचरण पर रोक लगाई जाए। लोग इससे सहमत होंगे। लेकिन उनकी ऐसी ही आकांक्षा जजों के बारे में भी है।

## भाजपा की पहली सूची का क्या संदेश?

अजीत द्विवेदी

लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पार्टियों ने उम्मीदवारों की घोषणा शुरू कर दी है। पहले इक्का दुक्का पार्टियां ऐसा करती थीं लेकिन अब यह परंपरा बन गई है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने 30 से ज्यादा उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। आम आदमी पार्टी ने भी दिल्ली में अपने कोटे की चार सीटों के साथ साथ हरियाणा और गुजरात की सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने एक साथ 195 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की। एक अनुमान के मुताबिक भाजपा देश की 543 में से साढ़े चार सौ से कुछ ज्यादा लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और बाकी सीटें उसकी सहयोगी पार्टियों के खाते में जाएंगी। इस लिहाज से कह सकते हैं कि भाजपा ने एक झटके में अपनी करीब 40 फीसदी सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिए। भाजपा की पहली सूची कई मायनों में बहुत दिलचस्प है। जैसे भाजपा के सूत्रों के हवाले से ही दो महीने से खबर आ रही थी कि पार्टी पहले उन सीटों पर उम्मीदवार घोषित करेगी, जहां वह पिछली बार हारी थी या दो-तीन बार से नहीं जीत रही है या पिछली बार बहुत कम अंतर से जीती थी। इसे मध्य प्रदेश मॉडल कहा गया था। भाजपा ने पिछले साल के अंत में मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव में सबसे पहले कमजोर और हारी हुई सीटों पर अपने दिग्गज नेताओं को उम्मीदवार बना कर उतार दिया था। कई केंद्रीय मंत्री और सांसद विधानसभा चुनाव लड़े थे। उसी तर्ज पर लोकसभा चुनाव की पहली सूची आने की चर्चा थी। लेकिन सूची आई तो वह इसके बिल्कुल उलट थी। पार्टी ने उन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की, जहां वह पारंपरिक रूप से बहुत मजबूत है और पिछली बार भारी अंतर से जीती थी। कुछ सीटें ऐसी भी हैं, जहां कांटे की टक्कर थी लेकिन ज्यादातर सीटें ऐसी हैं, जिन पर पार्टी आसानी से जीती थी। इस तरह भाजपा ने मुश्किल सीटों पर घोषणा नहीं की। साथ ही जहां अपनी सहयोगी पार्टियों के साथ सीट बंटवारे की बातचीत फाइनल नहीं हुई है वहां के उम्मीदवारों का ऐलान भी नहीं हुआ और जिन राज्यों या जिन सीटों पर विपक्षी गठबंधन के मजबूती से लड[illegible] का अनुमान है उन सीटों पर भी घोषणा रोक दी गई। भाजपा की इस बदली हुई रणनीति का मकसद यह दिख रहा है कि वह विपक्षी गठबंधन की पार्टियों में सीट बंटवारा होने और उनके उम्मीदवार आने का इंतजार कर रही है। विपक्षी उम्मीदवारों को देखने के बाद उनके सामाजिक समीकरण और उम्मीदवारों के राजनीतिक कद के हिसाब से भाजपा अपने प्रत्याशी तय करेगी। तभी ऐसा लग रहा है कि नजदीकी मुकाबले की संभावना वाली सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा थोड़े समय और रूकी रह सकती है। इससे यह जाहिर होता है कि चुनाव जितना आसान बताया जा रहा है उतना आसान नहीं है और भाजपा को इसका अंदाजा है। इसलिए वह मुश्किल सीटों पर ज्यादा दिमाग खपा रही है। भाजपा की पहली सूची की एक खास बात यह है कि पार्टी ने दिल्ली और छत्तीसगढ़ में लगभग पूरा ही बदलाव कर दिया। दिल्ली की सात में से पांच सीटों पर भाजपा ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, जिसमें चार पर नए उम्मीदवार उतारे गए हैं। भाजपा ने नई दिल्ली सीट पर केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को उम्मीदवार बनाया है। पश्चिमी दिल्ली में दिवंगत साहेब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा को, दक्षिण दिल्ली में रमेश विधूड़ी की जगह रामवीर सिंह वधूड़ी को और चांदनी चौक मे डॉक्टर हर्षवर्धन की जगह प्रवीण खंडेलवाल को उम्मीदवार बनाया है। मौजूदा सांसदों में सिर्फ मनोज तिवारी टिकट पाने में कामयाब हुए हैं। इसी तरह छत्तीसगढ़ में सिर्फ दो लोग- विजय बघेल और संतोष पांडे को रिपीट किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि स्पीकर बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के बेटे अभिषेक सिंह टिकट नहीं हासिल कर सके तो दुर्ग से सांसद रहीं सरोज पांडेय को इस बार कोरबा से उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा के दिग्गज और आठ बार विधायक रहे ब्रजमोहन अग्रवाल इस बार रायपुर सीट से चुनाव लड़ेंगे। उधर मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है तो ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना से लड़ेंगे। सबसे दिलचस्प मामला केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते का है, जिनको पिछले साल विधानसभा की टिकट मिली थी और वे हार गए थे। लेकिन इस बार फिर उनको लोकसभा की टिकट मिल गई है। ऐसा लग रहा है कि आदिवासी सीटों पर या तो भाजपा के पास नए उम्मीदवार नहीं हैं या वह वह प्रयोग करने से बचना चाह रही है। कुल मिला कर भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची अपने असर वाले राज्यों में पार्टी का आत्मविश्वास दिखाने वाली है। तभी उसने दिल्ली और छत्तीसगढ़ में बड़ा बदलाव कर दिया तो उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में ज्यादातर सांसदों को वापस टिकट दे दिया। उत्तर प्रदेश में घोषित 51 नामों में 47 इस समय सांसद हैं। जिस अंदाज में भाजपा की सूची तैयार हुई है उसे देख कर लग रहा है कि वह हिंदी पट्टी के उत्तरी राज्यों में अपने प्रदर्शन को लेकर बहुत आश्वस्त है। तभी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड आदि राज्यों में उसने एक झटके में ज्यादातर उम्मीदवार घोषित कर दिए। गुजरात के भी ज्यादातर प्रत्याशियों की घोषणा हो गई। लेकिन बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भाजपा सावधानी बरत रही है। यह माना जा रहा है कि असली लड़ाई इन राज्यों में होने वाली है। इन राज्यों में विपक्षी पार्टियों की स्थिति मजबूत है। बिहार और महाराष्ट्र में विपक्ष का गठबंधन भी बहुत मजबूत है। विपक्षी पार्टियों ने इन चार राज्यों के हवाले भाजपा की सीटें कम करने का संकल्प जाहिर किया है। इसलिए भाजपा भी सावधानी बरत रही है। अगर उम्मीदवारों की बात करें तो कुछ बातें बहुत चौंकाने वाली हैं। जैसे भाजपा ने उत्तर प्रदेश की जौनपुर सीट से कृपाशंकर सिंह को उम्मीदवार बनाया, जो पहले कांग्रेस में थे और मुंबई में राजनीति करते थे। उनके ऊपर भ्रष्टाचार के अनेक आरोप लगे थे। फिर भी भाजपा ने उनको टिकट दे दी। इसी तरह पश्चिम बंगाल में आसनसोल सीट पर भोजपुरी गायक पवन सिंह को टिकट देने का मामला है। उनकी बैकग्राउंड और रेपुटेशन चेक किए बगैर उनको टिकट दी गई। घोषणा के 24 घंटे के अंदर ही उनको नाम वापस लेना पड़ा। झारखंड की हजारीबाग सीट पर जयंत सिन्हा की जगह मनीष जायसवाल को उम्मीदवार बनाना भी हैरान करने वाला फैसला है। पार्टी अभी तक झारखंड की 11 सीटों पर उम्मीदवार उतार चुकी है

## भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता के प्रतीक हैं शिव

महाशिवरात्रि को भगवान शिव का सबसे पवित्र दिन माना गया है, जो सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी है। ह्यमहाशिवरात्रिह्न पर्व फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 8 मार्च को संध्याकाल 9 बजकर 57 मिनट पर होगी, जिसका समापन 9 मार्च को शाम 6 बजकर 17 मिनट पर होगा। भगवान शिव की पूजा प्रदोष काल में की जाती है, इसलिए महाशिवरात्रि 8 मार्च को मनाई जा रही है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 8 मार्च को महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव जी की पूजा का समय शाम 6 बजकर 25 मिनट से 9 बजकर 28 मिनट तक है। इसके अलावा महाशिवरात्रि के चार प्रहर मुहूर्त हैं। रात्रि प्रथम प्रहर पूजा का समय शाम 6 बजकर 25 मिनट से रात 9 बजकर 28 मिनट तक है, रात्रि द्वितीय प्रहर पूजा का समय रात 9 बजकर 28 मिनट से 9 मार्च की सुबह 12 बजकर 31 मिनट तक, रात्रि तृतीय प्रहर पूजा का समय 12 बजकर 31 मिनट से प्रातः 3 बजकर 34 मिनट तक और रात्रि चतुर्थ प्रहर पूजा का समय 9 मार्च प्रातः 03.34 से 06.37 बजे तक है जबकि व्रत पारण समय 9 मार्च की सुबह 6 बजकर 37 मिनट से दोपहर 3 बजकर 28 मिनट तक है। भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि का बहुत महत्व है। इस दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। दाम्पत्य जीवन में प्रेम और सुख शांति बनाए रखने के लिए भी यह व्रत लाभकारी माना गया है। धर्मग्रंथों में भगवान शिव को कालों का काल और देवों का देव अर्थात महादेव कहा गया है।





**योगेश कुमार गोयल**
**लेखक 34 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं**

देवाधिदेव भगवान शिव के समस्त भारत में जितने मंदिर अथवा तीर्थ स्थान हैं, उतने अन्य किसी देवी-देवता के नहीं। आज भी समूचे देश में उनकी पूजा-उपासना व्यापक स्तर पर होती है। महाशिवरात्रि को भगवान शिव का सबसे पवित्र दिन माना गया है, जो सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी है। ह्यमहाशिवरात्रिह्न पर्व फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 8 मार्च को संध्याकाल 9 बजकर 57 मिनट पर होगी, जिसका समापन 9 मार्च को शाम 6 बजकर 17 मिनट पर होगा।

भगवान शिव की पूजा प्रदोष काल में की जाती है, इसलिए महाशिवरात्रि 8 मार्च को मनाई जा रही है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 8 मार्च को महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव जी की पूजा का समय शाम 6 बजकर 25 मिनट से 9 बजकर 28 मिनट तक है। इसके अलावा महाशिवरात्रि के चार प्रहर मुहूर्त हैं। रात्रि प्रथम प्रहर पूजा का समय शाम 6 बजकर 25 मिनट से रात 9 बजकर 28 मिनट तक है, रात्रि द्वितीय प्रहर पूजा का समय रात 9 बजकर 28 मिनट से 9 मार्च की सुबह 12 बजकर 31 मिनट तक, रात्रि तृतीय प्रहर पूजा का समय 12 बजकर 31 मिनट से प्रातः 3 बजकर 34 मिनट तक और रात्रि चतुर्थ प्रहर पूजा का समय 9 मार्च प्रातः 03.34 से 06.37 बजे तक है जबकि व्रत पारण समय 9 मार्च की सुबह 6 बजकर 37 मिनट से दोपहर 3 बजकर 28 मिनट तक है। भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि का बहुत महत्व है। इस दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है।

दाम्पत्य जीवन में प्रेम और सुख शांति बनाए रखने के लिए भी यह व्रत लाभकारी माना गया है। धर्मग्रंथों में भगवान शिव को ह्यकालों का कालह्न और ह्यदेवों का देवह्न अर्थात ह्यमहादेवह्न कहा गया है। एक होते हुए भी शिव के नटराज, पशुपति, हरिहर, त्रिमूर्ति, मृत्युंजय, अर्द्धनारीश्वर, महाकाल, भोलेनाथ, विश्वनाथ, ओंकार, शिवलिंग, बटुक, क्षेत्रपाल, शरभ इत्यादि अनेक रूप हैं।

सर्वत्र पूजनीय शिव को समस्त देवों में अग्रणी और पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वे अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। वे भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता के प्रतीक हैं। भारत में शायद ही ऐसा कोई गांव मिले, जहां भगवान शिव का कोई मंदिर अथवा शिवलिंग स्थापित न हो। यदि कहीं शिव मंदिर न भी हो तो वहां किसी वृक्ष के नीचे अथवा किसी चबूतरे पर शिवलिंग तो अवश्य स्थापित मिल जाएगा। हालांकि बहुत से लोगों के मस्तिष्क में यह सवाल उमड़ता है कि जिस प्रकार विभिन्न महापुरूषों के जन्मदिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है, उसी प्रकार भगवान शिव के जन्मदिन को उनकी जयंती के बजाय रात्रि के रूप में क्यों मनाया जाता है?

इस संबंध में मान्यता है कि रात्रि को पापाचार, अज्ञानता और तमोगुण का प्रतीक माना गया है और कालिमा रूपी इन बुराईयों का नाश करने के लिए हर माह चराचर जगत में एक दिव्य ज्योति का अवतरण होता है, यही रात्रि शिवरात्रि है। शिव और रात्रि का शाब्दिक अर्थ एक धार्मिक पुस्तक में स्पष्ट करते हुए कहा गया है, ह्यह्यजिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करूणासागर भगवान शिव हैं। जो नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं। महासमुद्र रूपी शिव ही एक अखंड परम तत्व हैं, इन्हीं की अनेक विभूतियां अनेक नामों से पूजी जाती हैं, यही सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान हैं, यही व्यक्त-अव्यक्त रूप से ह्यसगुण ईश्वर और निर्गुण ब्रह्म कहे जाते हैं तथा यही परमात्मा, जगत आत्मा, शम्भव, मयोभव, शंकर, मयस्कर, शिव, रूद्र आदि कई नामों से संबोधित किए जाते हैं।

शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे नीलकंठ के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव चन्द्रशेखर भी कहलाए। धार्मिक ग्रंथों में भगवान शिव के बारे में उल्लेख मिलता है कि तीनों लोकों की अपार सुन्दरी और शीलवती गौरी को अर्धांगिनी बनाने वाले शिव प्रेतों और भूत-पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका शरीर भस्म से लिपटा रहता है, गले में सर्पों का हार शोभायमान रहता है, कंठ में विष है, जटाओं में जगत तारिणी गंगा मैया हैं और माथे में प्रलयंकर ज्वाला है। बैल (नंदी) को भगवान शिव का वाहन माना गया है और ऐसी मान्यता है कि स्वयं अमंगल रूप होने पर भी भगवान शिव अपने भक्तों को मंगल, श्री और सुख-समृद्धि प्रदान करते हैं।

## शिव परमात्मा की याद का सबसे बड़ा अवसर है महाशिवरात्रि!

इस कारण महाशिवरात्रि को बहुत पवित्र पर्व माना जाता है। इस दिन सच्ची भक्ति और निष्ठा के साथ व्रत करने वालों से महादेव अवश्य प्रसन्न होते हैं और उनकी समस्त मनोकामना पूरी करते हैं। महाशिवरात्रि का यह पावन दिन हर तरह के शुभ और मांगलिक कार्य करने के लिए उत्तम माना जाता है, साथ ही इस बार की महाशिवरात्रि में शुक्र प्रदोष व्रत भी पड़ रहा है। प्रदोष व्रत रखने से भगवान शिव सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं और अपने भक्तों व साधकों से खुश होते हैं। महाशिवरात्रि की चतुर्दशी की शुरूआत 8 मार्च को 9 बजकर 57 मिनट पर होगी और तिथि का समापन शाम 6 बजकर 17 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार, महाशिवरात्रि 8 मार्च को ही मनाई जा रही है। महाशिवरात्रि का पूजन निशिता काल में किया जाता है। निशिता काल 8 मार्च को रात 12 बजकर 05 मिनट से लेकर 9 मार्च को रात 12 बजकर 56 मिनट तक रहेगा। प्रथम पहर पूजन समय 8 मार्च को शाम 6 बजकर 25 मिनट से शुरू होगा और समापन रात 9 बजकर 28 मिनट को होगा। जबकि दूसरा पहर पूजन समय 8 मार्च को रात 9 बजकर 28 मिनट से शुरू होगा और समापन 9 मार्च को रात 12 बजकर 31 मिनट पर होगा। तीसरे पहर पूजन समय उसी रात 12 बजकर 31 मिनट से शुरू होगा और समापन सुबह 3 बजकर 34 मिनट पर होगा। वही चौथा पहर पूजन समय सुबह 3 बजकर 34 मिनट से लेकर सुबह 6 बजकर 37 मिनट तक रहेगा। हम सृष्टि की रचना की प्रक्रिया का चिंतन करे तो कहा जाता है





**डॉ श्रीगोपाल नारसन**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार है**

इस बार महाशिवरात्रि 8 मार्च को मनाई जा रही है। महाशिवरात्रि चतुर्दशी के दिन ही मनाई जाती है। फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को ही भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस कारण महाशिवरात्रि को बहुत पवित्र पर्व माना जाता है। इस दिन सच्ची भक्ति और निष्ठा के साथ व्रत करने वालों से महादेव अवश्य प्रसन्न होते हैं और उनकी समस्त मनोकामना पूरी करते हैं। महाशिवरात्रि का यह पावन दिन हर तरह के शुभ और मांगलिक कार्य करने के लिए उत्तम माना जाता है, साथ ही इस बार की महाशिवरात्रि में शुक्र प्रदोष व्रत भी पड़ रहा है। प्रदोष व्रत रखने से भगवान शिव सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं और अपने भक्तों व साधकों से खुश होते हैं। महाशिवरात्रि की चतुर्दशी की शुरूआत 8 मार्च को 9 बजकर 57 मिनट पर होगी और तिथि का समापन शाम 6 बजकर 17 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार, महाशिवरात्रि 8 मार्च को ही मनाई जा रही है। महाशिवरात्रि का पूजन निशिता काल में किया जाता है। निशिता काल 8 मार्च को रात 12 बजकर 05 मिनट से लेकर 9 मार्च को रात 12 बजकर 56 मिनट तक रहेगा। प्रथम पहर पूजन समय 8 मार्च को शाम 6 बजकर 25 मिनट से शुरू होगा और समापन रात 9 बजकर 28 मिनट को होगा। जबकि दूसरा पहर पूजन समय 8 मार्च को रात 9 बजकर 28 मिनट से शुरू होगा और समापन 9 मार्च को रात 12 बजकर 31 मिनट पर होगा। तीसरे पहर पूजन समय उसी रात 12 बजकर 31 मिनट से शुरू होगा और समापन सुबह 3 बजकर 34 मिनट पर होगा।

वही चौथा पहर पूजन समय सुबह 3 बजकर 34 मिनट से लेकर सुबह 6 बजकर 37 मिनट तक रहेगा। हम सृष्टि की रचना की प्रक्रिया का चिंतन करे तो कहा जाता है कि सृष्टि के आरम्भ में ईश्वर की आत्मा पानी पर डोलती थी और आदिकाल में परमात्मा ने ही आदम व हवा को बनाया जिनके द्वारा स्वर्ग की रचना की गई। चाहे शिव पुराण हो या मनुस्मृति या फिर अन्य धार्मिक ग्रन्थ हर एक में परमात्मा के वजूद को तेजस्वी रूप माना गया है। जिज्ञासा होती है कि अगर परमात्मा है तो वह कहां है, क्या किसी ने परमात्मा से साक्षात किया है या फिर किसी को परमात्मा की कोई अनूठी अनुभूति हुई है। साथ ही यह भी सवाल उठता है कि आत्माये शरीर धारण करने से पहले कहा रहती है और शरीर छोडने पर कहा चली जाती है। इन सवालो का जवाब भी सहज ही उपलब्ध है। सृष्टि चक्र में तीन लोक होते है पहला स्थूल वतन, दूसरा सूक्ष्म वतन और तीसरा मूल वतन अर्थात परमधाम। स्थूल वतन जिसमें हम निवास करते है पांच तत्वों से मिलकर बना है। जिसमें आकाश पृथ्वी, वायु, अग्नि औरजल शामिल है। इसी स्थूल वतन को कर्म क्षेत्र भी कहा गया है। जहां जीवन मरण है और अपने अपने कर्म के अनुसार जीव फल भोगता है। इसके बाद सूक्ष्म वतन सूर्य, चांद और तारों के पार है जिसे ब्रहमपुरी, विष्णुपुरी और शंकरपुरी भी कहा जाता है। सूक्ष्म वतन के बाद मूल वतन है जिसे परमधाम कहा जाता है। यही वह स्थान है जहां परमात्मा निवास करते है। यह वह धाम है जहां सर्व आत्माओ का मूल धाम है। यानि आत्माओं का आवागमन इसी धाम से स्थूल लोक के लिए होता है। आत्माओं का जन्म होता है और परमात्मा का अवतरण होता है। यही आत्मा और परमात्मा में मुख्य अन्तर है। सबसे बडा अन्तर यह भी है कि आत्मा देह धारण करती है जबकि परमात्मा देह से परे है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार इस दिन भगवान शिव और शक्ति का मिलन हुआ था। वहीं ईशान संहिता के अनुसार फाल्गुन मास की चतुर्दशी तिथि को भोलेनाथ दिव्य ज्योर्तिलिंग के रूप में प्रकट हुए थे। शिवपुराण में उल्लेखित एक कथा के अनुसार इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था और भोलेनाथ ने वैराग्य जीवन त्याग कर गृहस्थ जीवन अपनाया था। इस दिन विधिवत आदिदेव महादेव की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है व कष्टों का निवारण होता है। अमावस्या से एक दिन पूर्व, हर चंद्र माह के चौदहवें दिन को शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। एक कैलेंडर वर्ष में आने वाली सभी शिवरात्रियों के अलावा फरवरी-मार्च माह में महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इन सभी में से महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक महत्व सबसे ज्यादा है। इस रात, ग्रह का उत्तरी गोलार्द्ध कुछ ऐसी स्थिति में होता है कि मनुष्य में ऊर्जा सहज ही ऊपर की ओर बढ़ती है। इस दिन प्रकृति मनुष्य को उसके आध्यात्मिक शिखर तक जाने में सहायता करती है। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए ही, इस परंपरा में हमने इस पूरी रात चलने वाले उत्सव की स्थापना की। इस उत्सव का एक सबसे मुख्य पहलू ये पक्का करना है कि प्राकृतिक ऊजाओं के प्रवाह को अपनी दिशा मिल सके। इसलिए आप अपनी रीढ़ की हड्डी सीधी रखते हुए जागते रहते हैं। आध्यात्मिक पथ पर चलने वालों के लिए महाशिवरात्रि का पर्व बहुत महत्वपूर्ण है। पारिवारिक परिस्थितियों में जी रहे लोगों तथा महत्वाकांक्षियों के लिए भी यह उत्सव बहुत महत्व रखता है। जो लोग परिवार के बीच गृहस्थ हैं, वे महाशिवरात्रि को शिव के विवाह के उत्सव के रूप में मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाओं से घिरे लोगों को यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण लगता है क्योंकि शिव ने अपने सभी शत्रुओं पर विजय पा ली थी। साधुओं के लिए यह दिन इसलिए महत्व रखता है क्योंकि वे इस दिन कैलाश पर्वत के साथ एकाकार हो गए थे। वे एक पर्वत की तरह बिल्कुल स्थिर हो गए थे। यौगिक परंपरा में शिव को एक देव के रूप में नहीं पूजा जाता,, वे आदि गुरु माने जाते हैं जिन्होंने ज्ञान का शुभारंभ किया। ध्यान की अनेक सहस्त्राब्दियों के बाद, एक दिन वे पूरी तरह से स्थिर हो गए। वही दिन महाशिवरात्रि था। उनके भीतर की प्रत्येक हलचल शांत हो गई और यही वजह है कि साधु इस रात को स्थिरता से भरी रात के रूप में देखते हैं।

यौगिक परंपरा के अनुसार इस दिन और रात का महत्व इसलिए भी है क्योंकि इस दिन आध्यात्मिक जिज्ञासु के सामने असीम संभावनाएँ प्रस्तुत होती हैं। आधुनिक विज्ञान अनेक चरणों से गुजरते हुए, उस बिंदु पर आ गया है, जहाँ वे ये प्रमाणित कर रहे हैं झ्र कि आप जिसे जीवन के रूप में जानते हैं, जिसे आप पदार्थ और अस्तित्व के तौर पर जानते हैं, जिसे ब्रह्माण्ड और आकाशगंगाओं के रूप में जानते हैं

## सामूहिक शक्ति का प्रतीक है अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

मनोज कुमार श्रीवास्तव

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस सामुहिक कारवाई की शक्ति का प्रतीक है।यह एक ऐसा दिन है जब पूरे विश्व में व्यक्ति, समुदाय और संगठन लैंगिक समानता और महिलाओं में अधिकारों की वकालत करने के लिए एकजुट होते हैं।अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर दुनिया भर में महिलाओं को समावेशन को बढ़ावा देने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए सामुहिक कारवाई की शक्ति का उपयोग करें।प्रभावशाली पहलों में निवेश कर, समावेशिता को बढ़ावा देकर निरन्तर सुधार के लिए प्रतिबद्ध होकर, संगठन महिलाओं के जीवन में सार्थक बदलाव ला सकते हैं। महिलाओं के लिए अपने अनुभव, चुनौतियों और जीत को साझा करने के लिए मंच बनाकर, संगठन टीम के सदस्यों के बीच सहानुभूति, समझ और एकजुटता को बढ़ावा दे सकते हैं।चाहे यह आंतरिक समाचार पत्रों, सोशल मीडिया, अभियानों या पैनल चचाओं के माध्यम से हो, महिलाओं की कहानियों को ऊपर उठाना बाधाओं को तोड़ने और प्रेरक परिवर्तन की कुंजी है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक विश्वस्तरीय आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है जिसमें हर पल विभिन्न विषय दुनिया भर के महिलाओं के सामने आने वाले मौजूदा मुद्दों और चुनौतियों को दशार्ते हैं।ये विषय अक्सर लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के खिलाफ हिंसा, आर्थिक न्याय, प्रजनन अधिकार और बहुत कुछ पर केंद्रित होते हैं। वर्ष 2024 की अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम है जो कि महिलाओं में समावेशिता को बढ़ावा दिये जाने पर केंद्रित है।हरेक साल 8 मार्च को मनाया जाने वाला अंतराष्ट्रीय महिला दिवस, महिलाओं के अधिकारों और समानता के लिए ऐतिहासिक और चल रहे संघर्ष की याद दिलाता है।इस दिन की शुरूआत 20 वीं सदी की शुरूआत में हुई।पहला राष्ट्रीय महिला दिवस 1909 में सोसलिस्ट पार्टी ऑफ अमेरिका द्वारा आयोजित किया गया था।इसके बाद 1910 में कोपेनहेगन में अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन हुआ जो क्लारा जेटकिन (जर्मनी में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए महिला कार्यालय की नेता) नामक एक महिला ने वकालत करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय विचार का प्रभाव रखा।1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता के सिद्धांत की पुश करने वाला पहला अंतराष्ट्रीय समझौता बन गया।बाद में 1975 को अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष के दौरान संयुक्त राष्ट्र ने अपना पहला आधिकारिक अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्रगति पर विचार करने, बदलाव का आह्वान करने और सामान्य महिलाओं के साहस और दृढ़ संकल्प के कार्यो का जश्न मनाने का समय है जिन्होंने अपने देशों और समुदायों के इतिहास में असाधारण भूमिका निभाई है।यह एक वैश्विक कार्यक्रम है जो महिलाओं की उपलब्धियों, संघर्षों और लैंगिक समानता के लिए चल रही लड़ाई का जश्न मनाता है। महिलाओं के मताधिकार और श्रम अधिकारों के लिए तब से यह एक वैश्विक आंदोलन के रूप में विकसित हुआ जो रैलियों, मार्चों और लैंगिक समानता, प्रजनन अधिकारियों और महिलाओं के खिलाफ भेदभाव और हिंसा की समाप्ति करने वाले द्वारा चिन्हित है। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस लैंगिक समानता की दिशा में हुई प्रगति और दुनिया भर में सभी महिलाओं के लिए पूर्ण अधिकार और सशक्तिकरण प्राप्त करने के लिए आवश्यक निरन्तर कार्य की याद दिलाता है। हर साल 8 मार्च को मनाये जानेवाले अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का इतिहास 20 वीं सदी से जुड़ा है। इसकी शुरूआत अमेरिकी समाजवादी और श्रमिक आंदोलनों से हुई थी।उस समय की महिलाएँ अपने अधिकारों जैसे काम के घण्टे कम करने, बेहतर वेतन और वोट देने के अधिकार की मांग के लिए लड़ रही थी। इस दिवस पर यह तय किया जाता है कि हमे एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहिए जहां किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो।इस दिन हम यह सिख पाते हैं की महिलाओं को कैसे और क्यों सम्मान किया जाना चाहिए। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों का सम्मान और उनकी उपलब्धियों को देखने के लिए मनाया जाता है।इस दिन अपने अस्तित्व के निर्माण करने वाली हर उस नारी का सम्मान किया जाता है जिसने समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है।यह दिवस समाज के उत्थान में महिलाएं भी पुरुषों के कंधे से कंधे मिलाकर चल सके।इस दिन नारी के संघर्षों को सम्मानित किया जाता है।यह दिन नारी शक्ति को नमन करके समाज को जोड़ने का कार्य करता। यह दिवस हमें यह बताता है मानव को बिना किसी भेदभाव के महिलाओं का सम्मान करना चाहिए क्योंकि महिलाओं से ही सृष्टि का श्रृंगार होता है।समाज को समृद्धि की ओर ले जाने में महिलाओं का मुख्य योगदान होता है और इसे किसी को भी नहीं भूलना चाहिए।महिलाएं समाज निर्माण के साथ-साथ परिवार निर्माण में भी अहम भूमिका निभाती हैं। भारत में महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए केन्द्र सरकार के अधीन एक अलग मंत्रालय है जिसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के नाम से जाना जाता है ।जबतक हम महिलाओं के प्रति अपनी मानसिकता नहीं बदलेंगे, दुनिया में एक न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना मुश्किल होगा।अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुरूआत न्यूयार्क शहर में 1908 में कई महान अशांति की दौरान हुई थी।अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के 100 वें वर्ष में यानी 2011 में संयुक्त राज्य अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने मार्च महीने को महिलाओं का इतिहास माह घोषित किया था।

## संक्षिप्त खबरें

### विधुत चोरी के 5 आरोपी पर जुमार्ने के साथ थाने मे प्राथमिकी दर्ज

असरगंज(मुंगेर)।असरगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर कनीय अभियंता रौशन कुमार के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान में मानव बल सुमन शौरव , अशोक साह मुख्य रूप से शामिल थे। छापेमारी अभियान में पांच लोगों को अवैध रूप से बाईपास कर बिजली चोरी करते पकड़ा गया। पकड़े गये उपभोक्ताओं पर जुमार्ना राशि के साथ असरगंज थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया। जिनमें नगर पंचायत अंतर्गत पंकज शर्मा की पत्नी सरिता देवी पर 40 हजार 789 रूपया, रहमतपुर खादी भंडार के हरिराम के पुत्र दीपक राम पर 17 हजार 161 रुपया, धान गोला के स्व. गणेश नायक के पुत्र दिलीप नायक पर 34 हजार 259 रूपया, रहमतपुर गांव के राजेश सिंह कि पत्नी अनीता देवी पर 18 हजार 159 एवं रहमतपुर गांव के राम यादव की पत्नी सुनीता देवी पर 25 हजार 297 रूपया का जुमार्ना लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

### प्रवाह संस्थान ने महिला व किसान को लाभप्रद जानकारी देने हेतु बैठक आयोजित

बारियारपुर (मुंगेर)।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अंतर्गत प्रवाह संस्था के माध्यम से महिला किसान के बीच अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस काला टोला कल्याण टोला में मनाया गया कार्यक्रम का आयोजन फील्ड सुपरवाइजर प्रियंका कुमारी निरंजन कुमार व फील्ड गाइड प्रीति कुमारी के द्वारा किया गया । कार्यक्रम के मुख्य परियोजना प्रबंधक अजय कुमार ने प्रवाह संस्थान के द्वारा चलाई जा रहे महिला किसान को लाभप्रद जानकारी दिया।इस अवसर पर महिलाओं के बीच मनोरंजन के लिए खेल का भी आयोजन किया गया। जिससे कि महिलाओं के बीच ऊर्जा संचालित होता रहे महिला किसानों को आर्थिक परेशानी से छुटकारा दूर करने बैंक के द्वारा दी जाने वाली सीसीसी ऋण लेने के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई पीएम सम्मान निधि लेने के क्या-क्या नियम हैं खेतों से अधिक उपज प्राप्त करने के लिए जीरो टिलेज विधि से खेती करने के बारे में बताते हुए कहा कि इस विधि से खेती करने में लागत काम आती है और उपज अधिक होती है जिससे किसान मुनाफे में रहते हैं साथ ही साथ डीएसआर विधि से खेती करने की जानकारी दी गई खेतों में जैविक खाद प्रयोग करने के फायदे बताए गए साथ ही साथ जैविक खाद बनाने की विधि भी बताई गई इसके अलावा महिला किसान को अन्य कई प्रकार की लाभप्रद जानकारी दी गई।

### अमृत महोत्सव के समान है प्रभु श्रीरामलला की स्थापनाः जिलाध्यक्ष

नवगछिया (भागलपुर)। भागलपुर जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी ने कहा की भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार अपने भाजपा परिवार के साथ अयोध्या पहुंचकर रामलला का भव्य दरबार में दर्शन कर पूजा की और माथा टेका।रामलला की दर्शन के बाद उन्होंने बताया है कि राम मंदिर वास्तव में राष्ट्रीय चेतना और राष्ट्र के पुनर्जागरण का केंद्र बन गया है। हम सभी ने भागलपुर सहित पूरे देश के स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए भगवान प्रभु श्रीराम के समक्ष प्रार्थना की है।साथ ही उनसे आशीर्वाद मांगा है कि देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विकास की नई ऊंचाइयों को छूता रहे ये कामना की।साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और प्रतिबद्धता से अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर प्रांगण में श्रीरामलला की स्थापना से करोड़ों भारतीयों के लिए अमृत महोत्सव के समान है।इस मौके पर भाजपा दल के दर्जनों कार्यकर्ता के साथ साथ उनके समर्थक मौजूद थे।

# डीएम की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण एवं स्वीप के तहत बृहत कार्यक्रम हुआ आयोजित

प्रात: किरण ब्यूरो




मुंगेर। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर जिला प्रशासन द्वारा एक ओर जहां तैयारियां शुरू कर दी गयी है, वहीं मतदाता जागरूकता के लिए लगातार नए नए कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।इसके तहत गुरूवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजकीय अभियंत्रण कॉलेज , मुंगेर के आंडिटोरियम में महिला सशक्तिकरण एवं स्वीप के तहत वृहत कार्यक्रम का आयोजन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, स्वीप आईकॉन श्रीजा सेन गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं, सेविका, सहायिका, जीविका दीदी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं को जहां महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गयी वहीं आसन्न लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदान के प्रति जागरूक होने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सभी लोकतंत्र का एक हिस्सा हैं और लोकतंत्र के महापर्व में आपका अहम योगदान होता है। मतदान आपका अधिकार है और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। आप जितना अधिक मतदान करेंगे, जितने अधिक जागरूक होंगे और अपनी जागरूकता और सजगता से अपने मतदान का प्रयोग करेंगे आपकी भागीदारी लोकतंत्र के निर्माण में उतनी ही महत्वपूर्ण होगी। मतदान के प्रतिशत में आपकी भागीदारी ही किसी भी प्रत्याशी के जीत हार को सुनिश्चित करती है और आपकी यही भागीदारी उस विजयी प्रत्याशी को भी आपके भविष्य निर्माण अथवा अन्य किसी भी मांगों को पूरा करने के लिए बाध्य करती है। इस लिए आप जितने भी युवा मतदाता हैं वे मतदान में अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें। पहले मतदान फिर जलपान सहित अन्य जितने भी स्लोगन हैं उसे मतदान के दिन अवश्य याद रखें और उसके आधार पर ही अपने मताधिकार का हर हाल में प्रयोग करें। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से मतदान करने की अपील की साथ ही सबों को अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने की बात कही। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मुंगेर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के दिन मतदान का प्रतिशत प्रायः कम देखा जाता है, जिसे बढ़ाना आप मतदाताओं के हाथों में है। इस लिए आप सभी मतदाता विशेषकर युवा मतदाता मतदान के दिन बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें और अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। इससे न सिर्फ मतदान के प्रतिशत में वृद्धि होगी, बल्कि आपके मताधिकार से किसी प्रत्याशी के जीत हार भी सुनिश्चित होगा। स्वीप लोगो की लौंचिंग आज के कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी द्वारा स्वीप के लोगो की भी लौंचिंग की गयी। इस दौरान उन्होंने लोगो का लोकार्पण करते हुए आमलोगों को स्वीप की महत्ता सहित अन्य बिंदुओं की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वीप कोषांग के माध्यम से मतदाता जागरूकता हेतु लगातार नुक्कड़ नाटक सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि लोग मतदान के प्रति जागरूक हों और मतदान के दिन अपने मताधिकार का हर हाल में प्रयोग करें। युवा मतदाताओं को मतदाता जागरूकता हेतु दिलाया गया शपथःजिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी द्वारा आज के कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवा छात्रों, महिलाओं सहित अन्य लोगों को मतदाता जागरूकता के तहत लोगों को शपथ भी दिलाया गया।

# जमालपुर रेल कारखाना की अस्तित्व बचाने को लेकर 11 मार्च को आयोजित धरना कार्यक्रम का किया गया समीक्षा बैठक

प्रात: किरण ब्यूरो



मुंगेर। किला मुंगेर स्थित शहीद स्मारक भवन में प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर की एक अति आवश्यक बैठक की गई। इसकी बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन एवं संचालन मोर्चा के सह संयोजक मोहम्मद शकील अहमद ने की। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ साथी नरेश सिंह यादव ने कहा कि आगामी 11 मार्च 2024 को जुबली वेल जमालपुर परिसर में रेल बचाओ जमालपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा की तरफ से एक दिवसीय धरना का आयोजन रेल कारखाना जमालपुर के विकास के संदर्भ में रखा गया है ।जिसमें पर प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर के सभी साथी गण भी बड़ी संख्या में भाग लें ,इसी उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई है। रेल बचाओ जमालपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा के संयोजक अशोक कुमार मंडल ने कहा कि एशिया महादेश का सबसे पुराना रेल कारखाना जमालपुर जहां स्थापना काल में लगभग 22 हजार श्रमिक कार्य करते थे। लेकिन विगत 10 वर्षों में केंद्र सरकार की उपेक्षा के कारण यह कारखाना आज बंदी के कगार पर है। श्रमिकों की संख्या भी घटकर लगभग सात हजार हो गया है। इर्मी का आधा भाग काटकर मौजूदा केंद्र सरकार द्वारा लखनऊ ले जाया गया है साथ ही जमालपुर रेल कारखाना में संचालित कई सौपो को बंद कर दिया गया है जो शॉप आज चालू भी है वहां आउटसोर्सिंग मजदूरों से काम लिया जा रहा है। जिसके कारण वेतन भोगी श्रमिकों की संख्या काफी घट गई है। जमालपुर में रेल विश्वविद्यालय की स्थापना शीघ्र कराने, डीआरएम ऑफिस की स्थापना भी जमालपुर में कराने सहित अनेक रेल से संबंधित मुद्दों को लेकर 11 मार्च को धरना का आयोजन किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। मोर्चा के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने अपने संबोधन में कहा मुंगेर प्रमंडल में एम्स की स्थापना, होम्योपैथिक कॉलेज मुंगेर जिसका सम्बन्धन 2016 से शाशित निकाय के अनदेखी के कारण समाप्त हो गया है। सम्बन्धन के लिए जरूरी मापदंडों को पूरा कर फिर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू की जाए। आईटीसी सीक्रेट फैक्ट्री एवं दूध फैक्ट्री में आउटसोर्स से बहाली बंद कर स्थानीय प्रशिक्षित युवाओं को बहाल किया जाए। 2018 में स्थापित मुंगेर विश्वविद्यालय का जमीन जिला प्रशासन अभी तक चिन्हित नहीं कर पाया है अतः यथाशीघ्र जमीन चिन्हित कर आवश्यक प्रक्रिया पूरा करते हुए निर्माण कार्य शीघ्र चालू किया जाए। कार्यक्रम को मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य प्रभात कुमार मिश्रा, प्रकाश कुमार सिंह, अशोक रजक, शंकर दास ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मोहम्मद कौसर फैयाज, अशोक चौधरी, संजीवन कुमार सिंह, योगेंद्र यादव उर्फ जोगी जी, प्रणव कुमार, संजय कुमार शर्मा, मोहम्मद शकील, प्रकाश चंद्र यादव, अशोक कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# जिला पदाधिकारी ने चयनित 630 लाभुको में से पांच लाभुकों को दिया चेक

प्रात: किरण ब्यूरो




मुंगेर । बिहार लघु उद्यमी योजना अंतर्गत मुंगेर जिला में चयनित कुल 630 लाभुको में से 05 लाभुकों के बीच बुधवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय वेश्म में प्रथम किस्त के रूप में 50,000/- रुपए का सांकेतिक चेक वितरित किया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुंगेर जिला अंतर्गत चयनित कुल 630 लाभुकों में से कोटिवार अनुसूचित जाति-136, अनुसूचित जनजाति-14, पिछड़ा वर्ग-176, अति पिछड़ा वर्ग-239 एवं सामान्य वर्ग के 71 लाभुक बिहार लघु उद्यमी योजना अंतर्गत चयनित हुए हैं। लाभुकों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय किस्त के रूप में क्रमशः 50,000.00 रुपए, 1,00,000. 00 रुपए एवं 50,000.00 रुपये की राशि खाता में प्रदान की जायेगी। योजना के अन्तर्गत राज्य के आर्थिक रूप से गरीब सभी परिवारों को (पारिवारिक आय प्रतिमाह 6,000.00 रुपए से कम) लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य है। प्रत्येक परिवार में से एक व्यक्ति को ही योजना का लाभ दिया जायेगा जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच है।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चलाया गया गहन वाहन जांच अभियान

प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर संग्रामपुर थाना पुलिस के द्वारा संग्रामपुर बस स्टैंड सहित प्रमुख चौक चौराहों पर गहन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के सुल्तानगंज देवघर मुख्य मार्ग पर आने-जाने वाले सभी छोटे- बड़े वाहनों की जांच की गईं। जांच के दौरान सभी आने-जाने वाले लोगों की गाड़ी की डिक्की एवं जरूरी कागजात की बारीकी से जांच की गयी। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष रूबी कांत कच्छप ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में किसी प्रकार की अप्रिय घटना व असमाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार वाहन जांच अभियान चल रहा है। ताकि शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराया जा सके। यह अभियान लगातार थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों में चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वाहन जांच के दौरान बिना हेलमेट, लाइसेंस, धूंआ, बीमा सहित विभिन्न प्रकार के कागजात नहीं रहने पर 23 वाहनों से कुल 22 हाजर 500 सौ रुपए जुमार्ने की राशि वसूली गई। इस चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई।

# महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर झांकी सह दीप महोत्सव का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)।महाशिवरात्रि के पावन पर मौके पर संग्रामपुर मोड़ स्थित मंदिर प्रांगण में 3101 दीप जलाकर मनाया जाया गया। भव्य श्री शिव विवाह शोभा यात्रा निकाली जाएगी। संग्रामपुर मोड़ से पीजे इंटरनेशनल स्कूल से होकर, संग्रामपुर बाजार, भगवान शिव का घोर रूप भगवान शिव का तप रूप नरसिंह भगवान गुरुड़ पर माता लक्ष्मी के साथ नारायण भगवान जी के साथ इंद्र अग्नि सूर्य वरुण शनि यमराज विश्वकर्मा आदि देवताओं के साथ ऋषि मुनि एवं भूत प्रेत की झांकियां निकाली जाएगी।इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षक होगी ।इस कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रकाश सिंह, निर्देशन में शंकर राम मनोयोग साह गोपी साह , नरेश दास ,गणेश भगत ,दीपक बादल,कार्यक्रम मे अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं।इस कार्यक्रम को सफल बनाने व निगरानी के लिए एक टीम बनाया गया है इसके लिए नीरज भगत को करने का भारतीय गया है।

### चुनाव को ले सीमावर्तीय क्षेत्र इलाके का निरीक्षण कर लिया जायजाः डीएम

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी द्वारा झारखंड के समीप (ह्वारा) के सीमा क्षेत्र इलाके का गहन निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही उन्होंने नजदीकी कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया, जहां भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित आदेश के आलोक में मतदाताओं को सुनिश्चित किये जा रहे हैं कि 11 प्रकार की मूलभूत सुविधाएं की उपलब्धता से परिपूर्ण है या नही वही उन्होंने उक्त दिशा में संबंधित स्थलों का जांच कर वस्तु स्थिति का अवलोकन किया गया है। वही मौके पर उपस्थित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सा प्रखंड विकास पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। वही निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार अप समाहर्ता, संबंधित बीडियो व अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# उल्टा नाथ महादेव मंदिर पर संध्या में मंडप पूजन एवं प्रति भोज का श्रद्धालु उठाएंगे लुफ्त

प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। धार्मिक दृष्टिकोण से अंग प्रदेश का चर्चित श्री श्री 108 बाबा तारकेश्वर नाथ महादेव सह उल्टा नाथ महादेव मंदिर तारापुर में आयोजन समिति के द्वारा महाशिवरात्रि को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है । गौरतलब है कि महाशिवरात्रि को लेकर आयोजन समिति ने 7 मार्च गुरुवार की संध्या में पूरे विधि विधान के साथ भोलेनाथ एवं मैया पार्वती का मंडप पूजन एवं प्रीतिभोज का कार्यक्रम रखा गया है।

जिसकी तैयारी सुबह से ही की जा रही है । मंदिर के बाहरी एवं भीतरी हिस्से को फूलों के साथ-साथ दूधिया रोशनी से काफी सजाया भव्य तरीके से सजाया गया है । फिर 8 मार्च महाशिवरात्रि के दिन भोलेनाथ के ऊपर श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक करने के बाद रात्रि में शुभ विवाह एवं भंडारा का आयोजन भी पूरी कर ली गई है । ठीक इसी तरह क्षेत्र के रत्नेश्वर नाथ महादेव रणगांव, विरनोधानाथ महादेव शिव मंदिर माधोडीह सहित खैरा ,बेलबिहमा, अफजलनगर , शिव मंदिर में भी ग्रामीण श्रद्धालुओं ने महाशिवरात्रि को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है । बता दे कि लगभग एक सप्ताह तक रत्नेश्वर नाथ महादेव मंदिर रणगांव में महाशिवरात्रि के मौके पर लगने वाले मेले में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती भी अनुमंडल प्रशासन तारापुर ने सुनिश्चित की है ।इधर अधिवक्ता हरे कृष्णा वर्मा संजय पोद्दार ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन उल्टा नाथ महादेव मंदिर तारापुर से भोलेनाथ की बारात पूरे धूमधाम से रात्रि में निकाली जाएगी।

भोलेनाथ की बारात में श्रद्धालु कई वेशभूषा में सजकर साथ चलते हैं । महाशिवरात्रि को लेकर सभी शिव मंदिरों को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया है । रत्नेश्वर नाथ महादेव मंदिर एवं उल्टा नाथ महादेव मंदिर में सालों भर दूर-दूर से श्रद्धालु पूजा करने को लेकर यहां आते हैं । मान्यता यह है कि जिन भी श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना के दौरान मन्नते मांगते हैं भोलेनाथ उनकी मन्नतें पूरा करते हैं ।

# फ्लाई ऐश समस्या निपटारा को ले एनटीपीसी अधिकारियों के साथ हुई बैठकः डीएम

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने चुनाव को लेकर क्षेत्र दौरा के क्रम में कहलगांव पहुंचे। जहां उन्होंने झारखंड सीमावर्ती इलाकों का जायजा लेने के साथ साथ एनटीपीसी से निकलने वाली फ्लाई एश की समस्या से निपटने हेतू एनटीपीसी कहलगांव के परियोजना प्रमुख नारायण प्रकाश सहरी सहित अन्य पदाधिकारी के साथ बैठक की। बैठक के क्रम में जिलाधिकारी ने मुख्य रूप से एनटीपीसी से निकलने वाली फ्लाई एश को लेकर आ रही समस्या पर गहन विचार विमर्श किया गया। उक्त समस्याओं के निराकरण हेतू स्थानीय अनुमंडल पदाधिकारी कहलगांव को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है, जिनके द्वारा फ्लाई ऐश की आपूर्ति से संबंधित आ रही सभी समस्याओं का निराकरण करेंगे। वही जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया कि जहां ट्रैफिक की समस्या है वहां सर्वप्रथम फ्लाई ऐश की आपूर्ति की जाय, साथ ही भरी ट्रैकों के जाने वाले बायपास की ओर रास्ता दे उनको यातायात परिचालन में प्राथमिकता दी जाय और वैसे चिन्हित मार्ग को पहले ठीक किया जाय की बात पर जोड़ दिया गया है। इस मौके पर एनएच 80 के प्रतिनिधि एवं उनके संबंधित एजेंसी एनएचएआई के प्रतिनिधि और उनके एजेंसी तथा एनटीपीसी के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि को ले शान्ति समिति की बैठक हुई सपन्न

नवगछिया (भागलपुर)। आगामी महाशिवरात्रि आयोजन को लेकर बिहपुर थाना प्रांगण में स्थानीय शान्ति समिति सदस्यों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने करते हुए कहा कि आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर सभी शिवालय मंदिर के अलावा अन्य मंदिर स्थल पर विशेष निगरानी रखी जायेगी, साथ ही मंदिर स्थलों पर मंदिर के पूजा आयोजकों पर डीजे साउंड सिस्टम उपयोग न करने करने हेतू निर्देश दिया गया है। वही मंदिर मार्गों पर पुलिस बलो की विशेष तौर पर प्रतिनियुक्ति की गई हैं। जगह जगह उपद्रवियों की गतिविधियों पर निगरानी हेतू विशेष पुलिस टीम की तैनाती के साथ साथ पुलिस टीम द्वारा पेट्रोलिंग ड्यूटी लगातार लगी रहेगी। साथ ही थानाध्यक्ष ने कहा कि महाशिवरात्रि के मौके पर प्रशासन मुश्तैद रहेगी, पूजा आयोजन को सौहाद्रपूर्ण वातावरण माहौल में सम्पन्न हो इसके लिए आम लोगों के साथ साथ सभी प्रतिनिधियों का सहयोग किये जाने की अपील की। इस मौके पर मुखिया सलाउद्दीन, पूर्व प्रमुख अरविन्द चौधरी, पूर्व सरपंच राधाकृष्ण सिंह, कांग्रेस नेता इरफान आलम समेत दोनों समुदायों के दर्जनों लोग मौजूद थे।

# अग्नि से बचाव हेतु लोगों के बीच चलाया जागरूकता अभियान

प्रात: किरण संवाददाता।

भागलपुर। जिला अग्निशमन विभाग भागलपुर के द्वारा अग्नि सुरक्षा के मद्देनजर जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के अलावा विभिन्न व्यवसायी प्रतिष्ठान एवं शिक्षण संस्थान के साथ साथ आम लोगों के बीच मॉक ड्रिल कर लोगों के बीच अग्नि बचाव कार्य को लेकर लोगों को जागरूक किया गया है। इस दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने गैस एजेंसी बरारी, बलदेव पेट्रोल पम्प जरलाही, उर्दू प्रा.वि. राजपुर सबौर, प्रा. वि. लालूचक नाथनगर, माँ शक्ति पेट्रोल पम्प कजरेली, इन्सीच्यूट ऑफ ब्रेन स्पाईन हॉस्पिटल भागलपुर, चन्द्रप्रभा एचपी गैस ऐजेंसी, पंचायत चंधेरी मिजार्पुर सबौर, हमारा पेट्रोल पम्प विशनपुर जिच्छो, घोष म.वि. चंपानगर नाथनगर, ग्राम-रघुचक पंचायत कटहारा सुलतानगंज, म. वि. कुमारपुर सुलतानगंज व गोराडीह के पंचायत पिथना में आमजनता के समक्ष अग्नि सुरक्षा से संबधित बैठक कर मॉकड्रिल कराया गया। साथ ही विभाग के कर्मचारियों ने पम्पलेट व लिफलेट बाँटकर लोगों को आग से राहत बचाव कार्य के प्रति जागरूक किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत आगामी 9 मार्च को होगी आयोजित

- 24 बेंच पर होगी संबंधित मामलों की सुनवाई
- लंबित प्रकरणों में चल रहे कुल 75 हजार केसों से जुड़े कई विभाग को जारी किए गए हैं नोटिस
- पहली बार ग्राम कचहरी के मामले की भी होगी सुनवाई

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत आगामी 9 मार्च को होने वाले इस साल के पहले राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। आगामी 9 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर डीएलएसए सचिव उमेश प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी पूरी कर ली गई है। विगत 9 मार्च को इस साल का पहला राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होने जा रहा है, उसके बाद आगामी 11 मई को होगा तो वही 14 सितंबर को जिसके बाद साल के अंतिम चरण में 14 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि इस बार भागलपुर सिविल कोर्ट प्रांगण में 18 बेंच, नवगछिया में पांच बेंच और कहलगांव में एक बेंच लगाए जाएंगे इस दौरान कुल 24 बेंच पर संबंधित मामलों सुनवाई की जाएगी। जिसमें कुल 75 हजार केस के जुड़े लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। कुल 31 हजार बैंक के कैस से संबंधित मामले को भी इसमें शामिल किया गया है, वहीं उन्होंने बताया कि पहली बार राष्ट्रीय लोक अदालत में ग्राम कचहरी से जुड़े मामले पर भी सुनवाई किये जाएंगे। वहीं न्यायालय प्रांगण में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे।

# धारदार हथियार से गले पर किया प्रहार, हालत गम्भीर

- परिवारिक विवाद को लेकर जुड़ा था मामला
- घायल युवक का मायागंज अस्पताल के ईएनटी विभाग में भर्ती के साथ चल रहा इलाज

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। पीरपैंती थाना क्षेत्र के फौजदारी गांव इलाके में विगत देर शाम पारिवारिक विवाद को लेकर स्थानीय ग्रामीण गुंजन रविदास के गले पर एक धारदार हथियार से प्रहार कर गम्भीर रूप से जख्मी व घायल कर दिया है। वही घटना के बाद स्थानीय लोगों व परिवारजनों के द्वारा जख्मी व गम्भीर हालत में त्वरित इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेजाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल गुंजन रविदास को बेहतर इलाज हेतु रैफर कर मायागंज अस्पताल भागलपुर भेजा गया। जहां चिकित्सकों द्वारा भर्ती प्रक्रिया के साथ उसका इलाज जारी है। वही उक्त घटना को लेकर दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कहलगांव के नेतृत्व में पीरपैंती परिक्षेत्र के इंस्पेक्टर व थानाध्यक्ष अपनी पुलिस टीम के मौके पर पहुंच दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर चिन्हित ठिकानों पर दबिश कार्रवाई में जुटी हुई हैं। वही पुलिस टीम ने मारपीट में शामिल तीनों अभियुक्त शंभू रविदास, छोटू रविदास व वकील रविदास की गिरफ्तारी कर ली गई है। वही पीड़ित परिवार के द्वारा दिये आवेदन प्राप्त कर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रतार कार्रवाई की जा रही है।

# शिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न

प्रात: किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। झंडापुर ओपी थाना परिसर में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर स्थानीय शांति समिति सदस्यों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष मधुसूदन पासवान ने करते हुए कहा कि क्षेत्र इलाके के सभी धार्मिक स्थलों के साथ साथ प्रसिद्ध मंदिर प्रांगण में शिवरात्रि पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन की विशेष चौकसी बनी रहेगी। इस मौके पर शिवरात्रि पर्व को सौहाद्रपूर्ण वातावरण माहौल में सम्पन्न करने हेतू ग्रामीणों के साथ साथ स्थानीय समिति सदस्यों का सहयोग की अपील की, साथ ही उन्होंने कहा कि शिव बारात आयोजन के क्रम में क्षेत्रों में निकलने वाली झांकी में उपद्रव व शरारती तत्वो पर निगरानी के साथ साथ पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी। इस महाशिवरात्रि के मौके पर जिले सभी गांव इलाके में प्रशासन की विशेष निगरानी के साथ साथ जवानों की मुशतेदी के साथ पेट्रोलिंग ड्यूटी पर भी बनी रहेगी। सभी प्रतिनिधियों से भी अपील करते हुए कहा कि उनकी सहयोग से सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व को सम्पन्न हो ये उम्मीद की है।इस मौके पर दारोगा धर्मवीर कुमार, लक्ष्मण प्रसाद, धनजी सिंह सहित वरिष्ठ समाजसेवी शिबु चौधरी, सरपंच राजीव चौधरी उर्फ मांगो, ब्रजेश चौधरी, तारा देवी, नीलम देवी, पंसस दरोगा प्रसाद सिंह, रघुवीर पासवान, रविप्रकाश भारती, मो जाहिद समेत दोनों समुदायों के दर्जनों लोग मौजूद थे।

# यशस्वी जायसवाल ने बनाए सबसे तेज 1000 टेस्ट रन, गावस्कर और पुजारा के रिकॉर्ड तोड़े



**धर्मशाला (एजेंसी)।** यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में 42 गेंदों पर एक चौके और 3 छक्कों की मदद से 33 रन बनाते हुए सुनील गावस्कर, चेतेश्वर पुजारा के रिकॉर्ड्स को तोड़ दिया है। जायसवाल सबसे कम टेस्ट मैचों में 1000 रन बनाने वाले भारतीय बन गए हैं। इसी के साथ ही वह सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीयों में भी शामिल हो गए हैं। इंग्लैंड को पहली पारी में 218 रन पर ढेर करने के बाद जायसवाल ने पांचवें टेस्ट के पहले दिन के तीसरे सत्र में 1000 रन पूरे करते हुए सबसे कम मैचों में 1000 टेस्ट रन पूरे किए। उन्होंने मात्र 9 टेस्ट में यह कमाल किया है जबकि गावस्कर और पुजारा ने इसके लिए 11 टेस्ट खेले हैं। वहीं जायसवाल सबसे तेज 1000 टेस्ट रन के मामले में 16 इनिंग्स के साथ दूसरे स्थान पर आ गए हैं। पहले स्थान पर विनोद कांबली हैं जिन्होंने 14 इनिंग्स में 1000 टेस्ट रन बनाए हैं। वहीं पुजारा ने 18, मयंक अग्रवाल ने 19 और गावस्कर ने 21 इनिंग्स खेली थी।

### 1000 टेस्ट रन के लिए सबसे कम मैच

7 - डॉन ब्रैडमैन
9 - एवर्टन वीक्स
9 - हर्बर्ट सटक्लिफ
9 - जॉर्ज हेडली
9- यशस्वी जयसवाल

भारतीय रिकॉर्ड पहले सुनील गावस्कर और चेतेश्वर पुजारा (प्रत्येक 11 मैच) के नाम था।


### सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय (पारी के हिसाब से)

14- विनोद कांबली
16- यशस्वी जयसवाल
18- चेतेश्वर पुजारा
19 - मयंक अग्रवाल
21 - सुनील गावस्कर

गौर हो कि भारत ने कुलदीप यादव (5/72) और रविचंद्रन अश्विन (4/51) की शानदार गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड को पहली पारी में 218 रन पर ढेर कर दिया। इंग्लैंड की तरफ से जैक क्रॉली एक मात्र सफल बल्लेबाज साबित हुए जिन्होंने 108 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 79 रन बनाए।

## संक्षिप्त समाचार

### खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरी के खिलाफ तेजस्विन शंकर, उठाए सवाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के ऊंची कूद के शीर्ष खिलाड़ी तेजस्विन शंकर ने खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरियों के लिए पात्र बनाने के खेल मंत्रालय के फैसले पर सवाल उठाया है और कहा है कि इससे खिलाड़ी 'अनुचित तरीके' अपनाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं क्योंकि यह नीति लगातार अच्छे प्रदर्शन की जगह एकल उपलब्धि को पुरस्कृत करती है।

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को घोषणा की कि खेलो इंडिया खेलों- युवा, विश्वविद्यालय, पैरा और शीतकालीन खेल- के पदक विजेता संशोधित मानदंडों के अनुसार सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में ऊंची कूद में कांस्य और पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में डेकाथलन में रजत पदक जीतने वाले तेजस्विन इस फैसले से खुश नहीं थे लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि उनके विचारों को 'अलोकप्रिय राय% माना जा सकता है। तेजस्विन ने 'एक्स% पर लिखा, 'अगर हम एक खेल महाशक्ति बनना चाहते हैं तो हम युवाओं/जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा के तहत नौकरियां देने को सामान्य नहीं बना सकते। एक मानदंड होना चाहिए, जैसे राष्ट्रीय स्तर पर तीन साल तक लगातार पदक जीतना या राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष आठ में पांच साल रहना आदि।

इस राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक ने कहा, '...जब सरकारी नौकरी की बात हो तो अनुचित साधनों का सहारा लेने के लिए प्रोत्साहन वास्तव में बहुत अधिक है और आपको राष्ट्रीय स्तर पर आयु समूह स्तर पर एक बार पदक जीतना है। हमें प्रदर्शन में निरंतरता को पुरस्कृत करने की आवश्यकता है। हालांकि उन्होंने उम्मीदवारों द्वारा अपनाए जाने वाले अनुचित साधनों की सटीक प्रकृति के बारे में कुछ नहीं कहा। सरकार ने कहा है कि इस कदम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारना और खेल को एक आकर्षक तथा व्यावहारिक करियर विकल्प में बदलना है। तेजस्विन ने कहा कि खेलो इंडिया एक 'शानदार' पहल है लेकिन नौकरी के अवसर देना उसके लक्ष्य के अनुरूप नहीं है।

उन्होंने कहा, 'खेलो इंडिया जागरूकता बढ़ाने, प्रतिभा की खोज करने, रुचि विकसित करने, खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने आदि का एक शानदार अवसर है, यानी सच्चा जमीनी स्तर का विकास जो एक स्वागत योग्य कदम है। नौकरियां इसमें फिट नहीं होती...। तेजस्विन ने कहा, 'असली गुंजाइश राष्ट्रीय स्कूल, अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों, खेलो इंडिया, जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप, सीबीएसई राष्ट्रीय चैंपियनशिप, केवीएस राष्ट्रीय चैंपियनशिप, अंडर 14-16 राज्य स्तर आदि का आयोजन करने वाली संस्थाओं के बीच तालमेल बैठाने में है... इससे प्रत्येक प्रदर्शन को उचित रूप से पहचानकर प्रतिभा को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

पिछले महीने खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ (एमओसी) ने पेरिस ओलंपिक की ऊंची कूद स्पर्धा में क्वालीफाई करने के इरादे से महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए यूरोप में प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए वित्तीय सहायता के शंकर के अनुरोध को मंजूरी दे दी थी। एक व्यक्ति को जवाब देते हुए तेजस्विन ने कहा, 'दुनिया भर में एक प्रतिशत से भी कम लोगों के पास वास्तव में पेशेवर खिलाड़ियों के रूप में करियर है और वे खेल से जीवनयापन करने के लिए पर्याप्त कमाई करते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला बचाने उतरेगा न्यूजीलैंड, विलियमसन और साउथी पर नजरें



**वेलिंगटन (एजेंसी)।** शीर्ष बल्लेबाज केन विलियमसन और कप्तान टिम साउथी शुक्रवार से क्राइस्टचर्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड के लिए अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे जिसे जीतकर मेजबान टीम श्रृंखला ड्रॉ करवाना चाहेगी। विलियमसन और साउथी का न्यूजीलैंड क्रिकेट में योगदान अतुल्नीय है। साउथी 16 जबकि विलियमसन 14 वर्ष से टीम का हिस्सा हैं। विलियमसन न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

विलियमसन के नाम टेस्ट क्रिकेट में 8,675 रन हैं जो कि देश के अगले सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रोस टेलर से लगभग हजार रन अधिक हैं। उनके नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 हजार से अधिक रन हैं। साउथी के नाम 378 टेस्ट विकेट हैं और वह न्यूजीलैंड की सर्वकालिक सूची में रिचर्ड हैडली (431) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। वनडे में उनके नाम 221 विकेट हैं जिससे वह डेनियल विटोरी और काइल मिल्स के बाद तीसरे स्थान पर हैं।

इस सत्र की शुरुआत में वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में 150 विकेट लेने वाले किसी भी देश के पहले गेंदबाज बने। साउथी इसके साथ ही तीनों प्रारूपों में 100 मैच खेलने वाले दुनिया के चौथे और न्यूजीलैंड के दूसरे खिलाड़ी बन जाएंगे। विलियमसन बेसिन रिजर्व में पहले टेस्ट की पहली पारी में दूसरी गेंद पर शून्य पर रन आउट हो गए और दूसरी पारी में नौ रन बनाए। इस मैच को ऑस्ट्रेलिया ने 172 रन से जीता।

इससे पहले उन्होंने अपने पिछले आठ टेस्ट मैचों में से सात में शतक बनाए जिसमें श्रीलंका के खिलाफ दोहरा शतक और इस सत्र की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट की प्रत्येक पारी में शतक भी शामिल है। साउथी फॉर्म में नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में 138 रन देकर दो विकेट चटकाए और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोनों टेस्ट में उन्हें केवल एक-एक विकेट मिला।

35 साल के साउथी अपने करियर के अंतिम चरण की ओर बढ़ रहे हैं। उन्हें नई पीढ़ी के गेंदबाजों से चुनौती मिल रही है जिसमें विल ओरोर्के भी शामिल हैं जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पदार्पण मैच में 93 रन देकर नौ विकेट चटकाए जो न्यूजीलैंड की ओर से किसी गेंदबाज का अपने पहले मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बेन सियर्स भी हेगले ओवर में पदार्पण के लिए तैयार हैं।

न्यूजीलैंड को उम्मीद है कि विलियमसन और साउथी दोनों शुक्रवार से शुरू हो रहे टेस्ट में महत्वपूर्ण योगदान देंगे और टीम 2017 के बाद से घरेलू मैदान पर पहली बार श्रृंखला गंवाने से बच जाएगी। न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन में दो पारियों में 179 और 196 रन बनाए और उन्हें ऑफ स्पिनर नाथन लियोन के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा जिन्होंने मैच में 10 विकेट लिए। हेगले ओवल में शुरुआत में गेंदबाजों को उछाल और बाद में टर्न मिलने की संभावना है। न्यूजीलैंड को यह तय करना होगा कि लगातार तीसरे मैच में टीम चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगी या नहीं।

# टीम इंडिया के स्पिनर्स का चला जादू



**धर्मशाला (एजेंसी)।** धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड की पारी 218 रनों पर सिमट गई है। एक समय टीम बड़े स्कोर की तरफ बढ़ते दिख रही थी। लेकिन फिर भारतीय स्पिनर्स का जादू देखने को मिला। भारत के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड ने बेहतरीन शुरुआत की। सलाममी बल्लेबाज जैक क्राउली ने अर्धशतक बनाया। इससे एक समय टीम का स्कोर 3 विकेट पर 175 रन था। लेकिन अगले 8 रन बनाने में इंग्लैंड ने 5 विकेट खो दिए। भारत की स्पिन गेंदबाजी का उनके पास कोई जवाब नहीं था। अंत में एक समय 300 के पार जाती दिख रही इंग्लैंड की टीम सिर्फ 218 रनों पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट की पहली पारी में 218 रन पर ऑलआउट हो गई। फिलहाल, पहले दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है और भारत एक विकेट के नुकसान के 135 रन बना लिए हैं। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी क्रीज पर है। रोहित अपने टेस्ट करियर की 18वीं फिफ्टी पूरी कर चुके हैं।

- **8 रन बनाने में इंग्लैंड के 5 विकेट गिरे**
- **इंग्लैंड पहली पारी में 218 रन पर ढेर**
- **रोहित की 18वीं फिफ्टी, यशस्वी अर्धशतक बनाकर आउट, 135/1**
- **कुलदीप यादव 5 तो अश्विन ने 4 विकेट लिए**

चैंपियंस लीग

# एमबापे के दो गोल की मदद से पीएसजी क्वार्टर फाइनल में पहुंचा




**सैन सेबेस्टियन (स्पेन) (एजेंसी)।** किलियन एमबापे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने रीयाल सोसिडाड को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पीएसजी की जीत में दोनों गोल एमबापे ने किये जिससे उनकी टीम कुल 4-1 के अंतर से जीत दर्ज करने में सफल रही।

पीएसजी ने पहले दौर का मैच 2-0 से जीता था और उसमें भी एमबापे ने एक गोल किया था। एमबापे पहले ही कह चुके हैं कि पीएसजी के साथ यह उनका अंतिम सत्र होगा। पीएसजी ने अभी तक चैंपियंस लीग का खिताब नहीं जीता है। वह 2020 में उपविजेता रहा था जबकि 2021 में उसने सेमीफाइनल ने जगह बनाई थी। इस बीच म्यूनिख में खेले गए मैच में बायर्न म्यूनिख ने हैरी केन के दो गोल की मदद से लाजियो को 3-0 से हराकर चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

केन इस सत्र में बायर्न म्यूनिख की तरफ से 33 गोल कर चुके हैं। बायर्न म्यूनिख रोम में खेले गए पहले दौर के मैच में 1-0 से हार गया था। इस तरह से उसने 3-1 के कुल अंतर से जीत दर्ज करके अंतिम आठ में जगह बनाई।

# कार्तिक 2024 सत्र के बाद आईपीएल को कहेंगे अलविदा, अंतरराष्ट्रीय संन्यास पर जल्द लेंगे फैसला



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 सत्र में अंतिम बार इस लुभावनी लीग में खेलने की तैयारी रहे हैं और इस टी20 लीग के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की ओर से खेलने वाले 38 वर्षीय कार्तिक 2008 से आईपीएल के सभी 16 सत्र में खेले हैं।

इस दौरान 16 सत्र में वह सिर्फ दो मैच नहीं खेले बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया, '2024 सत्र उनका (दिनेश कार्तिक का) आखिरी आईपीएल होगा। वह आईपीएल के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। आईपीएल में सबसे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाजों में से एक कार्तिक ने लीग में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। वह 2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब कैपिटल्स) के साथ शुरुआत करने के बाद 2011 में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) से जुड़े। वह अगले दो सत्र मुंबई इंडियन्स की ओर से खेलने के बाद 2014 में 12.5 करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि पर दोबारा दिल्ली से जुड़े।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने उन्हें 2015 में 10.5 करोड़ रुपए में अनुबंधित किया। वह 2016 और 2017 में गुजरात लायंस की ओर से खेले और फिर चार सत्र तक कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा रहे। उनकी अगुआई में 2018 में नाइट राइडर्स की टीम आईपीएल प्लेऑफ में पहुंची और टीम 2019 में अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही। आईपीएल 2022 से पहले कार्तिक को केकेआर ने रिलीज कर दिया था और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने उन्हें दूसरी बार साढ़े पांच करोड़ रुपए में खरीदा था।

मुख्य रूप से फिनिशर की भूमिका निभाते हुए उन्होंने आरसीबी के लिए 2022 में शानदार प्रदर्शन किया। कार्तिक ने 2022 में 16 मैच में 55 की औसत और 183.33 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए और टीम को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन के दम पर कार्तिक ने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल सके।

विराट कोहली की अगुआई वाली भारतीय टीम तब चैंपियन बने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हारकर बाहर हो गई। लेकिन तब तक कार्तिक ने तेजतर्रार, तकनीक से भरपूर दृष्टिकोण के साथ एक कमेंटेटर के रूप में भी अपना नाम बना लिया था। तमिलनाडु के इस खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय करियर में भी अच्छा प्रदर्शन किया है, विशेषकर यह देखते हुए कि उनका करियर दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी के साथ टकराता है।

कार्तिक ने 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पदार्पण के बाद 26 टेस्ट खेले जिसमें 1025 रन बनाए। उन्होंने 57 कैच लेने के अलावा छह स्टंप भी किए। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट 2018 में खेला था। वनडे में उन्होंने 2004 और 2019 के बीच 94 मैच में 1752 रन बनाए और 64 कैच तथा सात स्टंपिंग की। कार्तिक ने 2006 में सबसे छोटे प्रारूप में पदार्पण करने के बाद भारत के लिए आखिरी मैच 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला। उन्होंने 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 686 रन बनाए और 30 कैच तथा आठ स्टंपिंग की।

# 100वें टेस्ट पर भारतीय खिलाड़ियों ने अश्विन को दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**सचिन से लेकर लक्ष्मण-कुंबले तक, क्रिकेट जगत ने इस तरह दी अश्विन-बेयरस्टो को 100वें टेस्ट की बधाई**

**धर्मशाला (एजेंसी)।** धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम के सुंदर नजारों के बीच रविचंद्रन अश्विन और जॉनी बेयरस्टो ने 100वीं टेस्ट कैप हासिल कीं। दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां मुकाबला इन दोनों खिलाड़ियों के लिए बेहद खास है। भारतीय टीम पहले से ही इस सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर चुकी है और इस टेस्ट का कोई खास महत्व सीरीज के नजरिए से न हो, लेकिन अश्विन और बेयरस्टो की व्यक्तिगत यात्रा के लिए यह मैच बहुत महत्व रखता है। सोशल मीडिया पर भी इन दोनों को काफी बधाई संदेश मिल रहे हैं। सचिन तेंदुलकर से लेकर वीवीएस लक्ष्मण और अनिल कुंबले तक ने इन खिलाड़ियों को बधाई दी है।




### अश्विन का रिकॉर्ड

भारतीय टेस्ट टीम के मुख्य गेंदबाज अश्विन ने धर्मशाला टेस्ट से पहले तक 99 टेस्ट में 507 विकेट चटकाए हैं। इसके अलावा वनडे और टी20 में भी उन्होंने अच्छा योगदान दिया है। उनके टेस्ट आंकड़े 23.91 के प्रभावशाली औसत का दावा करते हैं, जिसमें 35 फाइव विकेट हॉल और आठ 10 विकेट हॉल शामिल हैं। अश्विन हाल ही में कुंबले को पीछे छोड़ते हुए घरेलू जमीन पर सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे।

- **जॉनी बेयरस्टो का रिकॉर्ड** – बेयरस्टो टेस्ट में 100वीं इंग्लिश कैप पाने वाले इंग्लैंड के 17वें खिलाड़ी बन गए हैं। धर्मशाला टेस्ट से पहले बेयरस्टो ने 36.42 की औसत से 5,974 रन बनाए हैं, जिसमें 12 शतक और 26 अर्द्धशतक शामिल हैं। इंग्लैंड के बैजबॉल में बेयरस्टो का योगदान अहम रहा है। उन्होंने इस दौरान छह शतक जड़े हैं। बैजबॉल टेस्ट में इंग्लैंड के आक्रामक क्रिकेट खेलने के तरीके को कहा जाता है।
- **क्रिकेट जगत ने दोनों को बधाई दी** – जैसे ही अश्विन और बेयरस्टो ने 100वीं टेस्ट कैप हासिल की, महान सचिन तेंदुलकर सहित क्रिकेट के कई दिग्गजों ने हार्दिक शुभकामनाएं भेजी हैं। 200 टेस्ट मैच खेलने वाले तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर दोनों के लिए एक खास पोस्ट किया।

उन्होंने लिखा– धर्मशाला में यह एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि अश्विन और बेयरस्टो 100वीं बार टेस्ट की जर्सी पहन रहे हैं। यह एक अविश्वसनीय उपलब्धि है जो रेड बॉल के क्रिकेट के लिए उनके जुनून और दृढ़ता के बारे में बताती है। मैं आशा करता हूं कि दोनों के लिए यह मैच शानदार रहे।वहीं, अनिल कुंबले ने लिखा– अश्विन आपकी उपलब्धियों पर गर्व है। भारत के लिए ऐसे ही मैच जीतते रहें। आप एक चैंपियन खिलाड़ी हैं और अभी कई और उपलब्धियां बाकी हैं। बेयरस्टो को भी 100 टेस्ट के लिए बधाई। यह एक शानदार उपलब्धि है। ऐसे ही अच्छा करते हैं। इसके अलावा प्रज्ञान ओझा, वीवीएस लक्ष्मण, साइमन डडली, वसीम जाफर, वेंकटेश प्रसाद, एस बद्रीनाथ ने भी शुभकानाएं दी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में भाजपा ने 8 जिलाध्यक्ष बदले, वसुंधरा राजे गुट के नेताओं की एंट्री



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने 8 जिला अध्यक्ष बदल दिए है। खास बात यह है कि पूर्व सीएम वसुंधर राजे के गुट के नेताओं को एंट्री मिली है। जबकि ओम बिरला के गुट के नेताओं को भी एडजस्ट किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आदेश जारी कर दिए है। भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान में 8 जिला अध्यक्ष बदल दिए हैं। गुरुवार सुबह जारी हुई लिस्ट में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रदेश की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे गुट के नेताओं को जगह दी गई है। ये बदलाव 5 मार्च को जारी गई 34 जिलाध्यक्षों की घोषणा के बाद किया गया है। क्योंकि कहा जा रहा था कि इन नामों में राजे गुट के नेता शामिल नहीं है। इसी के चलते 48 घंटे के अंदर झुंझुनूं, सीकर, टोंक, डूंगरपुर, कोटा शहर, कोटा देहात, बूंदी और बारां के जिलाध्यक्ष बदल दिए गए। नए आदेश के अनुसार, अब झुंझुनूं के नए बीजेपी जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी होंगे। पहले रतन सिंह तंवर को ये जिम्मेदारी दी गई थी. इसी तरह सीकर में बनवारी लाल यादव को हटाकर वसुंधरा गुट के कमल सीकवाल को बीजेपी ने नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। टोंक में अजीत मेहता को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि डूंगरपुर में बंसीलाल पाटीदार को हटाकर वसुंधरा गुट के हरीश पाटीदार को बीजेपी जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं कोटा शहर में बिरला गुट के राकेश जैन, कोटा देहात में बिरला गुट के प्रेम गोचर और बूंदी में बिरला गुट के सुरेश अग्रवाल को बीजेपी ने नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जबकि बारां में राजे गुट के नन्दलाल सुमन को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### छत्तीसगढ़ में एक और भाजपा नेता की नक्सलियों ने ली जान, घात लगाकर हमला, जेसीबी फूंकी



**बीजापुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बुधवार को नक्सलियों ने कथित तौर पर भाजपा के एक नेता की हत्या कर दी। कैलाश नाग स्थानीय ठेकेदार थे। बताया जाता है कि जांगला थाना क्षेत्र के भुर्रीपानी गांव में एक तालाब की खुदाई चल रही थी। इसके लिए वन विभाग ने जेसीबी लगाई थी। आईजी बस्तर ने बताया कि बुधवार शाम को करीब 5 बजे नक्सली घटना स्थल पर पहुंचे और नाग की हत्या कर दी। नक्सलियों ने जेसीबी को भी आग के हवाले कर दिया। कैलाश नाग बीजापुर जिले में भाजपा के व्यापारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी थे। आईजी ने बताया कि कैलाश नाग की माओवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी और तालाब निर्माण के काम में लगे जेसीबी वाहन को फूंक दिया। मामले में जांगला थाना पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है। इससे पहले 1 मार्च को बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक बीजेपी नेता की हत्या कर दी थी। नक्सलियों ने जनपद सदस्य तिरुपति कटला की उस समय हत्या कर दी थी जब वह एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। माना जा रहा है कि नक्सली इन हत्याओं के जरिए चुनावी माहौल में अपनी दहशत कायम करना चाहते हैं। बताया जाता है कि नक्सलियों ने भाजपा के व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष कैलाश नाग घात लगाकर हमला किया। हत्या को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने उनकी लाश को भूरीपानी और कोकमेंटा के बीच फेंक दिया। एसपी जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि कैलाश नाग जांगला के रहने वाले थे। पिछले साल से किसी भाजपा नेता की यह नौवीं हत्या है। अभी पिछले हफ्ते ही छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में माओवादियों ने भाजपा के एक नेता की हत्या कर दी थी।

# प्रकाश आंबेडकर ने महा विकास अघाडी से महाराष्ट्र में कुल 48 लोकसभा सीटों में से 17 सीटों की मांग की

**मुंबई , एजेंसी।**
महाराष्ट्र में लोकसभा सीटों के बंटवारे पर एनडीए और आईएनडीआईए दोनों ही गठबंधनों में खींचतान जारी है। बुधवार को विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाडी (एमवीए) के घटक दलों के नेताओं और वंचित बहुजन अघाड़ी के प्रकाश आंबेडकर के बीच राज्य की 48 लोकसभा सीटों के बंटवारे पर मुंबई के एक होटल में बैठक थी। ये बैठक करीब साढ़े तीन घंटे चली लेकिन बेनतीजा रही।

सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में प्रकाश आंबेडकर ने दो ऐसी शर्तें रख दीं, जिससे एमवीए के दो बड़े नेता टेंशन में आ गए। दरअसल, आंबेडकर ने उस बैठक में राज्य की कुल 48 लोकसभा सीटों में से 17 सीटों की मांग कर दी। इतना ही नहीं आंबेडकर ने अकोला, अमरावती, डिंडोरी, रामटेक और मुंबई की एक सीट पर भी दावा ठोक दिया। इसके अलावा आंबेडकर ने सांगली और वर्धा सीटों पर सीट शेयरिंग से पहले ही अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, जहां आम तौर पर कांग्रेस चुनाव लड़ती है। इससे एमवीए के घटक दलों कांग्रेस, शिव सेना (उद्धव गुट) और



एनसीपी (शरद पवार) के सामने मुश्किल खड़ी हो गई है। दी, जो उद्धव ठाकरे और शरद पवार के लिए टेंशन देने वाला है। बैठक में प्रकाश आंबेडकर ने शर्त रखी कि गठबंधन के सभी सहयोगी दलों को यह लिखित रूप से देना होगा कि चुनाव बाद भाजपा के साथ कोई गठबंधन नहीं करेंगे। दरअसल, प्रकाश आंबेडकर ने यह मुद्दा इसलिए उठाया क्योंकि महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में यह चर्चा चल रही है कि एमवीए के कुछ घटक दल भाजपा से बातचीत कर रहे हैं। बैठक के बाद इंडिया टुडे ग्रुप से बातचीत करते हुए वंचित बहुजन अघाड़ी के प्रवक्ता सिद्धार्थ मोकले ने कहा कि उनकी पार्टी दोहरे मानकों के खिलाफ है। इसीलिए प्रकाश आंबेडकर ने सहयोगी दलों के सामने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आंबेडकर भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसलिए सभी भागीदारों को भी ऐसी ही प्रतिबद्धता दिखाने की जरूरत है। इसबीच, शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने महा विकास आघाडी के घटक दलों के बीच राज्य की 48 लोकसभा सीट में से किसी पर भी विवाद होने से इनकार किया है। राउत ने बैठक में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से कहा कि सीट-बंटवारे के फॉर्मूले का विवरण एमवीए सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से घोषित किया जाएगा लेकिन, उन्होंने इस संबंध में कोई समय-सीमा बताने से इनकार कर दिया। राउत ने कहा, '' एमवीए घटक दलों के बीच 48 में से एक भी सीट पर कोई विवाद नहीं है। प्रकाश आंबेडकर से भी हमारी बहुत सकारात्मक चर्चा हुई है। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तानाशाही शासन को हटाने के हमारे रुख से भी संतुष्ट हैं।'' उन्होंने बैठक में चर्चा के विवरण के बारे में पूछे जाने पर कहा कि आंबेडकर ने हमें एक प्रस्ताव दिया था जिस पर सकारात्मक चर्चा हुई। राउत ने कहा कि बैठक में अन्य लोगों के अलावा शरद पवार, उद्धव ठाकरे, जितेंद्र आव्हाड (राकांपा-शरदचंद्र पवार) और आंबेडकर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि सहयोगी दलों के बीच कोई मतभेद नहीं है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता ने कहा, ''सीट-बंटवारे के फॉर्मूले का विवरण सभी एमवीए सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से घोषित किया जाएगा।

## मोदी लहर में गंवाया राजस्थान, अब इन तीन नेताओं से कांग्रेस को उम्मीद

**जयपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव की तारीखों का बेशक अभी ऐलान न हुआ हो लेकिन सभी पार्टियों ने युद्धस्तर पर इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के हाथ से राजस्थान फिसल गया था। 2014 में पार्टी को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। वहीं 2019 में 24 सीटें बीजेपी की झोली में आई थीं। ऐसे में पार्टी 2024 में अपना पूरा दमखम लगाकर इस स्थिति को बेहतर बनाने की पूरी कोशिश में है। यहां बीजेपी को मात देने के लिए उसने अपने तीन धुरंधर नेताओं पर भरोसा जताया है।

पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में पूर्व सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और पूर्व केंद्रीय मंत्री सीपी जोशी जैसे वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतारने पर विचार कर रही है। एआईसीसी के राजस्थान प्रभारी एसएस रंधावा ने मंगलवार को घोषणा की कि पार्टी गहलोत और पायलट के साथ बातचीत कर रही है। वहीं सीपी जोशी, जो पिछली विधानसभा के अध्यक्ष थे, के नाम पर जयपुर सिटी और भीलवाड़ा लोकसभा सीट से लड़ने की चर्चा की जा रही है।

रंधावा ने यह भी बताया कि एआईसीसी महासचिव मुकुल वासनिक के नेतृत्व वाली समिति राज्य में संभावित गठबंधन के लिए अन्य दलों के साथ बातचीत कर रही है। मजबूत आधार होने के बावजूद, कांग्रेस पिछले दो चुनावों में इसे सीटों में तब्दील नहीं कर पाई थी। 2014 में मोदी लहर में पार्टी को सभी सीटों पर हार जबकि 2019 में केवल एक सीट पर जीत मिली थी। यह सीट भी गठबंधन सहयोगी आरएलपी के खाते में गई थी।

# हिमाचल संकट हल करने के लिए खरगे को भेजी रिपोर्ट

**शिमला, एजेंसी।**
राज्यसभा चुनाव में करारी हार के बाद हिमाचल में कांग्रेस की फजीहत हुई। सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार पर संकट के बादल फिलहाल शांत दिखाई दे रहे हैं लेकिन, अंदरखाने सबकुछ ठीक नहीं है। कांग्रेस पर्यवेक्षकों ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को मामले में तीन पन्नों की सीक्रेट रिपोर्ट सौंपी है। जिसमें सुक्खु के आलोचना की गई है। खबर ये भी है कि रिपोर्ट में प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को पद से हटाने की सिफारिश शामिल है।

राज्यसभा चुनाव के बाद हिमाचल प्रदेश की सरकार पर जिस तरह संकट के बादल आ गए थे, उस पर कांग्रेस पर्यवेक्षकों ने एक सीक्रेट रिपोर्ट तैयार की है। हालांकि सुक्खू सरकार पर से संकट के बादल फौरी तौर पर छंट गए लेकिन, अभी लड़ाई लंबी है। पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस चीफ खरगे को सौंपी रिपोर्ट में सिफारिश की है कि सुक्खू का पद चुनाव तक सेफ रखा जाए। चुनाव के बाद विचार किया जा सकता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को तीन पन्नों की गोपनीय रिपोर्ट भेजी गई है। इसमें हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रति नाराजगी और आलोतना की गई है। साथ ही 6 विधायकों के बागी होने के पीछे राज्य कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा सिंह को जिम्मेदार ठहराया गया है। सीक्रेट रिपोर्ट में विक्रमादित्य सिंह की भूमिका पर भी ध्यान दिया गया है। ऐसा लिखा है कि अभी विक्रमादित्य से कहा है कि लोकसभा चुनाव तक सुक्खू की कुर्सी नहीं जाने वाली। कांग्रेस पर्यवेक्षकों द्वारा खरगे को सौंपी गई रिपोर्ट में राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग का प्रमुखता से जिक्र है। जिसमें कांग्रेस के 6 विधायकों द्वारा भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में वोटिंग की गई थी। इसमें परिणाम यह निकला था कि कांग्रेस उम्मीदवार विधानसभा में पार्टी के 40 विधायकों के संख्याबल के बावजूद हार गए। वहीं, 25 विधायकों के संख्याबल के साथ भाजपा उम्मीदवार की जीत हुई थी। रिपोर्ट में इस प्रकरण पर सुखविंदर सिंह सुक्खू की आलोचना की गई है। यह कहा गया है कि मुख्यमंत्री अपने विधायकों को एक साथ रखने में असमर्थ थे।

रिपोर्ट में विक्रमादित्य सिंह के सुक्खू सरकार के खिलाफ बागी तेवरों पर भी लिखा गया है। पर्यवेक्षकों ने पाया है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पर आए संकट में विक्रमादित्य सिंह ने अनुशासन तोड़ा है। उनके कार्यों से पार्टी नेताओं ने यह संदेह भी जताया कि आने वाले समय में उन पर भरोसा किया जाए या नहीं? उधर, 6 बागी विधायकों पर पर्यवेक्षकों ने रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि क्रॉस वोटिंग के लिए उन्हें मोटी रकम दी गई।

पर्यवेक्षकों ने खरगे को सौंपी सीक्रेट रिपोर्ट में प्रदेश सरकार पर मंडरा रहे संकट को दूर करने के लिए कुछ सिफारिश भी की हैं। इसमें लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले असंतुष्ट विधायकों को निगम और कई विभागों में पद देने की बात कही गई है। पर्यवेक्षकों ने अपनी रिपोर्ट में पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह को आड़े हाथों लिया है। इंडिया टुडे के मुताबिक, सीक्रेट रिपोर्ट में ऐसा प्रस्ताव है।

## जौनपुर में भाजपा के जिला मंत्री की गोली मारकर हत्या

### बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी के खिलाफ लड़ चुके थे चुनाव

**जौनपुर, एजेंसी।**
यूपी के जौनपुर में बीजेपी के जिला मंत्री प्रमोद यादव की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। प्रमोद 2012 में बीजेपी के टिकट पर बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी जागति सिंह के खिलाफ मल्हनी सीट से यूपी विधानसभा का चुनाव लड़े थे। उस चुनाव में इस सीट पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार पारस नाथ यादव को जीत मिली थी। जबकि जागृति सिंह दूसरे नंबर पर रहीं थीं।

सुबह 10 बजे के करीब बदमाशों ने भाजपा नेता पर हमला कर उनपर गोली चला दी। प्रमोद यादव को आनन फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस वारदात के बाद जिला पुलिस ऐक्शन में आ गई है। जौनपुर जिले में जगह-जगह चेकिंग चल रही है। भाजपा नेता को गोली मारने वाले बदमाशों की तलाश की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को जौनपुर के बक्सा थाना क्षेत्र के बोधापुर मोड़ पर यह वारदात हुई है। अज्ञात बदमाशों ने भाजपा नेता प्रमोद यादव को गोली मार दी। प्रमोद को लेकर लोग आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया लेकिन थोड़ी देर बाद ही उनकी मौत हो गई।



## यूपी में 13 हजार अवैध मदरसे बंद करने की सिफारिश, एसआईटी ने सरकार को सौंपी रिपोर्ट

**लखनउ, एजेंसी।** यूपी में अवैध मदरसों की जांच कर रही एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट यूपी सरकार को सौंप दी है। एसआईटी ने करीब 13 हजार अवैध मदरसों को बंद करने की सिफारिश की है। इनमें से अधिकतर अवैध मदरसे नेपाल सीमा पर मौजूद हैं। एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। इस रिपोर्ट के बाद बड़ी कार्रवाई की जा सकती है । दरअसल, जिन 13000 मदरसों को बंद करने की सिफारिश की गई है। वह अधिकतर नेपाल बॉर्डर से सटे हुए जिले हैं। महाराजगंज श्रावस्ती बहराइच समेत 7 जिले ऐसे हैं जहां मदरसों की संख्या 500 से भी अधिक बताई जा रही है।

एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया है कि इन मदरसों ने अपने आय और खर्च का ब्योरा नहीं दिया। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो एसआईटी ने आशंका जताई है कि साजिश के तहत टेरर फंडिंग के लिए जुटा गई रकम को मदरसा निर्माण के लिए भेजा गया है। एसआईटी ने यह भी बताया है कि मदरसा का कहना है कि निर्माण चंदों द्वारा किया गया है हालांकि चंदों के बारे में जानकारी नहीं दी गई है।

आपको बता दें कि यूपी में मदरसों की फंडिंग को लेकर जांच के निर्देश दिए गए थे। इन मदरसों की जांच के लिए एसआईटी टीम बनाई थी। इस एसआईटी टीम ने जांच की। जांच में एसआईटी के सामने कई चौंकाने वाली बात सामने आई।

## पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने 44 साल बाद मानी अपनी गलती, पूर्व पीएम की फांसी पर उठाए सवाल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने 44 साल पहले फांसी पर लटकाए गए पूर्व पीएम जुल्फिकार अली भुट्टो को मिली सजा के मामले में गलती मानी है। अदालत ने कहा कि 1979 में जुल्फिकार अली भुट्टो को सैन्य शासन में फांसी दी गई थी। उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा चल रहा था, लेकिन उनके खिलाफ ट्रायल सही से नहीं चला। बीते कई सप्ताह से इस मामले में सुनवाई चल रही थी और सोमवार को अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। चीफ जस्टिस काजी फैज इसा ने कहा, हम नहीं मानते कि जुल्फिकार अली भुट्टो के खिलाफ सही से केस चला था और न ही पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया।

जुल्फिकार अली भुट्टो को मिली सजा के फैसले पर समीक्षा याचिका 2011 में पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने दायर की थी। आसिफ अली जरदारी रिश्ते में भुट्टो के दामाद हैं और अब उनकी बनाई पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के मुखिया भी हैं। जुल्फिकार



अली भुट्टो की सजा को लेकर पाकिस्तान के राजनीतिक हलकों में बहस चलती रही है कि उन्हें जल्दबाजी में फांसी की सजा दी गई थी और उनके खिलाफ सही से ट्रायल नहीं चलाया गया। इसी मामले में जरदारी ने केस दायर किया था। जिस पर सुनवाई के बाद अब 13 साल बाद फैसला आया है

इस याचिका की सुनवाई 9 सदस्यों वाली संवैधानिक बेंच ने की। अदालत में सुनवाई के दौरान एक वकील ने तो यहां तक कहा कि भुट्टो के खिलाफ हत्या का केस नहीं चला बल्कि केस की हत्या हुई थी।

# सदगुरू के साथ महाशिवरात्रि उत्सव में जगमगाया टाइम्स स्क्वायर, न्यूयॉर्क में गूंजा हर-हर महादेव

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर ने सोमवार को अनोखी और यादगार शाम देखी। यहां शिव और शंभो के मंत्रोच्चार के साथ टाइम्स स्क्वायर की बिग स्क्रीन पर महाशिवरात्रि का वीडियो प्रसारित हुआ। सद्गुरु की झलक के साथ महाशिवरात्रि का वीडियो स्क्रीन पर जैसे ही चला, न्यूयॉर्कवासी हर हर महादेव की धुन पर जमकर थिरकने लगे।

एक्स पर वीडियो साझा करते हुए ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु ने पोस्ट किया, न्यूयॉर्क के टाइम्सस्क्वायर पर महाशिवरात्रि का भव्य स्वागत! दुनिया मानव क्षमता को बढ़ाने और परिवर्तन के अवसर के उत्सव के रूप में शिव की महान रात के महत्व को समझ रही है। आइए हम इसे साकार करें।

न्यूयॉर्क में महाशिवरात्रि उत्सव का आनंद लेने के बाद कई दर्शकों ने अपने अनुभव साझा किए। एक महिला मार्गेट ने कहा, जब टाइम



स्क्वायर की स्क्रीन पर सद्गुरु की छवि दिखाई दी तो हवा में प्यार और उत्साह देखकर मेरे चेहरे से आंसू बह निकले। उन्होंने कहा, यह उत्सव, जुड़ाव और याद दिलाने वाली रात थी और इस आध्यात्मिक अनुभव को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। टाइम्स स्क्वायर पर इस भव्य वीडियो आयोजन के 140 मिलियन से अधिक लोग साक्षी बने। सद्गुरु के साथ महाशिवरात्रि वीडियो आयोजन ने दुनिया में सबसे प्रतीक्षित वार्षिक आयोजनों में स्थान हासिल कर लिया है। इस वर्ष भी, महाशिवरात्रि पर रात भर चलने वाले समारोहों में सद्गुरु द्वारा निर्देशित उत्सवपूर्ण संगीत और मंत्रमुग्ध नृत्य प्रदर्शन होंगे। यह भव्य आयोजन 8 मार्च शाम 6 बजे से 9 मार्च सुबह 6 बजे तक दुनिया भर की 22 भाषाओं में सद्गुरु के यूट्यूब चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस आयोजन में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। जबकि, मंच पर शंकर महादेवन, गुरदास मान जैसे अन्य प्रसिद्ध कलाकारों का मनमोहक प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

# बुजुर्ग ने लगवा लीं कोरोना वैक्सीन की 217 डोज, वैज्ञानिकों के उड़ गए होश

**बर्लिन/मैगडेबर्ग, एजेंसी।**
जर्मनी के मैगडेबर्ग शहर में रहने वाले एक 62 वर्षीय बुजुर्ग शख्स ने हैरान करने वाला दावा किया है। उसने बताया कि उसे कोरोना वायरस की 200 से अधिक वैक्सीन की डोज लगी हैं। शख्स के इस दावे के बाद वैज्ञानिकों के होश उड़ गए। फ्रेडरिक-अलेक्जेंडर-यूनिवर्सिटीएट एर्लांगेन-नूर्नबर्ग (एफएयू) और यूनिवर्सिटाट्सक्लिनिकम एर्लांगेन के शोधकर्ताओं ने अखबार की रिपोर्टों से उस व्यक्ति के बारे में पता लगाया और उसकी इम्यून रिस्पॉन्स का अध्ययन किया।

इंस्टीट्यूट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी - क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी, इम्यूनोलॉजी एंड हाइजीन के डॉ. किलियन शॉबर ने कहा, हमें अखबार के लेखों के माध्यम से उनके मामले के बारे में पता चला। हमने फिर उनसे संपर्क किया और उन्हें एर्लांगेन में विभिन्न परीक्षणों से गुजरने के लिए कहा। वह ऐसा करने में बहुत रुचि रखते थे।

प्रेस रिलीज में यह भी कहा गया है कि जर्मनी के यह व्यक्ति को 29 महीनों के निजी वजहों से 217 टीकाकरण लगाए गए।

शॉबर ने आगे बताया, हाल के सालों में शख्स के कई ब्लड टेस्ट करवाए गए हैं। उन्होंने हमें इन विश्लेषणों के परिणामों का आकलन करने की अनुमति दी। कुछ मामलों में, नमूने फ्रीज कर दिए गए थे और हम स्वयं इसकी जांच करने में सक्षम थे। इसके अलावा, जब शख्स का एक और वैक्सीनेशन किया गया, तब हम लोगों ने खुद से भी उसका ब्लड सैंपल लिया। हम इन सैंपल्स का इस्तेमाल करके यह पता लगाना चाहते थे कि इतने वैक्सीनेशन के बाद कैसे इम्यून सिस्टम काम करता है।

टेस्टिंग के बाद पता चला है कि टी-इफेक्टर कोशिकाएं अधिक संख्या में थीं जो शरीर को कोविड-19 संक्रमण से बचा सकती हैं। जब तीन टीकाकरण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के इम्यून




सिस्टम की तुलना की गई, तो 62 साल के बुजुर्ग में अधिक टी-प्रभावक कोशिकाएं मिलीं। इसके अलावा, शोधकर्ताओं ने पाया कि ये प्रभावकारी कोशिकाएं थकी हुई नहीं थीं और उन कोशिकाओं की तरह ही प्रभावी थीं जिन्हें सामान्य संख्या में टीकाकरण प्राप्त हुआ था। लैंसेट इंफेक्शियस डिजीज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन की लेखक कैटरीना कोचर बताती हैं कि हमारे परीक्षण मामले में मेमोरी कोशिकाओं की संख्या उतनी ही अधिक थी जितनी नियंत्रण समूह में। कुल मिलाकर, हमें कमजोर प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया के लिए कोई संकेत नहीं मिला; बल्कि, यह इसके विपरीत था।

## बाइडेन को चुनौती देने वाले डीन फिलिप्स अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** मिनेसोटा के कांग्रेसी डीन फिलिप्स ने घोषणा की है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के विकल्प के रूप में खुद को स्थापित करने के प्रयास में कोई प्रगति नहीं होने पर वह डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद के प्राथमिक चुनाव से हट रहे हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, फिलिप्स का निर्णय सुपर ट्यूजडे के बाद आया, जब बााइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक दर्जन से अधिक राज्यों में अपनी-अपनी पार्टी के राष्ट्रपति पद के प्राइमरी में जीत हासिल की। 55 वर्षीय फिलिप्स ने अक्टूबर 2023 में बाइडेन को चुनौती देने के लिए अपने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा था उन्हें अपनी पार्टी के नेता के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि उनका मानना ??था कि नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव में बाइडेन ट्रम्प से हार जाएंगे। अपने संक्षिप्त बयान में, तीन-कार्यकाल के कांग्रेसी ने बाइडेन का समर्थन किया। उन्होंने कहा, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि व्हाइट हाउस में बाइडेन जैसे शालीन व ईमानदार व्यक्ति को बनाए रखने में मदद करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करें।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129